

॥ श्रीहित वंदे ॥

॥ श्रीहित राधावल्लभो जयति ॥

महाप्रभु श्रीहित हरिवंशचंद्र जु द्वारा रचित

# श्रीमद् राधासुधानिधि स्तोत्रं



## हिंदी पद्यानुवाद

श्रीबिहारीदास 'वृन्दावनी' जु कृत



बृज रसिक संत हित श्री आसुदाराम जी



आचार्य श्री हित राधेश लाल
गोस्वामी जी महाराज



**स्वर एवं संगीत**

ब्रज रसिक

जेएसआर मधुकर जी



**भावार्थ**

श्री ललिताचरण गोस्वामी जी महाराज

(घाट वाले)



गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज

# श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्रं




ll श्री हित वंदे ll

ll श्रीहित राधावल्लभो जयति ll

ll श्रीहित हरिवंशचंद्रो जयति ll

ll श्री सेवक जु महाराज की जय ll

ll श्री ध्रुवदास जु महाराज की जय ll

ll श्री वृन्दावन धाम की जय ll

ll श्री यमुना रसरानी की जय ll

ll जय जय श्री राधे ll



# श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्रं







राधावेष्टः संप्रदायैक कर्ताचार्यो राधा मंत्रदः सद्गुरुश्च।
मंत्रो राधा यस्य सर्वात्मनैवं वंदे राधा-पाद-पद्य-प्रधानम् ॥

**“श्रीराधा” ही जिनकी इष्ट हैं, “श्रीराधा” ही जिनके सम्प्रदाय की एकमात्र प्रवर्तक आचार्य हैं, जिनकी मंत्रदाता सद्गुरु “श्रीराधा” ही हैं, जिनका मंत्र भी “श्रीराधा” ही है, श्रीराधा चरण-कमल-प्रधान उन श्रीहित हरिवंशचन्द्र महाप्रभु जी की मैं वन्दना करता हूँ ।**

**श्री हरिलालव्यास जी, रसकुल्या टीका, मंगलाचरण**

*Salutation to Shri Hita Harivansh Mahaprabhu, whose worshipful deity is Shri Radha, whose sect is led by none other than Shri Radha as its Acharya, the spiritual master who bestows the mantra is Sri Radha, the mantra itself is "ShriRadha", and whose devotion is centered around the lotus feet of Sri Radha..*



लेखक की प्राचीनतम प्रति से वि. सं. १७१२ में लिपि की गई राधासुधानिधि की प्रारंभिक व अंतिम पुष्पिका

(गो. श्रीहित चिमनलाल जी महाराज, अहमदाबाद के सौजन्य से)

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्रं

# समर्पण



जिन महिमामयी की सद्प्रेरणा और स्नेह सम्बल के वशीभूत हुआ रस की अगाध बीचियों में डूबता उतरता लिखिया की भाँति इस रस ग्रन्थ का पद्यानुवाद लिखने में निमित्त बना हूँ उन्हीं पूजनीया बहन श्रीऊषाजी के सतत प्रेरणा प्रदायी अदृश्य कर कमलों में सादर सप्रेम समर्पित...



**बिहारीदास 'वृंदावनी'**
**व्रज/वृन्दावन**

# || सुधानिधि विषयक भावाभिव्यक्ति ||

जगत् की उत्पत्ति आदि का निमित्त कारण वेदांत वेद्य सच्चिदानन्दस्वरूप परब्रह्म है, जिसे श्रुति "रसो वै सः" कहती है। निराकार ब्रह्म 'साकार' निराकार माधुर्यादि गुण-गण विशिष्ट होता है। "रसो वै सः" का अर्थ साकार भगवान में ही चरितार्थ होता है, निर्विशेष अद्वय ब्रह्म में नहीं। सर्वव्यापक निराकार ब्रह्म का स्वरूप भी सगुण-साकार के बिना असमोर्ध्व ऐश्वर्य-माधुर्य आदि की अभिव्यक्ति कथमपि नहीं कर सकता। रस-निष्पत्ति हेतु एक ही ब्रह्मज्योति 'श्रीराधामाधव' के रूप में द्विधा अवतरित हुई - श्रीराधा के आलंबन-विभाव 'श्रीकृष्ण' हैं और श्रीकृष्ण के आलंबन-विभाव अशेष माधुर्य की अधिष्ठात्री भगवती 'श्रीकिशोरीजी' हैं। "रसो वै सः" इस वाक्य से भगवती श्रुति ब्रह्म के जिस रसमय स्वरूप का लक्ष्य कराती है, उसका ही रसज्ञ महानुभाव, महात्मा-गणों ने श्रीवृन्दावन-विलास के रूप में सविस्तार गान किया है। उसी गान की एक तान 'श्रीराधा सुधा-निधि'है।

श्री राधासुधानिधि, सहचरी (दासी) भाव के स्वरूप में श्रीराधारानी की सेवा के लिए समर्पित श्रीश्यामाश्याम की नित्य बिहार लीलाओं का 270 श्लोकों (पदों) से युक्त, रस महाकाव्य है। इसकी रचना अनंत श्रीविभूषित, वंशी अवतार,रसिकाचार्य शिरोमणि, परात्पर प्रेम स्वरूप - श्री हित सजनी जू के रूप में श्रीहित हरिवंशचंद्र महाप्रभु ने की है। जब वे छः मास के ही थे तब ही उनके मुखारविन्द से राधारससुधानिधि स्तव की मधुर रसमयी धारा प्रवाहित होने लगी, जिसे स्वामी श्री नृसिंहाश्रम जी (श्री व्यास मिश्र जी के बड़े भाई), ने लिपीबद्ध किया।

सर्वांग सहज सुंदरी, सहज सोभा धाम, सहज शोभा मूर्ति, सहजानंद कादंबिनी, सहज कृपा मूर्ति, नित्य नवल किशोरी, वृषभानु नंदिनी 'श्रीराधा' के असमोर्द्धव रूप लावण्य, केलि, रस-विलास, वैदग्ध्य अनुराग, वात्सल्य कृपा, सहज प्रेमोत्सव, नित्य विहार आदि दिव्य एवं अवर्णनीय गुण धर्मों का जैसा और जितना सांगोपांग, गान-वर्णन उज्ज्वल रस के माध्यम से "श्रीराधासुधा निधि" स्तोत्र काव्य में उपलब्ध है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ हैं। वृन्दावनीय रसोपासना क्षेत्र में श्रीराधा-सुधानिधि का स्थान ब्रजभाषा एवं संस्कृत साहित्य के मूर्धन्य पर है।
श्री राधासुधानिधि वस्तुतः अनन्य रसिक महानुभावों के लिए तो सम्प्रदाय भेद से हटकर उनके हृदय की अनुपम गुप्त निधि है

क्रमशः...

वेदादि शास्त्र दुरूह हैं, 'अष्टाङ्ग योग की साधना' जनसामान्य की क्षमता का विषय नहीं है;अर्थात् अव्यक्त तत्त्व कष्ट-साध्य है। रसिक वैष्णवाचार्यों की सरस उपासना चित्तवृत्ति के निरोध में सक्षम होने के साथ ही अति सुलभ भी है, इस दृष्टि से "श्रीराधासुधा निधि" की उपादेयता स्वतः सिद्ध होती है। श्रीराधासुधानिधि अपनी अनुपम सरसता के कारण अनाभिमुख मानव को भी भगवदाभिमुख करने में सर्वथा सक्षम है। इसीलिए श्रीवृन्दावन-रस के प्रिया-पक्षपाती उपासकों के लिए, यह अनुपम कृति रस-पदवी का प्रकाश स्तम्भ है। श्रीराधाचरणद्वयी के विचित्र आलोक की चन्द्रिका इसमें सर्वत्र विखरी पड़ी है । वृन्दावन, सहचरी, रसिक और रसमय लाड़ -चाव की चर्चा "श्रीराधासुधानिधि" रसकाव्य में प्रवाहित हो रही है।

विद्वन्मुकुटमणि श्री हरिलालव्यास जी ने रसकुल्या टीका में काव्य की दृष्टि से इस ग्रन्थ को अतुलकान्ति मुक्तक-मोतियों की मञ्जूषा कहा है, सहृदय रसिकों के लिए यह रसकलसों का संग्रह है, भगवद्भक्तों के लिए हित-हिमवत्-सानु-समुद्भूत भक्ति रसामृत वाहिनी भगवती भागीरथी है।

"श्रीराधासुधानिधि" रसकाव्य ग्रन्थ पर संस्कृत एवं ब्रजभाषा में अनेक विशद टीकायें उपलब्ध हैं। जिनमें से कुछ प्राचीन टीकाओं का उल्लेख आगे सलंग्न है |

अधुना रसिकसन्त श्रीबिहारीदासजी (वृंदावनी) ने इस रस ग्रन्थ पर खड़ी बोली (हिन्दी) में पद्यानुवाद किया है। उनका यह प्रयास रसोपासना की दिशा में एक आदरणीय योगदान है। 'रसध्वनि' ही काव्य का जीवन दायक आत्मतत्त्व है, इसकी कमी में उत्तम काव्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती; इस दृष्टि से सुधानिधि अति महत्वपूर्ण स्थान पर है। भक्त कवि ने इस पद्यात्मक अनुवाद में श्लोक के प्रत्येक शब्द को अनुवादित करने का प्रयास न करके ग्रन्थकार के आत्मभाव को प्रकटित किया है। यह एक गंभीर एवं रसदायक शैली है। रसग्राही पाठक को गुदगुदा देने वाला यह काव्य कौतुक अपने आप में विलक्षण है। पद्यों में गुम्फित शब्दावलि सन्तुलित एवं गम्भीर है इसलिये भी अनुवाद की गरिमा सराहनीय है। इस पद्यात्मक अनुवाद के साथ सहज सरल हिन्दी गद्य अनुवाद (भावार्थ) जो की रसिकवर श्रीहित ललिताचरण गोस्वामी जी (घाट वाले) महाराज द्वारा किया गया है वह भी मणि-काञ्जन योग का काम कर रहा है। दोनों ही रसिकवर भाषा एवं भाव के धनी हैं। इस अनुपम कृति से अवश्य प्रेमी हृदयों को परम सुख का अनुभव होगा; एवं श्रीराधा-पादारविन्द की भक्ति-दिशा में एक सरस अवलम्ब प्राप्त होगा, ऐसा हमारा पूर्ण विश्वास है।

क्रमशः...

मेरे जीवन का यह सर्वोपरि क्षण है जो मुझे महाप्रभु श्रीहित हरिवंशचंद्र जी द्वारा रचित सर्वोपरि रस "श्रीराधासुधानिधि" का हिंदी पद्यानुवाद करने वाले रसिकसन्त "श्रीबिहारीदासजी (वृंदावनी)", के दर्शन का सौभाग्य बाल्यकाल में ही प्राप्त हुआ, उस समय वे मेरे पूज्य पिताश्री रसिक संत श्री हित आसूदाराम जी के पास आते रहते थे, दोनों ही रसिक संत रस वार्ता में डूबे रहते और मैं मूक दर्शक बन कर रस का आस्वादन करता रहता। उसी दौरान रसिकसन्त श्रीबिहारीदास जी (वृंदावनी) ने "श्रीराधासुधानिधि" रसकाव्य ग्रन्थ की स्वरचित हिन्दी पद्यानुवाद टीका, मेरे पिताश्री संत श्रीहित आसूदाराम जी को प्रदान की।

संगीत ही मेरे पिताश्री का जीवन रहा है, वे सदा ही श्रीप्रिया प्रियतम की रसमयी लीलाओं का सानुराग गायन किया करते थे । उस समय तो मेरे बालकमन में किंचित मात्र भी ये आभास नहीं था की कभी निकट भविष्य में इस अनुपम गुप्त निधि के गायन करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त होगा। पर आज इतने समय बाद श्री प्रियाप्रियतम एवं मेरे पिताश्री की असीम अनुकम्पा से मुझे इस रसमयी वाणी के गायन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्हीं के आशीर्वाद स्वरुप मेने इस पद्यानुवाद रचना को स्वर एवं संगीतबद्ध कर गायन किया। ये कृति अवश्य ही रसग्राही हृदयों को आह्लाद प्रदान करेगी, ऐसी मेरी अभिलाषा है। मैं आभारी हूँ पूज्य श्रीबिहारीदास (वृंदावनी)जी का , जिन्होंने पूज्या भक्तिमती श्री उषा बहन जी की सद्प्रेरणावश इस अनुपम , महामहीम राधारससुधानिधि की हिंदी पद्यानुवाद रचना की, और मुझे गायन का ये अभूतपूर्व सौभाग्य प्रदान किया । रसभाव से मधुरतम अथाह सुधा का सागर निश्चित है, जो रसिक मुमुक्षुओं का महान उपकारक है इससे अवश्य ही उन सभी रस पिपासु हृदयों को भी सुगमता होगी जिनके लिए संस्कृत भाषा सुगम नहीं है ।

साथ ही मैं यह अभिलाषा करता हूं कि सनातन संस्कृति में विद्यमान सर्वोपरि ग्रंथो की सूची में , यह महामहीम, अनुपम और अत्यंत रसपूर्ण रसकाव्य ग्रन्थ "श्रीराधासुधानिधि स्तोत्रं " सर्वोच्चशिखर पर विराजित रहे। मैं भारत सरकार से अपेक्षा करता हूँ के वे इसे रसकाव्य का सर्वोपरि राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करें। समस्त रसिक संतों के श्री चरणों में वंदन करता हुआ मैं इस संगीतमय रसकाव्य ग्रन्थ को आप सबको प्रेषित करता हूँ और उम्मीद करता हूँ की ये हर एक रस पिपासु हृदय तक पहुँचकर उन्हें रसानुभूति प्रदान करे।

**निवेदक**

**ब्रज रसिक जे एस आर मधुकर**

*Available@JSRMADHUKARBrajRasik*


श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र
श्रीहित हरिवंशचन्द्र महाप्रभु जी विरचित "श्रीमद राधारससुधा निधि स्तोत्र" की
अनन्य रसिक महानुभावों द्वारा रचित हिंदी टीका
संत शिरोमणि श्री किशोरी शरण जी महाराज (सूरदास बाबा)
धर्मसम्राट स्वामी श्री हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज (श्री करपात्री)
श्री नरोत्तम दास ठाकुर जी महाराज
श्रीहित स्वामिनी शरण जी महाराज
श्रीहित वृन्दावन दास जी महाराज (चाचा जी)
श्रीहित चन्द्रलाल गोस्वामी जी महाराज
श्री हित भोलानाथ जी (भोरी सखी)
श्री हितदास जी महाराज
श्रीहित कृष्णचन्द्र गोस्वामी महाप्रभु
श्रीहित किशोरी शरण "अलि" जी महाराज
श्रीहित किशोरी लाल जी महाराज
श्रीहित ललिता चरण गोस्वामी जी महाराज
श्रीहित बिहारीदास जी महाराज (वृंदावनी)
संत श्री रमेश बाबा जी महाराज बरसाना
श्री भक्ति विजय जी

# प्राचीन टीकायें

➢जयदेव कवि कृत राधासुधानिधि-टीका
➢सन्तदासजी कृत राधासुधानिधि-टीका
➢तुलसीदासजी कृत राधासुधनिधि-टीका
➢लोकनाथजी कृत राधासुधानिधि-टीका ब्रजभाषा गद्य (हस्तलिखित)
➢भोलानाथजी 'भोरीसखी' कृत 'राधासुधानिधि-टीका
➢वृंदावनदासजी (चाचाजी से अलग) कृत राधासुधानिधि-टीका
➢गो. कृपालालजी एवं नरोत्तमदासजी कृत राधासुधानिधि-टीका
➢हितदासजी कृत राधासुधानिधि-टीका (संस्कृत गद्य में)
➢हितदासजी कृत राधासुधानिधि-टीका (पद्यानुवाद)
➢हरिलालव्यासजी कृत राधासुधानिधि-टीका (बृहद वर्णन)
➢हरिलालव्यासजी कृत राधासुधानिधि टीका (मध्य व्याख्या)
➢हरिलालव्यासजी कृत राधासुधानिधि टीका (लघु व्याख्या)
➢गो. चन्द्रलालजी कृत राधासुधानिधि-टीका
➢रतनदासजी कृत राधासुधानिधि-टीका
➢यमुनादासजी कृत राधासुधानिधि-टीका
➢सदाशिवलालजी उपनाम सुन्दरदासजी कृत राधासुधानिधि-टीका
➢गो. रंगीलालजी कृत राधासुधानिधि-टीका
➢गो. मनोहरवल्लभजी कृत राधासुधानिधि-टीका
➢ब्रजगोपालदासजी कृत राधासुधानिधि-टीका
➢हरीदासजी कृत राधासुधानिधि-टीका
➢श्री हित किशोरी लाल जी कृत राधासुधानिधि-टीका(ब्रज भाषा)

- गो. लड़ैतीलालजी कृत राधासुधानिधि-टीका
- गो. जुगलबल्लभजी कृत राधासुधानिधि-टीका
- स्वामिनीशरणजी कृत राधासुधानिधि-टीका
- बैजनाथजी कृत राधासुधानिधि-टीका
- भोलानाथजी सक्सैना कृत राधासुधानिधि-टीका (पद्यानुवाद)
- भोलानाथजी सक्सैना कृत राधासुधानिधि-टीका (गद्यानुवाद)
- ओंकारदत्तजी शास्त्री कृत राधासुधानिधि-टीका
- सुश्री हितलताजी शर्मा कृत राधासुधानिधि-टीका
- गोस्वामी श्रीहित ललिताचरण जी महाराज कृत राधासुधानिधि-टीका
- बाबा बिहारीदासजी उपनाम 'वृंदावनी' कृत राधासुधानिधि-टीका
- धर्मचन्द्रजी छाप-'निज हित' कृत राधासुधानिधि-टीका
- श्री किशोरी शरण "अलि" कृत श्रीमदराधा सुधा निधि ( *हार्द प्रकाश नामनी टीका सहित*)
- महाप्रभु श्रीहित कृष्णचन्द्र प्रणीत श्रीराधा-उपसुधा-निधि (हिन्दी भावानुवाद सहित)
- पूज्यपाद स्वामी श्री हरिहरानन्द सरस्वती (श्री करपात्रीजी) महाराज प्रणीत श्रीराधा-सुधा *(श्रीराधासुधानिधि-प्रवचन-माला)*
- संत श्री रमेश बाबा जी महाराज कृत राधासुधानिधि-टीका
- श्री भक्ति विजय जी कृत राधासुधानिधि-टीका

# स्नेहिहिल स्मृतिति में



परम संत श्री पूज्य ब्रजमोहनदास जी महाराज
निकुंजगमन 6.4.1980
तिथि बैशाख कृष्ण छठ दिन रविवार



परम संत श्री पूज्य लाली बीबी जी
निकुंजगमन 14.10.2008
शरद पूर्णिमा दिन मंगलवार



संत श्री पूज्य लाड़लीदास जी महाराज
निकुंजगमन 18 .12 . 1992
पौष कृष्ण पक्ष नवमी दिन शुक्रवार



**Mrs. Sheela Dixit**
**W/o. Wg. Cdr. K.D. Dixit**



**Dr. Madhu Bala Dixit**
**Sister of Wg. Cdr. K. D. Dixit**



कबहुँ जिनके खेलत परस्यो,
उर अंचल को अतिधन्य पवन
मानों कृतार्थ तन पुलकित है,
जोगीस अगम गति मधुसूदन
चढ़ि ऊँची अटा अवलोकति है,
अपलक नैनं प्रिय नंद नंदन
वृषभानु लली राधा जु की,
वा दिव्य दिशा को नित्य नमन
।।1।।

## भावार्थ

योगीन्द्रों (शिव-नारद-शुक-सनकादिक) की पहुँच से सर्वथा दूर रहने वाले मधुसूदन (श्रीराधा-मुख-कमल के मधुमय मकरन्द के अनन्य मधुकर श्रीलालजी) भी, किसी समय जिनके वस्त्र के छोर के फरहराने से निकली, धन्य से भी अति धन्य वायु के स्पर्श से, स्वयं को कृतकृत्य अनुभव करते हैं, उन धर्म की प्रकाशक (गुरुवर्य श्रीराधा) की निवास स्थली (वृन्दावन) की दिशा को मेरा/मेरी नमस्कार हो।



विधि हरि दुर्लभ
पादारबिंद,
मकरंद विभव
अद्भुत अपार
सर्वाथ सार
वर्षी सुद्रष्टी,
राधा महिमा को
नमस्कार
॥2॥

## भावार्थ

जो ब्रह्मा, शिव आदि के लिए अत्यन्त दुर्लभ हैं, जिनके चरण-कमलों का शोभा सम्पन्न पराग परम अद्भुत वैभव से संयुक्त है, जो पुरुषार्थ चतुष्टय (धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष) के सारभूत रस की वर्षा करती रहती हैं, जिनकी दृष्टि कृपा-रस से भींजी रहती है, उन धर्म की प्रकाशक (गुरुवर्य श्रीराधा) की निवास स्थली (वृन्दावन) की महिमा को मेरा/मेरी नमस्कार हो।



जो महाभागवत ब्रह्मा शिव,
शुक नारद भीष्म आदि हरिजन
उनको भी सुलभ नहीं सहसा,
वे परम पुरुष दुर्लभ दर्शन
है प्रतिक्षण उनका वशीकरण,
जो चूर्ण अमोघ सहज साधन
मैं करता हूँ श्री राधा की,
उस चरण रेणु का सदा स्मरण
॥3॥

## भावार्थ

जो ब्रह्मा, शिव, शुक, नारद, भीष्म आदि मुख्य धर्मज्ञों को एकाएक दिखाई नहीं पड़ता, उस परम पुरुष (श्रीलालजी) को अति शीघ्र वश में करने वाले, अनन्त शक्ति सम्पन्न चूर्ण रूपी उस श्रीराधिका-चरण-रेणु का, मैं बार-बार स्मरण करता/करती हूँ।



जिनको उदार बृज बालाएं,
सिन्दूर सदृश कर सिर धारण
पा गयी सहज ही वांछित पद,
प्रिय गुण मंडन शिखण्ड भूषण
नव रस प्रद कामधेनु उनके,
जो निरत निरंतर भाव भजन
मेरी स्मृति पथ के दीपक हो,
वे राधा चरणाम्बुज रज कण
॥4॥

## भावार्थ

उदार गोपियों (श्रीराधार्किकरीगणों) ने जिसे मस्तक पर धारण करके अपने वाञ्छित पद (श्रीराधा-पद-दासी) को प्राप्त किया है, मयूरपिच्छधारी (श्रीलालजी) ने भी अपने प्रिय गुणों (श्रीराधा-चरण-विलोड़ित होना, आत्मोत्सर्ग करना, सर्वस्व हारकर भी अपने को विजयी मानना आदि-आदि) के द्वारा अपने वाञ्छित पट (श्रीराधा-प्रिय प्रेमी) को प्राप्त किया है, जो भाव-चाव से भजने वालों के लिए रम की देने वाली कामधेनु स्वरूपा है, मैं उसी राधा-चरण-रेणु का स्मरण करता/करती हूँ।



कंदर्प कोटि शत शर आहत,
जब होते श्री ब्रिजपति कुमार
तब द्रवित हृदय अर्पित करतीं,
निज अंग संग आहलाद सार
नव नव रस लोल लहरियों से,
करतीं अभिसिंचित बार बार
जय नवनिकुंज अधिदैवी की,
जो ब्रज जीवन जीवनाधार
॥5॥

## भावार्थ

जो अलौकिक आनन्द और रस के सार स्वरूप अपने अंग-संग (अंग सांस्पर्श) की अमृत लहरियों का सिंचन करती रहती हैं, जो काम के करोड़ों बाणों से मूर्छित नन्दनन्दन (श्रीलालजी) की संजीवनी (जीवनदायिनी) हैं, उन किसी अनिर्वचनीय निकुञ्ज देवी (श्रीप्रियाजी) की जय हो।



लीला लावण्य चमत्कारी,
नव नव आभा मंडित प्रतिक्षण
मधु मधुर भंगिमाएं अपूर्व,
मनमोहन के मन का मोहन
कल केलि कलाओं का निधान,
रस सिंधु सार सौंदर्य सदन
मम हृदय गगन में कब होगा,
वह उदित राधिका चन्द्रवदन
।।6।।

## भावार्थ

जो क्षण-क्षण में मोहित करने वाली अत्यन्त मधुर अंग-चेष्टाओं के सुन्दर लीला-सौन्दर्य से चमत्कृत है, जो निश्चित रूप से माधुर्य से पूर्ण अंगों वाली कलाओं की निधि (उत्पत्ति और निलय का स्थान) है एवं जो रस के समुद्र का सार है, वह श्रीराधा का मुख हमारे सामने कब प्रकट होगा ?



जिनकी किङ्किरियों की प्रतिदिन,
पर पुरुषोत्तम शिखण्ड मंडन
बहु विधि मनुहार किया करते,
कहते प्रेमातुर नम्र वचन
उन रसनिधि भानुनन्दिनी का,
अति अनुपम केलि निकुंज भवन
क्या कभी मार्जनी होकर मैं,
प्रति प्रातः बुहारूंगी आँगन
॥7॥

## भावार्थ

जिनकी दासियों (श्रीराधार्किंकरीगणों) के प्रति मोर-मुकटधारी परम पुरुष (श्रीलालजी) की निश्चय ही प्रतिदिन अनेकों बार चाटुकारिता पूर्ण वचन-रचना होती रहती है, उन रस की निधि वृषभानुनन्दिनी (श्रीप्रियाजी) की क्रीड़ा के कुञ्ज भवन के आँगन की सोहनी-सेवा करने वाली (बुहारी देने वाली) मैं कब होऊँगी ?



अब त्याग दूर से महत सकल,
रे चपल चित्त हो सावधान
कर वृन्दावन पथ पर प्रयाण,
गाता चल उसके प्रणय गान
सज्जन निस्तारक भाव सुधा,
अति दिव्य जँहा है प्रवहमान
हों तेरी नित्य समाश्रय वे,
श्रीराधा नवरस की निधान
11811

## भावार्थ

हे मेरे चित्त ! सभी प्रकार की महत्ताओं को दूर से छोड़कर प्रीतिपूर्वक वृन्दावन का अनुसरण कर, क्योंकि इसमें ही श्रीराधा नामक वह दिव्य निधि है, जो सच्चे अर्थों में तारने को तत्पर सुन्दर भाव रूपी अमृत-रस के प्रवाह से पूर्ण है।



पद प्रणति निरत हो

नागर बल,

परिरम्भन रस के

याचक बन

भ्रू भृंग सहित अति रंग निधे,

मैं कभी सुनुँगी नेति वचन

॥9॥

## भावार्थ

हे अति रंग निधि श्रीराधिके ! किसी अनिर्वचनीय चतुर शिरोमणि (श्रीलालजी) द्वारा आपके चरणों में गिरकर, केवल एक बार आलिंगन प्रदान करने के रसमय उत्सव की सम्यक् प्रकार से प्रार्थना किये जाने पर, आप उन्हें (प्रत्युत्तर स्वरूप) भौंहों की कुटिल भंगिमाओं के साथ 'नहीं-नहीं' कह रहीं हों- मैं आपकी ऐसी वाणी कब सुनूँगी ?



जिनकी पद नख मणि
छटा लेस,
बृज वधु वृन्द
वश श्रीवलेष
पूर्णानुराग रस सिंधु सार,
हों सदै राधिका एक बार
ll10ll

## भावार्थ

जिनके चरण-कमल की नख-चन्द्रमणि की कान्ति का कुछ अनिर्वचनीय चमत्कारी प्रभाव गोप वधुओं में देखा गया है, वह पूर्ण अनुराग-रस-सागर-सार-मूर्त्ति श्रीराधिका कभी मुझ पर कृपा करें।



उन्मद रस निधि जो अंग अंग,
उठती नव नव छवि की तरंग
अधिदैवी नवल निकुंज भवन,
नव प्रणय लोल जिनके लोचन
करते निज जन पर सुधा वृष्टि,
कब होगी मुझ पर दया दृष्टि
ll11ll

## भावार्थ

जो उत्कृष्ट रूप से उच्छलित रस-सागर की तरंगों के समान अंगों वाली हैं, जिनके नेत्र प्रणय-रस से चंचल हो रहे हैं, वृन्दावन के नव निकुञ्ज भवन की उन अधिष्ठात्री देवी (श्रीप्रियाजी) की पुण्य दृष्टि क्या कभी मुझ पर होगी ?



प्रेमामृत रस
मकरन्द पूर्ण,
शीतलकारी जन
मन मिलिंद
मधुमती उर उग्र तापहारी,
आश्रय राधा पादारबिन्द
ll12ll

## भावार्थ

हे वृन्दावनेश्वरी (श्रीराधे) ! आपके चरण-कमल एकान्त प्रेम के अमृतमय मकरन्द के रस-प्रवाह से परिपूर्ण हैं, जिन्हें हृदय में अर्पण करने से मधुपति (श्रीलालजी) का तीव्र काम-ताप शान्त हो जाता है, मैं उन्हीं अत्यन्त शीतल चरण-कमल का आश्रय ग्रहण करता/करती हूँ।



राधा कर स्पर्श पुलकित,
पल्लव वल्ली नव कुसुम कली
राधा के पद अंक लसित,
यह हृदय हारिणी मधुर थली
राधा रस यश गान मुखर,
मधुमत वाली सी खग अवली
श्रीराधा विहार वन में मन,
रमा रहे वन लुब्ध अली
ll13ll

## भावार्थ

श्रीराधा के कर-कमलों से लालित-पालित बेलियों, मंजरियों एवं पत्तों से युक्त, श्रीराधा के चरण-चिन्हों से सुशोभित अत्यन्त प्रिय स्थलियों से मण्डित एवं श्रीराधा के यशोगान में मत्त चहचहाते पक्षी समूह से राजित श्रीराधा के विहार वन में मेरा मन रमण करे।



चल री सखी चलें कर आयें,
कृष्णामृत रस अवगाहन
जब तक रात नहीं होती,
श्रीराधे करो धैर्य धारण
तुम लज्जित हो, रीझ खीझ,
सुन कर मेरे परिहास वचन
केलि कदम्ब मार कर दोगी,
कब रस दान मान भाजन
ll14ll

## भावार्थ

श्रीराधा जब मुझसे यह कहेंगी कि "हे सखि ! कृष्णामृत में अवगाहन (यमुना-जल में स्नान) करने चलो", तब मैं कृष्णामृत में अवगाहन का श्लेषार्थ' श्याम रूपी अमृत का उपभोग' समझकर प्रत्युत्तर में उनसे कहूँगी कि "जब तक रात्रि न हो जाय, तब तक धैर्य धारण करो"। मेरे इस परिहास से आपके हृदय में रसदायक केलि समूहों का आविर्भाव होगा और आप मुझसे मान करने का उपक्रम करोगी-ऐसा कब होगा ?



वे देख दूर से रसिक मौली का,
नव आभामय चन्द्रवदन
निज पादांगुली सन्निहित दृष्टि,
होगी मंथर गति नमित नयन
शत सुधा तिरस्कारी शिंजन,
वह पद नुपुर की झनन झनन
चरिताभिराम श्री श्यामा के,
क्या कभी सुलभ होंगे दर्शन
॥15॥

## भावार्थ

रसिक शेखर (श्रीलालजी) के मुख रूपी चन्द्र की छटा को दूर से देखकर, श्रीराधिकाजी ने अपनी दृष्टि को चरणों की अँगुलियों में निहित कर रखा है, फिर गति विशेष से चल पड़ी हैं, उस समय उनके नूपुर झंकृत हो उठे हैं। अपने चारु चरित्रों से अति रम्य उन श्रीराधा को मैं कब देखूँगा/देखूँगी ?



नागर रसिक संग कर
स्वामिनी,
नव निकुंज रस केलि
जागरण
मंजन भोजन शयन
करोगी,
चरण कमल कब अंक
आभरण
॥16॥

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! तुमने कुञ्ज के एकान्त स्थान में रसिक नागर (श्रीलालजी) के साथ रात्रि भर आनन्दपूर्वक प्रेम-विहार करते हुए निश्चय ही जागरण किया है; किन्तु अब तुम मेरे द्वारा अच्छी तरह स्नान कराने, मधुर-पदार्थों का भोजन कराने और शैयासीन होकर अपने श्रीचरणों का मेरे द्वारा लालन-संवाहन कराते हुए फिर कब सोओगी ?



चातुरी सिंधु कृष्णानुराग रस,
की जो है साकार सिंधु
वात्सल्य सिंधु अति
सबल कृपा की,
एक मात्र आधार सिंधु
लावण्य सिंधु छवि रूपामृत,
माधुर्य सार की सार सिंधु
मेरे उर में हो स्फूर्त सदा,
श्रीराधा नित्य विहार सिंधु
ll17ll

## भावार्थ

(चतुरता का समुद्र (नव्यता का प्रतीक जल-सिंधु), अनुराग रस का अद्वितीय समुद्र (स्निग्धता का प्रतीक दधि-सिंधु),
वत्सलता का समुद्र (पाल्यता का प्रतीक क्षीर-सिंधु), अत्यंत घनीभूत  कृपा का एकमात्र समुद्र (पुष्टता का प्रतीक घृत-सिंधु),
लावण्य का समुद्र (मादकता का प्रतीक सुरा-सिंधु), अमृतमयी शोभा वाले रूप का समुद्र
(उद्दिपकता एवं सम्वर्धकता का प्रतीक इक्षु रस -सिंधु), एवं क्रीड़ाओं का समुद्र (तृषा का प्रतीक क्षार-सिंधु) –
ऐसे सात समुद्रों को धारण करने वाली श्रीराधिका मेरे ह्रदय में स्फुरित हों।



देख चपल चम्पक
लतिका सी,
वंशी धुन सुन
बिहवल अंगी
प्रिय के गुण गण गान
श्रवण कर,
श्यामा अंकमाल
कब देगी
ll18ll

## भावार्थ

अपने प्रियतम श्रीश्यामसुन्दर को देखते ही जिनके प्रत्येक अंग चम्पक लता की भाँति चमत्कृत हो उठते हैं और कभी वंशी की ध्वनि को सुनकर जिनके अंग-अंग विह्वल हो जाते हैं, वह वृषभानु-पुत्री (श्रीराधा), मेरे द्वारा गाये गये अपने प्रीतम के गुणों को सुनकर, मेरा प्रीतिपूर्वक आलिंगन कब करेंगी ?



कांची कलाप कल हंस मुखर,
रति रंग सलोल नितम्ब देश
नूपुर सिंजन मधुकर गुंजन,
पादारबिन्द मधुमय अशेष
हे कृपा सुधा सरिते राधे,
अति ताप तप्त उर मरू प्रदेश
आओ अब तो शीतल कर दो,
सिंचित उज्जवल रस छटालेख
॥19॥

## भावार्थ

सुरत के रंग में रँगी हुई हे श्रीराधिके ! नितम्ब भाग में सुशोभित किंकिणी समूह के कलहंसों के मधुर आलाप-गान द्वारा एवं भ्रमरों के गुञ्जार जैसे नूपुर की झनकार वाले चरण-कमलों के द्वारा, अपनी रस की छटाओं से मुझे शीतल करो।



अति दिव्य केलि कल्लोल ललित,
वदनारबिन्द शोभानिधान
रस सिंधु श्याम सम मिलन हेतु,
तुम वेगवती प्रणयाभीयान
आवर्त नाभि सर रुचिर मध्य,
वन मीन लीन हरि तृषित प्राण
हे सूरत रंगीनी श्रीराधे,
अति शीघ्र करो सानिध्य दान
ll20ll

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! आप सुर-तरंगिणी (देवनदी-श्रीगंगाजी) जैसी हो, जिसमें अलौकिक केलि रूपी नई-नई तरंगें माला की तरह आदि-अन्त विहीन होकर उठ रही हैं, आपका श्रीमुख कमल जैसा खिल रहा है, आपकी नाभि गंभीर भँवर जैसी प्रतीत हो रही है और आप अपने प्रियतम श्रीश्यामसुन्दर रूपी सुधा-सागर से मिलने के लिए तीव्र वेग से जा रही हो। आप मुझे अपना सानिध्य प्रदान कीजिये।



सत प्रेम सिंधु मकरंद सार,
धारा अजस्त्र वर्षी उदार
आश्रित जन आप्ला वनकारी,
ब्रिज वन वीथी के अलंकार
श्रीराधे तब पादारबिन्द,
गोविंद देव जीवनाधार
कब मेरे मस्तक ऊपर तुम,
हंस कर धर दोगी सहित प्यार
ll21ll

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! जो अपने आश्रितजनों पर सभी ओर से अमन्द प्रेम-समुद्र के मकरन्द रस की प्रबल धारा को निरन्तर बरसाते रहते हैं एवं जो गोविन्द (श्रीलालजी) के जीवन सर्वस्व हैं, आपके उन चरण-कमलों को, मैं अपने सिर पर कब धारण करूँगी ?



**ले दिव्य मृदुल मलयज सुगंध,**
**बहुरंग कुसुम आभरणमान**
**संकेत कुञ्ज की ओर चलोगी,**
**तुम कुंजर मदमत्त चाल**
**नव प्रणय केलि उल्लास भरी,**
**श्रीराधे वन के लता जाल**
**उलझे पट सुलझाऊँगी कब,**
**दिखला वल्ली मंडित तमाल**
**॥22॥**

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! जब आप काम-केलि के आवेग से, गज जैसी मन्द गति से, संकेत कुञ्ज की ओर प्रस्थान करेंगी, तब आपके पीछे-पीछे, आपको अभीष्ट मार्ग दिखाती हुई, दिव्य और कोमल चन्दन तथा सुगन्धित माला लिये हुए, मैं कब चलूँगी ?



कालिंदी तट सुरम्य निर्जन,

करवाऊंगी उबटन मंजन

तब अंग अनंग रंग जीवन,

दर्शन रसिया सुन्दर नवघन

बैठे कदम्ब की डाऱ सघन,

देखूंगी कब मैं मग्न नयन

॥23॥

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! श्रीयमुनाजी के एकान्त घाट पर जाकर, कामदेव को जीवित कर देने वाले आपके अमृतमय अंगों का उबटन करती हुई, तट पर स्थित कदम्ब के वृक्ष पर बैठे हुए आपके नव नागर शिरोमणि (श्रीलालजी) को, आपकी ओर बिना पलक झपकाये हुए नेत्रों से कब देखूँगी ?



सत प्रेम राशि सरसी विकसित,
अद्भुत अपूर्व मधुमय सरोज
स्वानंद सुधा रस सिंधु विवर्धन,
इंदु कहुँ या नव मनोज
वह कुंतल कुटिल मधुप अवली,
आवृत अनुपम छवि का निधान
श्रीमुख दर्शन कर श्रीराधे,
कब शीतल होंगे नयन प्राण
।।24।।

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! जो प्रेम-रस से परिपूर्ण सरोवर का खिलता हुआ कमल है एवं जो स्वयं के आनन्द रूपी अमृत-रस-समुद्र को बढ़ाने वाले पूर्ण चन्द्र के समान है, आपके उस शोभाशाली मुख को मैं निरन्तर कब देखूँगी ?



लावण्य सार रस सार सही,
सर्वोपरि सुख आधार यही
कारुण्य सार माधुर्य सार,
छवि रूप रसामृत सार यही
चातुर्य सार रस केलि सार,
नव नव विहार का सार यही
मन रमा रहे राधा निधि में,
है सब सारों का सार यही
॥25॥

## भावार्थ

जो लावण्य का सार, रस का सार, एकान्त सुख का सार, करुणा का सार, मधुर शोभाशाली रूप का सार, चतुरता का सार एवं रति की क्रीड़ा-विलासों का सार है, ऐसे समस्त सारों के सार श्रीराधा नामक स्वरूप में मेरा मन रमण करे।



चिंतामणि प्रिय प्रणत जनों की,
चूड़ामणि ब्रज नागरी गण की
कामपूर मणि पूर्ण काम की,
भूषण मणि नव कुंज भवन की
कुलमणि श्रीवृषभानु भूप की,
गोपन मणि अनन्य जन मन की
अन्य कौन जाने मम स्वामिनी,
मणिविहीन फणि सम जीवन की
॥26॥

## भावार्थ

जो चरणाश्रितजनों के लिये चिन्तन मात्र से फल देने वाली हैं, जो व्रज सुन्दरियों की शिरोभूषण स्वरूपा हैं, जो (वृषभानु के गृह में कृपा वपु से अवतरित होने के कारण) वृषभानु नामक गोप कुल की मणि हैं अथवा धर्म-प्रकाशक नामक आचार्य कुल की मणि हैं, वे (श्रीराधा) प्रियतम श्रीश्यामसुन्दर के उग्र काम-ताप को शान्त करने वाली मणि, निकुञ्ज भवन को भूषित करने वाली मणि और हमारे हृदय रूपी सम्पुट की श्रेष्ठतम मणि हैं।



मंजुल स्वभाव अति कल्प लता की,
नव निकुंज में विद्यमान
अद्भुत रसपुंज कृपा की नव निधि,
मुक्त हस्त कर रही दान
प्रेमामृत की अंबुधि अगाध,
बाधा विहीन करुणा निधान
मत भटक कहीं रे साधु चित्त,
स्वामिनी कहाँ राधा समान
॥27॥

## भावार्थ

जो सहज ही कोमल प्रकृति हैं, जो सब प्रकार के संकल्पों को पूर्ण करने वाली कल्पलता की निकुञ्ज में विराजमान हैं, जो अद्भुत कृपा-रस के समूह को निश्चय ही प्रकट करती हैं; हे मेरे मन ! तू इस प्रकार के श्रीराधा नामक अथाह और समस्त बाधाओं को दूर करने वाले प्रेमामृत-सागर का शीघ्र भली-भाँति आश्रय ग्रहण कर।



श्रीराधा प्रियतम से करतीं,
मधुर मृदुल स्वर संभाषण
अरुण अधर की प्रभा मंजरी,
अनुरंजित नव कुंञ्ज सदन
मुक्तावली सिन्दूरी रंगी अति,
शोभित अद्भुत कुंद दसन
करें भावना इस छवि की,
वे धन्य महासहृदय सज्जन
॥28॥

## भावार्थ

जो अपने रस-लम्पट प्रियतम श्रीश्यामसुन्दर के साथ मीठी-मीठी बातें कर रही हैं, जिनके लाल-लाल ओष्ठों से शोभा समूह का विस्तार हो रहा है, जिनकी कुन्द कलिका के समान दन्तावलि, पान के लाल रंग में रँगी होने के कारण, सिन्दूर से सनी हुई मोतियों की पंक्ति जैसी शोभायमान हो रही है; उन श्रीराधिकाजी की जो कोई भावना करता है, वह धन्य है।



पीतारुणं तणित
लता छवि तन,
प्रौढ़ानुराग
ज्यों मूर्तिमान
बृजरानी ब्रजपति
स्नेह पात्र,
हों मुझे सदा
राधिका ध्यान
॥29॥

## भावार्थ

जिनकी शोभा लालिमा युक्त पीले रंग अर्थात् स्वर्ण-कान्ति जैसी है, जिनकी अंग-कान्ति अनन्त बिजलियों के समान है, जिनका दर्शनीय वपु सब प्रकार से पूर्ण और गम्भीर अनुराग के मद से विह्वल है; मैं अपनी प्रेमपात्री श्रीराधा को ठीक उसी प्रकार अपने मन में धारण करती हूँ, जिस प्रकार व्रज महीपति (श्रीनन्दरायजी) और उनकी पटरानी (श्रीयशोदाजी) अपने प्रेमपात्र श्रीकृष्णजी को अपने हृदय में धारण किये रहते हैं।



रच मोर पंख के
मुकुट सुभग,
लाऊँ गूँजा के
गूँथ हार
वृन्दावन अधिदैवी दासी,
कब मुझे करोगी
कुंञ्ज द्वार
॥30॥

## भावार्थ

वृन्दावन के नव निकुञ्ज भवन की अधिष्ठात्री देवी हे श्रीराधिके ! नवीन मोर पंखों का सुन्दर मुकट एवं गुञ्जाओं से भली भाँति गूँथी हुई माला बनाकर, उन्हें आपको समर्पित करती हुई, मैं आपकी दासी कब बनूँगी ?



संकेत कुंञ्ज में कोमल नव,
पल्लव के रचूँ सुखद आसन
मधु मिलनोत्तसव के वे रहस्य,
सर्वथा रखूँ सबसे गोपन
श्रीकृष्णचंद्र अभिसार हेतु,
है प्रणय पूर्णिमा तुम्हें नमन
मम आशा लतिका को राधे,
सींचो कर करुणा अवलोकन
ll31ll

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! आशा है कि आप मुझे संकेत कुञ्ज में नये-नये पल्लवों की शैया बिछाने एवं आपको श्याम-चन्द्र (श्रीलालजी) के प्रति अभिसार कराने जैसे उन कृपा-प्रसादों को, निश्चित रूप से सब प्रकार से भली-भाँति छिपाने की आज्ञा प्रदान करेंगीं। इन आशाओं को पूरा करने के लिये आप मुझ पर अपनी कृपा पूर्ण दृष्टि डालिये।



तज स्वजन संग
सम्पद विलास,
सब साध्य
साधनों से निराश
राधा पद रज
सर्वस्व सार,
बरसे संतत सुख
सुधा धार
॥32॥

## भावार्थ

अपने सगे-सम्बन्धियों को, समस्त सुखों को और कोटि-कोटि सम्पत्तियों को दूर से ही छोड़कर तथा सब प्रकार के पारमार्थिक श्रेष्ठ साधनों को दीर्घ कालतक करने के बाद निराश होकर, मैं सहज ही अद्भुत सुख की धारा बरसाने वाली श्रीराधिकाजी के चरणों की रज का स्मरण करता/करती हूँ।



वृन्दावन प्रकट
कोटि मनमथ,
मोहन किशोर जु
चन्द्रवदन
सर्वस्व स्वर्ण
सम्पुट से ये,
वृषभानुसुता के
कुम्भ स्तन
॥33॥

## भावार्थ

हे मेरे मन ! श्रीवृन्दावन में नित्य विराजमान एवं करोड़ों कामदेव से भी सुन्दर विग्रह वाले किसी अनिर्वचनीय गोकुल किशोर चन्द्र (श्रीलालजी) के प्राणों को रखने की पिटारी के समान, वृषभानुनन्दिनी (श्रीप्रियाजी) के स्वर्ण-कलश जैसे दोनों स्तनों का स्मरण कर ।



वार्णानुराग सर के
सरोज,
ये मुकुलित मुखविधु
के प्रकाश
वृषभानुसुता के
नव कुच युग,
आनंद सुधा मकरंद राशि
॥34॥

## भावार्थ

सघन अनुराग रस के सार वाले सरोवर का कमल, श्रीप्रियाजी के मुख रूपी चन्द्रमा का प्रकाश पाकर, दो कलिकाओं के रूप में परिणत हो गया है; श्रीराधा के स्वयं के आनन्द रूपी अमृत के घनीभूत मकरन्द से पूर्ण, उन नवीन स्तन-युगल का मैं स्मरण करता/करती हूँ।



क्रीड़ासर मुकुलित
कनक कमल,
आनंद कल्पतरु
के ये फल
मोहन मनमोहन
मम् प्रणम्य,
राधे तब नवल
स्तन मंडन
॥35॥

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! आपके उस नवीन स्तन-मण्डल को मेरा नमस्कार है, जो केलि रूपी सरोवर के स्वर्ण-कमल की कली जैसा है, जो स्वयं के आनन्द से पूर्ण रसमय कल्पवृक्ष के फल के समान है, जो त्रिभुवन को मोहित करने वाले (श्रीलालजी) को भी मोहित करने में समर्थ है।

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र



बाँधूँ विचित्र कबरी सुकेश,
मंडित कर नव मल्लिका सुमन,
पत्रावली रचना कुच कपोल,
प्रति अंग करुँ भूषित भूषण,
यह आशा लेकर बैठी हूँ,
नव कुंज धाम श्रीवृन्दावन
कब स्वीकृति दोगी श्रीराधे,
कर सकृत कृपामय अवलोकन
॥36॥

## भावार्थ

हे श्री राधिके ! मेरी इन आशाओं- मैं आपके स्तनों एवं कपोलों पर पत्रावली की रचना करूँ, मालती के नवीन पुष्पों से आपकी वेणी को विचित्र रूप से गुँचूँ तथा आपके श्रीअंगों को विविध आभूषणों से विभूषित करूँ- को पूर्ण करने के लिये, अपनी कृपा पूर्ण दृष्टि डालने का विधान करें।



शत कोटि काम सु ललित नागर,
है श्याम मनोहर सुन्दर वर
यूँ आकुल लोचन बिह्वल स्वर,
प्रीतम के गुण गण गा गा कर
वृन्दावन विधु आराधन में,
जो करती हैं व्यतीत वासर
वे प्रेम परावधि श्रीराधा,
होंगी प्रसन्न कब मुझ जन पर
॥37॥

## भावार्थ

हे श्याम ! हे सुन्दरवर ! हे मनोहर ! हे करोड़ों कामदेव से भी सुन्दर ! हे नागर ! - इस प्रकार दिन में बार-बार उत्कंठा पूर्वक उच्चारण करती हुई, व्याकुल नैंनों वाली श्रीराधिका, क्या कभी मुझ पर प्रसन्न होंगीं ?



कर मुरली कहीं कहीं शिखण्ड,
बृजराज तनयगत पीत वसन
जिनके कटाक्ष शरहत चेतन,
कब होगा सुलभ सुरस सेवन
रस सागर सार विलास मूर्ति,
आनंदकंद आह्लाद सघन
विधि दुर्गम गति वृषभानुसुता पद,
जन्म जन्म मम वांछित धन
।।38।।

## भावार्थ

जिनके कँटीले नयनों रूपी वाणों के प्रहार से व्रजराजकुमार (श्रीलालजी) के हाथ से वंशी गिर गई है, मोर-मुकट खिसक गया है और पीताम्बर धूल धूसरित हो गया है, मैं उन श्रीराधिकाजी की प्रेम पूर्वक सेवा कब करूंगा/करूंगी ?"



पूर्णानुराग रसमयी मूर्ति,
जो तड़ित लता सुन्दर घन की
परपुरुषोत्तम की रति रहस्य,
आभा शोभा वृन्दावन की
वृषभानु भवन जो प्रकट कृपावश,
अभिलाषा मेरे मन की
सौभाग्य उदित होगा ऐसा,
क्या दासी होउंगी उनकी
॥39॥

## भावार्थ

जो असीम रस के विलासों की प्रत्यक्ष मूर्त्ति हैं, जो आनन्द के कन्द (श्रीलालजी) की परम अद्भुत, मृदुल एवं श्रेष्ठ सम्पत्ति हैं, जिनकी गति ब्रह्मादिकों के लिये भी दुर्गम है, मुझे उन वृषभानुनन्दिनी (श्रीप्रियाजी) का कैंकर्य ही प्रत्येक जन्म में प्राप्त हो।



उल्लसित प्रणय
मधुरिम विलास,
आनंद कंद रस
संवर्धन
गोविंद विलोचन
युग चकोर का,
युग युग सेवित
संजीवन
॥40॥

## भावार्थ

जो पूर्ण अनुराग-रस की मूत्ति हैं, जिनकी अंग-कान्ति बिजली के प्रकाश जैसी है, जो परात्पर ज्योति है, जो भगवान की रति पूर्ण रहस्यमय वस्तु है तथा जो कृपा करके श्रीवृषभानजी के गृह में प्रकट हैं, उनकी दासी बनना ही मेरी अभिलाषा हो।



सिंचित ब्रज वृंदावन
कण कण,
अद्भुत पीयूष रश्मिवर्षण
श्रीराधा वदन
चंद्र क्षण क्षण,
आता है फिर फिर
मुझे स्मरण
॥41॥

## भावार्थ

जो प्रेम के उल्लास से उत्पन्न रस विलासों को विकसित करने वाला मूल रूप है, जो गोविन्द (श्रीलालजी) के प्यासे नैंन रूपी चकोरों का पान किये जाने वाला पदार्थ रूप है और जो अद्भुत रस की अमृतमयी चाँदनी के प्रवाह से सभी को सिंचित करता रहता है, मैं श्रीराधिकाजी के उस मुख रूपी चन्द्र का स्मरण करता/करती हूँ।



संकेत निकुंज निलय मृदुतर,
पल्लव प्रसून से सज्जित कर
पथ देख रहा होगा कोई,
आकुल अधीर बृज सुन्दर वर
नव संगम लज्जा भीतियुता,
वृषभानुसुता के कोमल कर
धरसाग्रह ले जाऊँगी कब,
लम्पट किशोर की शैय्या पर
॥42॥

## भावार्थ

संकेतित कुञ्ज के भीतर, कोमल-कोमल पत्तों से रचित, लम्पट-शिरोमणि (श्रीलालजी) की शैया पर, नव संगम के भय और लज्जा से भरी हुई वृषभानु-पुत्री (श्रीप्रियाजी) को, अत्यन्त आग्रह के साथ, उनका हस्त कमल पकड़कर, क्या कभी मैं ले जाऊँगी ?



जब श्याम प्रेम
रसमत्त करोगी,
कुंजर गामिनी
कुञ्ज गमन
सदगन्ध माल
ताम्बूल सरस,
स्वामिनी करूँगी
कभी वहन
ll43ll

## भावार्थ

हे स्वामिनी श्रीराधिके ! प्रेम-रस के उन्माद से पूरित होकर, उन श्यामसुन्दर से मिलने के लिये जाते समय, कृपया आप मुझे सुगन्धित मालायें, नवीन कपूर और लौंग से युक्त पानों का डिब्बा ले जाने वाली दासी बना लीजिये।



नव उदित मुकुल
वक्षोज युगल,
राधे तब लोभिनीय
मधुकर
रसमय श्रोणि
श्रीसंवर्धित,
कैशोर जयति
मोहन मनहर
॥44॥

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! आपके नये निकले हुए सुन्दर गोल-गोल उरोज, अभी-अभी खिलने वाले दो फूलों के समान मोहित करने वाले हैं। आपका नितम्ब प्रदेश विशेष रूप से विकसित हो रहा है। आपमें रसमय गुणों की वृद्धि हो रही है। आप मोहन (श्रीलालजी) के चित्त को चुराने वाली हैं। इस प्रकार आपकी नव किशोरावस्था निश्चय ही विजय को प्राप्त हो रही है।



उच्छलित अनंग
तरंग माल,
आंदोलित अंग
संग नागर
संलाप कभी
श्रुति गोचर हो,
वे सुधास्त्रोत
अक्षर अक्षर
॥45॥

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! कामदेव की उछलती हुई लहरों से अत्यन्त दुःखित श्रीविग्रह वाले व्रजनागर (श्रीलालजी) के साथ होने वाले आपके वार्तालाप, जिसका प्रत्येक अक्षर अपार रसमय अमृत सागर को प्रवाहित करने वाला है, को क्या कभी मैं निकट से सुनूँगी ?



प्रिय अंक स्थित
करती प्रलाप,
कहतीं मोहन
हा मनमोहन
श्यामानुराग मद
विह्वल तन,
श्यामा मणि जयति
निकुंज भवन
॥46॥

## भावार्थ

प्रियतम की गोद में विराजमान होते हुए भी, अचानक ' हा मोहन ! हा मोहन !' इस प्रकार का प्रलाप करने वाली एवं श्यामसुन्दर (श्रीलालजी) के अनुराग के मद से विह्वल मनोहर अंगों वाली कोई अनिर्वचनीय श्यामा-मणि (श्रीप्रियाजी) निकुञ्ज की सीमा के भीतर सर्वोत्कृष्ट रूप से विराजमान हैं।



सलंग्न रसोत्सव
कुञ्जातर,
आलाप मधुर
भूषण कल स्वर
मिश्रित धुनि सुन
मैं द्वार स्थित,
कब विवश पढ़ूंगी
रस सरवर
ll47ll

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! कुञ्ज के भीतरी भाग में उत्पन्न हुए किसी अनिर्वचनीय रसोत्सव के समय, वहाँ आप दोनों के मध्य चल रहे वार्तालाप एवं बीच-बीच में बज रहे आपके पहने हुए आभूषणों की ध्वनि को सुनकर, कुञ्ज के द्वार पर खड़ी आपकी एकान्त सेविका, मैं कब रस-सरोवर में डूब जाऊँगी ?



मधुमती मधुतम स्वर वाली,
अपनी प्यारी वीणा लेकर
बैठी एकांत भवन भीतर जो,
छेड़ रही विरहाकुल स्वर
नागर कुल तिलक श्याम घन के,
रस वलित ललित गुण गा गा कर
करतीं व्यतीत युग सम बासर,
दृग युगल बने मुक्ता निर्झर
हों सदा विराजित श्री राधा,
मम् रिक्त हृदय कमलासन पर
ll48ll

## भावार्थ

अहो ! जो मधुर स्वरों वाली उस मधुमती नामक वीणा को हाथ में लेकर, नागर शिरोमणि (श्रीलालजी) की भाव-लीलाओं का गान कर रही हैं, अहह! जो उस क्षणिक वियोग काल को अत्यन्त दुःख के साथ आँसू बहाते हुए एवं बहुत बड़े दिन जैसा अनुभव करते हुए व्यतीत कर रही हैं; ऐसी प्रेम-विह्वला श्रीराधा मेरे हृदय में निवास करें।



सविलास हास
परिहास केलि,
अद्भुत रस वैभव
दिखलाकर
वृन्दावन नव्य युगल कोई,
ले गया हठात हृदय को हर
॥49॥

## भावार्थ

अहो ! जो एक दूसरे से हास-परिहास कर रहे हैं, जिनकी विलासमयी क्रीड़ायें अत्यन्त अद्भुत एवं रसमय वैभव से पूर्ण हैं; वृन्दावन में विलास करने वाले उन किन्हीं चतुर युगल ने मेरे हृदय को चुरा लिया है।



वे महाप्रणय उन्मीलित नवरस,
सुधा सिंधु लहरी समान
नैनों के नर्तन से संसृति को,
करा रहीं है रसस्नान
विद्युन माला सी गौर नवल,
कैशोर सुरुभि शुष्मा निधान
कोई बृज गोपवधू चूड़ामणि,
सर्वोपरि शोभायमान
ll50ll

## भावार्थ

अपने नेत्र-कटाक्षों के नर्त्तन के द्वारा जिसने प्रेम की अधिकता से विकसित, नवीन रसामृत-सागर की तरंगों की बाढ़ से, विश्व को स्नान जैसा करा दिया है, वह विद्युत-माला के समान गौर वर्ण, नवीन किशोरावस्था से मधुर एवं व्रज नागरियों के शिरोभूषण का कोई अनिर्वचनीय नव रत्न (श्रीराधा) सर्वोत्कृष्ट रूप से विराजमान है।



सबल प्रेम के अंक सुविलसित,
शिथिल अंग उन्मुक्त हृदय
मधुर दीप्त लावण्य ललित छवि,
निगम अलिक्षित अमित सदय
रस घन मोहन मुग्ध सकत,
सेवा में जिसकी रति अनुनय
रस सागर की सार किसी,
सुकुमारी की सर्वदा विजय
ll51ll

## भावार्थ

जिसका हृदय, तीव्र प्रेम के वशीभूत होकर, लज्जा, शील, संकोच, भय, मान, मर्यादा आदि सभी बन्धनों से मुक्त हो गया है, जो परम दयालु है, जो अलौकिक कान्ति के मधुर लावण्य से ललित हो रहा है एवं जो समस्त वेदों से भी अत्यन्त अलक्षितहै; उस रस-सागर के सार स्वरूप किसी अनिर्वचनीय राधा नामक सुकुमार तत्व की जय हो।



मैं पहन स्वामिनी
का प्रसाद,
कंचुकी दुकूल
मनोहारी
कब रस में परिचर्या,
कभी सेविका बनूँगी
सुकुमारी
॥52॥

## भावार्थ

जिसने स्वामिनी (श्रीराधिकाजी) के द्वारा दी गई प्रसादी ओढ़नी को सिर पर तथा चोली को वक्षस्थल पर धारण कर रखा है, जो नित्य आपके समीप स्थित है, जो अनेक प्रकार की सेवाओं में निपुण है; क्या मैं इस जीवन में, निश्चय ही, स्वयं को एक ऐसी अद्वितीय सुकुमारी किशोरी के रूप में अनुभव करूँगी ?



घुंघराले काले केश कभी,
मृदु कर नख से सुलझाऊँगी
युग योद्धा कनक कलश जैसे,
कंचुकी कवच पहनाऊँगी
सुकुमार चपल चरणों में मैं,
मणि नूपुर मुखुर सजाऊँगी
क्या कभी स्वामिनी श्रीराधे,
ऐसी दासी बन पाऊँगी
॥53॥

## भावार्थ

कभी अपने हाथों के नखों से आपके उलझे हुए बालों को सुलझाते हुए, कभी आपके स्वर्ण-कलश जैसे देदीप्यमान कुच युगल पर चोली पहनाते हुए और कभी आपके चरणों में मणि जटित युगल नूपुरों को बाँधते हुए, क्या कभी मैं आपकी सुन्दर सेविका बन सकूँगी ?



अति स्नेह सरस उच्च स्वर से मैं,
करूँ नित्य हरि नाम गान
गन्धादि विविध उपचार युक्त,
अर्चना करूँ भाव प्रधान
विचरूँ वृन्दावन नृत्य निरत,
आनंद जहाँ है मूर्तिमान
यह सब करते भी रहे सदा,
श्री राधा मृदु पद पद्म ध्यान
॥54॥

## भावार्थ

अत्यन्त स्नेह से तथा उच्च स्वर से श्रीहरि (श्रीलालजी) के नामों का उच्चारण करते हुए भी तथा सुगन्धित अनेक प्रकार की सामग्रियों से उनका पूजन करते हुए भी और वृन्दावन में विचरण करते हुए परम आनन्द को धारण किये हुए भी, मेरा मन श्रीराधा के सुकोमल चरण-कमलों में निवास करे।



निज प्राणेश्वरी स्नेह भाजन,
वे जान मुझे श्यामल नवघन
कर कर्षण फिर फिर मधु वर्षण,
कर सुरत माधुरी मत्त मगन
नव नव विचित्र विधि श्रीराधे,
वे करते प्रीती वेलि वर्धन
अद्भुत गति तब पद रस विलास,
लोलुप तथापि रहता है मन
॥55॥

## भावार्थ

'यह किंकरी मेरी प्राणेश्वरी की दया की पात्र है' ऐसा सोचकर यद्यपि -आपके प्रियतम (श्रीलालजी) मेरा बार-बार चुम्बन करते हैं, आलिंगन करते हैं. सुरत-वार्ता की मदिरा से उन्मद करने की चेष्टा करते है तथा विचित्र प्रकार से स्नेह-वैभव की वृद्धि भी करते हैं; हे श्रीराधे ! फिर भी मेरा मन अद्भुत प्रभाव वाले आपके चरणों के रस विलास में ही संलग्न है।



युगल परस्पर नाम
श्रवण कर,
पुलकित तन हो
भूषित शैशव
नव कुञ्जातर नव
प्रसूनधर,
कभी करूँगी
परिणय उत्सव
॥56॥

## भावार्थ

मुकुलित वय नव किशोरावस्था में ही, उस अनिर्वचनीय प्रीति, जिसमें एक दूसरे का नाम लेने मात्र से ही दोनों के सम्पूर्ण अंगों में अतिशय रोमांच हो उठता है, को सदा सेवन करने वाले श्रीराधा-माधव (श्रीप्रियाजी एवं श्रीलालजी) का, वृन्दावन के नये-नये फूलों का चयन करके एवं उन फूलों से निर्मित रहस्य कुञ्ज के भीतर, शैशव अवस्था के गुड्डा-गुड़िया के खेल की तरह, मेरे द्वारा विवाहोत्सव का कार्य कब सम्पन्न होगा ?

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र



पंचम स्वर संचर वेणु रुचिर,
वीणानि नाद मृदु रस गंभीर
प्यारी संगीत कला कोविद,
प्रियतम सुजान बिहवल अधीर
करणी करींद्र से मत्त युगल,
कलक्रीडा रत गति सुधि शरीर
लोचन गोचर होगी कब यों,
वृषभानुसुता भानुजातीर
॥57॥

## भावार्थ

जो गजराज से वन में मिलती हुई मतवाली हथिनी के समान मंद गति वाली हैं, जो मधुर गायन करने की विद्या में अतिशय निपुण हैं; वे वृषभानु की पुत्री (श्रीप्रियाजी), वेणु-वादन कर रहे अपने प्रियतम (श्रीलालजी) के साथ, विपची नामक वीणा में संगत करने के साथ-साथ पंचम स्वर से सुन्दर गायन करती हुई, श्रीयमुनाजी के तट पर मुझे कब मिलेंगी?



अति अद्भुत हास्य विलास रम्य,
रासोस्तव महा मधुर मनहर
नर्तन नव नव विचित्र तांडव,
गण्डस्थल सिक्त स्वेद सीकर
नागरी प्रवीण रसिक शेखर,
सेवा समोद पाऊँ रसभर
रस वलित ललित जीवन होगा,
कब युगल लाल पद लालनकर
115811

## भावार्थ

हास-परिहास से युक्त परम मनोहर एव अद्भुत विलासमय रासोत्सव में वैचित्रीपूर्ण ताण्डव नृत्य से जिन दोनों के कपोल प्रान्त श्रम-जल से गीले हो रहे हैं, उन नागरियों में श्रेष्ठ (श्रीप्रियाजी) एवं रसिकशेखर (श्रीलालजी) के चरणों केलालन (चाँपने) की सेवा, अपने जीवन को सुन्दर बनाती हुई, आनन्द पूर्वक, मैं कब करूँगी ?



वृन्दावन मंजुल निकुंज गृह,
नित्य स्वामिनी का अन्वेषण
दिखलाये पथ पर न चलो क्यों,
श्रीराधे पुकार कर क्रंदन
उर कस्तुरी पंकिल सलिला,
फिर फिर कर कलिंदजा मंजन
त्याग को देहज मन निर्मल,
कब पाऊँगी राधा दासी बन
॥59॥

## भावार्थ

अहो ! श्रीवृन्दावन के सुन्दर निकुञ्ज मन्दिर में अपनी स्वामिनी (श्रीप्रियाजी) की खोज करती हुई एवं मिलने पर उनसे इस प्रकार कहते हुए कि "हे श्रीराधे ! विदग्ध (श्रीलालजी) के सहित मेरे द्वारा बताये गये मार्ग पर क्यों नहीं जाती हो ?" और फिर उनकी (श्रीप्रियाजी की) कुच तटी में लगी हुई कस्तूरी की कीच से मिश्रित श्रीयमुनाजी के जल में बार-बार स्नान करके, श्रीवन की कर्पूर की धूल से धूसरित देह से उत्पन्न प्रस्वेद मिश्रित धूल को त्याग कर, मैं कब निर्मल बनूँगी ?



निभृत निकुंज सदन मार्जन कर,
सानुराग सज्जित संसाधन
रुचिर पेय ताम्बूल सरस शुचि,
सौरभ सुमन माल वर्जन कर
देने चलूँ नलिन सुन्दर को,
नवल रासोस्तव का आमंत्रण
रसदायिनी स्वामिनी करोगी,
कब निज नर्म नव्य दासीजन
॥60॥

## भावार्थ

रस की एकमात्र देने वाली हे श्रीराधिके ! अत्यन्त दैन्य से युक्त प्रणामों द्वारा, आपके श्रीचरणों के स्पर्श मात्र को ही रसोत्सव मानने वाले, नील कमल जैसे श्याम श्रीगोविन्द (श्रीलालजी) से आपकी प्रार्थना कराने के लिये और अत्यन्त मनोहर एकान्त कुञ्जों का सम्मार्जन करने के लिये तथा फूलों की माला, चन्दन, इत्रदान, रसयुक्त पान और अनेक प्रकार के स्वादिष्ट मधुर पेय पदार्थ लाने के लिये, मैं आपकी अन्तरंगा दासी कब बनूँगी ?



रसमंजित कर रही जगत को,
लावण्यामृत वाणी पावन
राका चंद्र प्रभा अनंत सी,
विलसित वदन ज्योति बृज कानन
निभृत निकुंज मंजु गृह देवी,
कोई सर्वोपरि वृन्दावन
दे कर दासोस्तव कर देती,
तुच्छ समस्त साध्य सब साधन
॥61॥

## भावार्थ

अहो ! इस प्रेम-जगत् किंवा रस-देश को अपने अमृतमय सौन्दर्य एवं वार्तालाप से सराबोर करते हुए, अपने मुख-चन्द्र की चाँदनी से शरद पूर्णिमा के अनन्त चन्द्रमाओं के प्रकाश का विस्तार करती हुई एवं मुझे अपने दास्य रूपी उत्सव काआनन्द देकर समस्त साधन-साध्य की चर्चाओं को अत्यन्त नगण्य बनाते हुए, वृन्दावन के सुन्दर कुञ्ज-सदन की कोई अनिर्वचनीय स्वामिनी विराजमान है।

श्रीमद्**राधासुधानिधि**स्तोत्रं



एकांत मिलन याचना निरत,
हो नंदलाल अनुरक्त नयन
प्रतिवाद व्याज नागरी करें,
संकेत दिशा का निर्देशन
कब मुझे कहेंगी, कह दे सखी,
हे धूर्त शिरोमणि मधुर वचन
तुमसे भयभीत न जावेगी,
यह निर्जन नव कदम्ब उपवन
ll62ll

## भावार्थ

ऐसा कब होगा, जब नन्दनन्दन (श्रीलालजी), अपनी आँखों के माध्यम से, किसी एकान्त कदम्ब वाटिका में मिलने के लिये, आपसे अनुनय विनय करेंगे और आप उसे अस्वीकार करने के बहाने, किसी दूसरे सर्वसुखद स्थल का संकेत करेंगी और मुझे उनसे यह कहने की आज्ञा प्रदान करेंगी कि "हे धूर्तेन्द्र ! हे कपटी ! तुमसे भय को प्राप्त हुई हमारी स्वामिनी श्रीराधा उस कदम्ब वाटिका में अकेली नहीं जायेंगी।"



वह अनुपम भ्रू भ्रंग चातुरी,
नैनांचल सलील चालन
वह मृदु वचन चातुरी संयुत,
नव निकुंज गृह नवागमन
नव नव क्रीड़ा कला चातुरी,
सरस चातुरी सहित मिलन
परिकरपर हासोसत्तव जीवन,
जयति चारु चातुरी सदन
॥63॥

## भावार्थ

श्रेष्ठ अंगों वाली श्रीराधिका की, वह भृकुटियों को अनुपमेय ढंग से नचाने की चातुरी, वह सुन्दर नेत्रों के लीलापूर्वक संचालन की चातुरी, वैसी ही बोलने की चातुरी, संकेत-स्थल में आने की चातुरी, नई-नई क्रीड़ाओं को कलात्मक रूप से प्रस्तुत करने की चतुरता और सखियों से उत्साह एवं उमंग के साथ हास-परिहास करने की चतुरता - ये सभी सर्वोत्कृष्ट हैं, इनकी जय हो।



उदित नवल अनुराग परस्पर,
उर नभ सुरस घटा उमड़ी
लगी सुललित अनंगोस्त्व की,
विश्व प्लावनि सुधा झणि
चिरवियुक्त राधा मोहन की,
दान मान मनुहार भरी
चपल चित्त सर में लहरायें,
नव नव केलि शिल्प लहरी
ll64ll

## भावार्थ

जिनमें गहनता से पूर्ण कामनाशून्य अनुराग का विकास हो रहा है, जिनसे माधुर्य की धारा के सार रूपी स्रोत का प्रस्फुटन हो रहा है, जो दिव्य और ललित काम-क्रीड़ाओं को अत्यन्त उमाह एवं उत्साह से खेल रहे हैं और जो उदीयमान किशोरावस्था (मुकुलित वय नव किशोरावस्था) में चिर उत्कंठा को धारण किये हुए हैं; उन राधा-माधव (श्रीप्रियाजी-श्रीलालजी) की नई-नई केलियों की रचना करने की शिक्षा-दीक्षा का वह रस ही असीम रूप से हमारे चित्त में प्रकट हो।



खेलते कभी बृज
नगर डगर,
वृषभानु लली
बृजराज कुंवर
कर प्रकट सनातन
नव किशोर,
तन रसघन निज
जन चित्तचोर
एकांत ढूंढते युगल कांत,
मधुसिक्त करेंगे हृदय प्रान्त
॥65॥

## भावार्थ

जो अभी-अभी व्रज-नगर (श्रीवृन्दावन) की वीथियों में कुमार अवस्था के खेलों को खेलते हुए सुकृतीजनों (राधाकिंकरियों) के हृदय का अपहरण कर रहे हैं, अचानक ही वे उदीयमान किशोरावस्था (मुकुलित वय नव किशोरावस्था) के वैभव को प्रकट करते हुए एकान्त हास-परिहास में संलग्न हो रहे हैं। उन श्रीराधा और व्रजपति कुमार (श्रीप्रियाजी-श्रीलालजी) के भली-भाँति से दर्शन करती हुई, क्या कभी मैं पूर्णता को प्राप्त होऊँगा/होऊँगी ?



नव पराग उल्लसित मल्लिका,
मालालंकृत अलकजाल
बालविभाकर सदृश सुभग,
सिन्दूर बिंदु संवलित भाल
अनुपम केलि कटाक्ष छटा,
मृदुहास चन्द्रिका रति रसाल
प्रियतम प्राण रत्न सम्पुट सुध,
आतें स्वर्णिम घट विशाल
ll66ll

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! नवीन, सुगन्धित एवं खिली हुई मालती की माला से गूंथी हुई आपकी वेणी को, अत्यन्त लाल सिन्दूर की वेंदी से सुशोभित आपके भालस्थल को, आपके बड़े-बड़े नेत्रों के अनुपम कटाक्षों की शोभा को, चन्द्रमा की किरणों के समान आपके मनोहर हास्य को एवं प्रेम के उल्लास से भरे हुए आपके दोनों उरोजों को, मैं हृदय में धारण करती हूँ।



लक्ष्मी कोटि सुभग सुशील,
लीला किशोरतायें शत शत
अद्भुत काम कल्प पादप पद,
आराधन के हेतु प्रनत
अहा मधुर राधा रस उज्जवल,
ज्योति उदित ब्रज धाम सतत
भूरि भाग्य वे दुर्लभ जनमन,
नवल रंग बरसे अविरत
II67II

## भावार्थ

अहो ! व्रज मण्डल में, करोड़ों लक्ष्मियों को विस्मय में डालने वाले लक्षणों से युक्त, लीलापूर्ण किशोर वय वाली शत-शत किशोरियों से आराधित, अति मधुर श्रीराधा नामक कोई अनिर्वचनीय परम ज्योति है। हे श्रीराधे ! वह, आद्यारति किंवा शुद्धारति के आविर्भाव पूर्वक प्रेम-रस का सिंचन करती हुई, किसी परम भाग्यशाली के हृदय में ही प्रकट होती है।



उदित महा लावण्य ललित नव,
नव लीलामय नव यौवन है
रचित सघन अनुराग मूर्ति,
श्रीमनमोहन की मनमोहन है
श्रीवृन्दावन कुञ्ज केलि रस,
स्निग्ध कोर केसर धुति तन है
श्रीगोविन्द समान यशोमति,
जीवन ज्योति जयति श्रीवन है
।।68।।

## भावार्थ

जो नवीन यौवन के उदयकाल से अतिशय लावण्ययुक्त एवं लीलामय है, जो सघन आनन्द और घनीभूत अनुराग से रचना किये गये श्रीविग्रह (श्रीलालजी) को सम्यक रूप से मोहित करने वाला है, जो वृन्दावन की निकुञ्जों में होने वाली क्रीड़ाओं से लालित्यपूर्ण है, जिसके गौर अंग की कान्ति केशर के समान है और जो व्रजेन्द्र-गृहणी (श्रीयशोदाजी) के एकमात्र प्रेमपात्र श्रीगोविन्द की भाँति मेरा प्रेमपात्र है। वह श्रीराधा नामक तेज सर्वोत्कर्ष रूप से विराजमान हो।



वे प्रेमानंद रसाम्बुधि की,
उन्मद कल्लोल मालिका सी
लोलारूण लोचन अंचल से,
संचालित करती केलिकला
श्रीवृन्दाटवी प्रणय मंदिर,
आनंदित अद्भुत कामद मणि
हैं विश्वमोहनी मोहन की,
श्रीराधा कौन कहै अबला
||69||

## भावार्थ

प्रेमानन्द रस के अद्वितीय सागर की क्रीड़ाओं रूपी उत्ताल तरंगों से आकुल हृदय वाली, अतिशय चंचल और अरुण वर्ण वाले नेत्रों के कटाक्षों के चमत्कार से किसी अनिर्वचनीय केलि-कला के महोत्सव की वृद्धि करने वाली एवं अद्भुत काम-वैभव से युक्त विश्व को मोहित करने वाली, श्रीराधा, वृन्दावन के लता मन्दिर में आनन्दित हो रही है।



नवल राग रंजित भ्रू भंगी,
लेश मुग्ध ब्रज नव नागर मणि
सान्द्रानंद सुधा निर्झर सी,
शरणागत जन की चिंतामणि
वृन्दारण्य निकुंज भवन की,
भुवन मोहिनी प्रणय प्राण मणि
कोटि दामिनी दीप्त देह द्युति,
उदित जयति रमणी चूड़ामणि
।।70।।

## भावार्थ

जिन्होंने नवीन प्रेम की चेष्टाओं से चंचल बनी हुई भौहों के लेश मात्र नत्र्त्तन से व्रजमणि (श्रीलालजी) को मोहित किया हुआ है, जो भक्तों की एकमात्र चिन्तामणि हैं, जो सघन आनन्द के रस का निर्झरण करने वाली मणि हैं, जिनकी अंग-कान्ति अत्यन्त चंचल एवं प्रकाशमान करोड़ों बिजलियों के समान है; वे कोई अनिर्वचनीय, मोहिनी, रमणियों की चूड़ामणि, वृन्दावन की निकुञ्जों की सीमा में उदित हो रही हैं।



वह सहज सल्लज बंक चितवन,
प्रतिपल जनती शत कोटि मदन
अति दर्प पुष्पषर चढ़े चाप,
टंकार प्रकम्पित निखिल भुवन
तरुणाई उदित विगत बचपन,
माधुर्य प्रवाह सिक्त तनवन
कृत चकित चमत्कृत सचराचर,
पाऊँगी कब स्वामिनी शरण
ll71ll

## भावार्थ

तरुणावस्था में प्रथम प्रवेश करते समय, जिनके एक-एक लीलापूर्ण कटाक्ष-पात रूपी तरंग से, बड़े अभिमान के साथ टंकारे गये महाधनुष को खींचने वाले कोटि-कोटि कामदेव उत्पन्न होते रहते हैं; वे महामाधुरी की अनन्त धाराओं से चमत्कृत, श्रीराधा हमारी स्वामिनी हों।



ब्रह्मा शिवादि भगवत स्वरुप,
पा सके ना जिनका पद रजकण
करुणा कटाक्ष भाजन होते,
केवल गोपी भावाश्रित जन
वे प्रेमाम्बुधि कालक्रम से,
अब हुई सुलभ जन साधरण
तेरा प्रभाव अद्भुत अमोघ,
हे देव हमारा तुझे नमन
॥72॥

## भावार्थ

गोपियों के भाव का अनन्य आश्रय ग्रहण करने वाले ब्रह्माजी, शिवजी आदि भी, जिनके चरण-कमलों के एक रज-कण को, अपने सिर पर धारण करने का अधिकार निश्चय ही प्राप्त नहीं कर सके हैं; वे प्रेम-सुधा-रस-सागर की निधि श्रीराधा भी, बलशाली समय के प्रभाव से, साधारण लौकिक नायिका जैसी हो गई हैं। हे दैव ! तुझे नमस्कार है।



गुरुजन परिजन
हरि परिकरगण,
हों सभी सुशोभित
दूर दूर
श्रीराधा केलि
किंकणी बनूँ,
किंकिरी श्रवण घट सुधापूर
॥73॥

## भावार्थ

कुञ्ज भवन के भीतरी भाग में, जहाँ पर वृषभानुनन्दिनी (श्रीप्रियाजी) अपने प्रीतम व्रजपति (श्रीलालजी) के साथ प्रेम की क्रीड़ायें करती हैं; वहाँ से उनके माता-पिता आदि स्नेहीजन दूर से ही अपने को भाग्यशाली अनुभव करें, उनकी मित्र-मण्डली भी दूर से ही शोभा पाती रहे, उनके भृत्य वर्ग के लोग और भी दूर रहें तथा इन दास्य, सख्य और वात्सल्य भाव के भावुकों के अतिरिक्त अन्यजनों की तो बात भी सोचना अप्रासंगिक है; किन्तु वहाँ के द्वार पर खड़ी रहने वाली, श्रीराधा की परम प्रिय किंकरी, मैं उनकी किंकिणी की ध्वनि को सुनूँगी।



दो दया कर दान स्वामिनी,
लाड़ली वृषभानु की
हो तुम्हारी छवि छटाएँ,
सम्पदा मन प्राण की
गौर अंगों की मृदुलता,
मधुरता मुस्कान की
दीर्घता द्रग युगल की,
गुरुता उरज उत्तान की

## भावार्थ

हे श्रीराधे! आपके गौर अंगों की कोमलता, मन्द हास्य की मधुरिमा, नेत्र- प्रान्त की विशालता, उरोजों की गुरुता, कटि-प्रदेश की सूक्ष्मता, चलने की, धीरता, नितम्बों की स्थूलता, भौहों की कुटिलता, बिम्बफल जैसे अधरों की अरुणता एवं हृदय की रसावेश जनित जड़ता, मेरे ध्यान में प्रकट हो।



क्षीणता कटि की ललित,
मदमत्तता अभियान की
पृथुलता श्रोणि सरस की,
भ्रूलता धुन तान की
अधर पुट की लालिमा,
जड़िमा हृदय रसखान की
ll74ll

## भावार्थ

हे श्रीराधे! आपके गौर अंगों की कोमलता, मन्द हास्य की मधुरिमा, नेत्र- प्रान्त की विशालता, उरोजों की गुरुता, कटि-प्रदेश की सूक्ष्मता, चलने की, धीरता, नितम्बों की स्थूलता, भौहों की कुटिलता, बिम्बफल जैसे अधरों की अरुणता एवं हृदय की रसावेश जनित जड़ता, मेरे ध्यान में प्रकट हो।



प्रातः पीताम्बर उतार,
कब नीलाम्बर पहनाऊँगी
शयन कुञ्ज में रही कंचुकी,
लेने को कब जाऊँगी
रतिरण जनित अंग शत कुमकुम,
लेपन सहज छिपाऊँगी
काजल केश सँवार हार,
दृग देख देख सुख पाऊँगी
ll75ll

## भावार्थ

हे नागरी (श्रीप्रियाजी) ! ऐसा कब होगा, जबकि प्रातःकाल मैं, रात्रि में रस-विहार के समय, भ्रमवश पहने हुए प्रीतम (श्रीलालजी) के पीताम्बर को उतारकर, आपको अन्य वस्त्र (नीलाम्बर) को धारण करा दूँगी, कुञ्ज में भूलवश छोड़कर आयी हुई कंचुकी को दौड़कर ले आऊँगी, खुली हुई वेणी को बाँध दूँगी, टूटी हुई मुक्तावली को गूँथ गूंथ दूँगी, दूंगी, नेत्रों के मिट गये अंजन को पुनः लगा दूँगी एवं आपके श्रीअंग में लगे नखक्षतों को कस्तूरी और कुमकुम आदि के रंगों द्वारा छिपा दूँगी ?



जिनके वर्णन में रहै मूक,
निगमागम अष्टादश पुराण
शिव शुकदेवादि भागवत भी,
पा सके ना छवि का क्षणिक ध्यान
वृन्दावन नित्य किशोर केलिरत,
रसिक युगल शोभायमान
रूपामृत पान हेतु उनके,
लोचन मेरे लोलायमान
॥76॥

## भावार्थ

अहो ! जो केवल श्रीवृन्दावन में ही दिखाई देता है, जिस तक पहुँचने में श्रुति के शिरोभाग उपनिषद् भी असमर्थ हैं, जो शिवजी, शुकदेवजी आदि के ध्यान में भी नहीं आता, जो प्रेम के अमृतमय माधुर्य से पूर्ण और रसमय है और जो नित्य किशोरावस्था से सम्पन्न है; उस रूप को देखने के लिये ही, मेरे नेत्र व्याकुल हो रहे हैं।



पुरुषार्थ चतुष्ट्य तेरी जय,
क्यूँ करें बात विस्तृत असार
हो भक्ति अनन्य सदा हरि की,
मेरे मस्तक का अलंकार
अद्भुत तथापि वृन्दावन में,
रस रूप प्रेम सर्वस्व सार
कुछ और ना अब रुचिकर केवल,
सेवन श्यामा मणि कुञ्जं द्वार
॥77॥

## भावार्थ

धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष- ये चारों पुरुषार्थ उत्कृष्ट रूप से विराजमान बने रहें, इनसे सम्बन्धित बातों की चर्चा करना हमारे लिये व्यर्थ है। ईश्वर की उस एकान्त भक्ति-योग की पद्धति का भी हम आदर तो करते है, किन्तु वह हमें रुचिकर नहीं है। हमारे चित्त को तो, वृन्दावन की सीमा में विराजमान, जो कोई एक अत्यन्त आश्चर्यपूर्ण किशोरियों में शिरोमणि है, उसके कैंकर्य रूपी रसामृत के अतिरिक्त अन्य कुछ भी अच्छा नहीं लगता।



मधुरोज्जवल पावन प्रणय हृदय,
अनुपम कल केलि कलानिधान
ईशानी शची महासुख तनु,
वे पराशक्ति परतर विधान
क्षण क्षण वंदन आराधन रत,
हरि निज आराध्या इष्ट जान
वृन्दावननाथ पट्ट महिषी,
श्रीराधा पद तल बसे प्राण
॥78॥

## भावार्थ

पुराणों, तंत्रों एवं भक्ति-ग्रंथों में श्रीराधा को, षटैश्वर्य संपन्न भगवान की पूज्या तथा कोई अनिर्वचनीय शासन करने वाली, इंद्राणी, पार्वती, अत्यंत सुख स्वरूप विग्रह वाली, पराशक्ति एवं स्वतन्त्रा शक्ति कहा गया है; किन्तु मेरे लिए तो वह श्रीराधा ही सेव्य हैं, जो अति मधुर एवं उज्जवल प्रेम की हृदय स्वरूपा हैं (अर्थात जो रस स्वरूपा हैं), जो श्रृंगार-लीला-कलाओं के वैचित्र्य की अन्तिम सीमा हैं एवं जो श्रीवृन्दावननाथ (श्रीलालजी) के हृदय रूपी सिंहासन की रानी हैं।



कृष्णानुराग रस की निधि जो,
सकरुण नयना आह्लाद सिंधु
राधा पद दास्य बिना कोई,
हो अभिलाषी गोविन्द बंधु
वह राका बिना चाहता है,
सम्पूर्ण कला सम्पन्न इंदु
पा कर भी महा सुधानिधि को,
पा सका मात्र बस एक बिंदु
॥79॥

## भावार्थ

जो श्रीराधा के दास्य को छोड़कर, गोविन्द (श्रीलालजी) के संग-लाभ की आशा रखते हैं, वे मानों पूर्णिमा की तिथि न होने पर भी पूर्ण चन्द्र का दर्शन करना चाहते हैं, और क्या कहा जाय, वे यह नहीं जानते कि श्यामसुन्दर (श्रीलालजी) की रति-प्रवाह-लहरियों का बीज तो श्रीराधा ही है। आश्चर्य है कि वे अमृत का महान् समुद्र पाकर भी केवल एक बूँद ही ले पाते हैं।



अद्भुत कमनीय किशोर कांति,
प्रति अंग छटा नयनाभिराम
अति प्रेमोल्लास भरी राधा का,
ध्यान निरंतर सहित नाम
त्यागे कर्मों ने जिन्हें स्वयं,
भागवत धर्म से भी नकाम
वे प्रेम रसाम्बुधि मग्न महत जन,
स्वीकारें मेरा प्रणाम
॥80॥

## भावार्थ

जिनके अंग-अंग की कान्ति किशोरावस्था के अद्भुत माधुर्य की अधिकता से भरपूर है एवं जो अतिशय प्रेमोल्लास से भरी हुई हैं; उन श्रीराधिकाजी का जो अनन्यतापूर्वक ध्यान करते हैं, उन्हें कर्मों ने अपने आप ही छोड़ दिया है, आश्चर्य है कि वे भगवत्-धर्मों से भी कोई ममता नहीं रखते, वे सभी को आश्चर्य चकित कर देने वाली रसमयी अवस्था को प्राप्त कर चुके हैं, उन महापुरुषों को मेरा नमस्कार है।



चित्रित भुजमूल नहीं जिनके,
हैं शंख चक्र इत्यादि चित्र
अंकित न ललाट पटल ऊपर,
बहु तिलक छाप रचना विचित्र
आश्चर्य कंठ में लसित नहीं,
तुलसी कंठी माला पवित्र
श्रीगुरु के प्रबल प्रताप सिद्ध,
रति कहाँ महामति शुभ चरित्र
ll81ll

## भावार्थ

श्रीगुरु द्वारा दिये गये भजन के पराक्रम से, जो निश्चय ही अपनी भुजाओं के मूल में शंख, चक्र आदि के चिन्ह नहीं बनाते, अपने भालस्थल पर विचित्र तिलक की रचना नहीं करते और गले में तुलसी की माला धारण नहीं करते; इस लोक में, वे महामति महानुभाव कौन हैं?
अर्थात् विरले ही हैं।




गो० श्रीहित हरिवंशचन्द्र महाप्रभु

वे करें ना करें कदापि भले,
श्रुति विहित नित्य कर्त्तव्य कर्म
त्यागें अथवा स्वीकार करें,
माला चन्दन साधुता वर्म
श्रीराधावल्लभ रस रहस्य के,
पारंगत रत परम धर्म
अल्पज्ञ बहिर्मुख जन उनका,
क्या जान सकेंगे कभी मर्म
॥82॥

## भावार्थ

रहस्यमय अद्भुतानन्दमूलक प्रेम-रस में निमग्न रसिकजन, श्रुतियों द्वारा प्रतिपादित कर्मों को करें अथवा न करें, माला-चन्दन आदि भोगों को ग्रहण करें अथवा छोड़ दें; अहो ! श्रीराधिकावल्लभलालजी के रहस्यमय भाव में पारंगत मति वाले रसिक, कभी अल्पज्ञ, बहिर्मुख अथवा किन्हीं अन्य लोगों का संग भी कर लें, तो भी उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।



रहने दो विषय कथा मित्रों,
शत शत नरकों से अधिक घृणित,
श्रुति कथा व्यर्थ श्रम है करती,
कैवल्य कल्पना ही विचलित,
परमेश भजन उन्मद शुकादि,
मैं नहीं अत्यधिक आकर्षित,
मेरा मन भृंग अनवरत हो,
राधा पादाम्बुज मधु मज्जित
॥83॥

## भावार्थ

करोड़ों नरकों से भी घृणित विषय भोगों की चर्चा समाप्त करो, श्रुतियों की कथायें भी व्यर्थ का श्रम ही है और मोक्ष से तो मुझे डर ही लगता है। यदि श्रीशुकदेवजी आदि महत्जन परमेश्वर के भजन में उन्मत्त हैं, तो मुझे उनसे क्या प्रयोजन ? मेरा मन तो श्रीराधा-चरणों के रस में ही स्नान करता रहे।



वह अपूर्व आभा बचपन में,
नव यौवन श्री का प्रवेश
वे सलोल लोचन रसमय,
अभिनव उरोज युग छवि अशेष
अरुण अधर पुट मंद मधुर,
सस्मित वाणी वीणा विशेष
वह मद मंथर गति श्यामा की,
नहीं भूलती लव निमेष
॥84॥

## भावार्थ

श्रीराधिका का वह सौन्दर्य, वह नवीन वय और उसमें यौवन श्री का प्रवेश, नेत्रों की वह भंगिमा, रस से घनीभूत और आश्चर्यमय वे कुच-कलश, इसी प्रकार बिम्ब के फल जैसे अधरों की वह मधुरिमा, वह मन्द-मन्द हास्य, वह रसमयी वाणी और वैसी ही वह लीलापूर्ण चाल-इनमें से एक भी बात भुलाई नहीं जा सकती है।



जो लक्ष्मी शुक नारदादि के,
लिए एक आश्चर्य महान
ब्रज किशोरियों ने पाया,
जो अनुपम करुणा का अनुदान
उस अलभ्य उज्जवल रस की,
लालसा लोल मति मैं अज्ञान
नव निकुंज नागरी देखोगी,
सदै नैन कब निज जन जान
ll85ll

## भावार्थ

हे नव कुञ्ज नागरी ! हे श्रीराधे ! मैंने आपके उस कैंकर्य को प्राप्त करने की आशा लगायी हुई है, जो प्रतिक्षण अद्भुत रस रूप है, जिसे व्रज बालाओं में से उन किन्हीं अनुराग-उत्सव परायण किशोरीगणों ने निश्चय ही आपकी कृपा से ही प्राप्त किया है तथा जो लक्ष्मीजी, शुकदेवजी, नारदजी आदि के लिये परम आश्चर्य रूप है।



अनुपम शोभा श्री के निधि हैं,
श्रीराधा के सुकुमार चरण
मृदु कर पलोट कर शयन कराते,
रसिक मुकुट मणि मनमोहन
अति कृपा पात्र पद दासी बन,
मैं कभी करुँगी संवाहन
अवशिष्ट प्रसाद स्वामिनी का,
पीयूष सार शत आस्वादन
॥86॥

## भावार्थ

सौन्दर्य से सम्पन्न श्रीराधिका के चरण-कमलों के संवाहन द्वारा, उन्हें शयन कराने के रूप में, मोहन (श्रीलालजी) द्वारा आस्वादित उस दास्य को, उनकी (श्रीप्रियाजी की) अत्यन्त कृपा से प्राप्त करके एवं मधुरातिमधुर अमृत के सार स्वरूप उनके उच्छिष्ट का बार-बार भोजन करती हुई, मैं कब नित्य नवीन रसानन्द में डूब जाऊँगी ?

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र



यदि स्नेहवसाद कभी राधे,
प्रियतम को करो मुझे अर्पण
होगी तथापि निष्ठा मेरी,
कैसे कृपया तुम करो श्रवण
सस्मित कटाक्ष युत अवलोकन,
कर पुलकित करूँ सम आलिंगन
यह सब होने पर भी तब पद,
रस में मज्जित होगा मम मन
॥87॥

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! यदि आप स्नेह के वशीभूत होकर, अपने रति-लम्पट पदवी प्राप्त प्रीतम को मुझे सौंप दें, तब भी मेरी निष्ठा जैसी होगी, उसे सुनिये- मैं मन्द-मन्द मुसकान के साथ तिरछे नेत्रों से उन्हें देखूँगी और पुलकित होने पर गाढ़ आलिंगन भी करूँगी; ऐसी स्थिति में भी मुझे आपके चरण कमलों के रस का ही अनुभव होगा।



है कृष्ण पक्ष प्रिय नीलकमल,
प्रिय कृष्ण सार मृग श्यामल घन
प्रिय तरु तमाल सर्वाधिक प्रिय,
कृष्णा कलिंदीजा तट पावन
ये सब प्रिय हैं जिनके कारण,
क्यों अप्रिय श्याम मदन मोहन
ऐसा कह कर कब देखूंगी,
श्रीराधे तुम्हें प्रफुल्ल वदन
॥84॥

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! जब कृष्ण पक्ष, नव नील कमल, कृष्णसार मृग, श्याम तमाल, नील मेघ एवं कृष्ण नाम-रूप से साम्य रखने वाली कृष्णा (श्रीयमुनाजी) - ये सब आपकी प्रिय है, तब मोहन श्याम विग्रह कृष्ण (श्रीलालजी) से आपकी विमुखता किसलिये है? इस प्रकार कहकर, क्या मैं आपको हँसते हुए न देख सकूँगा?



जिनकी लीला कटाक्ष धारा से,
खिलें चतुर्दिक नीलकमल
उन्नत उरोज शोभित नभ में,
जैसे अगणित सुमेरु चंचल
चरणों की थिरकन से प्रफुल्ल,
वसुधा पर अमित पुष्प पाटल
राधा अनुगत ब्रज वाला गण,
घन घटा करें मम् ह्रदय विमल
॥89॥

## भावार्थ

लीलापूर्ण कटाक्षों रूपी तरंगों से दिशाओं को नील-कमल जैसी श्यामला बनाती हुई, कुचों के द्वारा आकाश को हिलते हुए स्वर्ण पर्वत के मण्डल जैसा बनाती हुई एवं रास में नृत्य करते समय चरणों के विन्यास रूपी कौशल से पृथ्वी को खिलते हुए गुलाब जैसा सुशोभित करती हुई, श्रीराधा का अनुगमन करने वाली व्रज-किशोरियों की मण्डली रूपी घटाओं की मैं भावना करता हूँ।



रस सागर में चपल मीन से,
भ्रमण शील तब नयन युगल
अहह सुधा सरसी में शोभित,
चक्रवाक कुच युग्म विमल
सुरत रंगीनी वदन तुम्हारा,
विकसित जैसे स्वर्ण कमल
मिलती रहै तुम्हारी राधे,
कृपा तरंग छटा अविरल
॥90॥

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! रस के सागर जैसे आपके श्रीअंग में, आपके दोनों नेत्र मधुर रस के मधुर चांचल्य से पूर्ण मीन की भाँति क्रीड़ा कर रहे हैं; अहा हा! अमृत के सरोवर रूपी आपके श्रीविग्रह में, आपके दोनों कुच चकवा-चकवी की तरह सुशोभित हो रहे हैं; हे सुर-सरिता रूपिणी! आपके श्रीविग्रह में, आपका मुख विकसित स्वर्ण-कमल जैसी शोभा को प्राप्त कर रहा है। मुझे आपकी कृपा रूपी तरंगों की छटा प्राप्त हो।

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र



कांत धनी कांता कुल मणि,
कमनीय कामप्रद चरणकमल
नख चंद्र छटा की लेश लालसा,
लोल कोटि कमला प्रतिपल
मर्यादा रहित प्रबृद्ध प्रणय,
लीला रस महासिंधु उज्ज्वल
माधुर्य उल्लसित अंग किशोरी,
कृपा रंग मेरा सम्बल
॥91॥

## भावार्थ

जो अपने प्रियतम (श्रीलालजी) से नित्य संयुक्त हैं, जो आश्चर्यमयीकान्ताओं के समूह की शिरोमणि हैं,
जिनके अद्वितीय चरण-कमलों के नख-चन्द्रों की छबि के कण का किंचित वैभव कोटि-कोटि कमलाओं द्वारा वांछनीय है,
जो असीम रूप से बढ़ते हुए किन्तु गम्भीर प्रेम-रस के महासागर के लीला-माधुर्य से उल्लसित अंगों वाली हैं;
वे कोई सबसे अगम्य किशोरी, अपनी अनिर्वचनीय कृपा के रंग में रँगकर, मुझे अंगीकार करें।



श्री वनमाली कृत
केलि लोल,
कालिंदी तट
मालिती सदन
नव नव रस उद्दीपन
क्षण क्षण
लीला निधि राधे उदित करो,
निज कृपा तरंग छटा मम् मन
11921l

## भावार्थ

श्रीयमुनाजी के तट पर स्थित मालती लता के मन्दिर में प्रवेश करके वनमाली (श्रीलालजी) ने जिन्हें अपनी ललित क्रीड़ाओं से चंचल कर दिया है एवं जो क्षण-क्षण में चमत्कार पूर्ण एवं अद्भुत रस पूर्ण लीलाओं की एकमात्र निधि हैं; हे श्रीराधिके ! मुझे अपनी कृपा रूपी तरंगों की छटाओं से सम्पन्न बना दो।



तब प्रीती प्रसाद हेतु प्रतिदिन,
जो निकट तुम्हारे दासीजन
श्रीवृंदावन कंदर्प श्याम,
करते है उनका सदा स्तवन
अनवरत प्रवाहित है जिनसे,
आनंद और अनुराग सघन
वृषभानुसुते मैं करती हूँ,
उन पदकमलों का अभिवन्दन
॥93॥

## भावार्थ

किसी अनिर्वचनीय उत्सव जैसी आपकी प्रसन्नता की प्राप्ति के इच्छुक होकर ही, वृन्दावन के कामदेव (श्रीलालजी), किंकरीगणों के सामने ही, उन किंकरियों की तरह ही, आपकी अनेक प्रकार से चाटुकारी किया करते हैं। हे वृषभानुनन्दिनी (श्रीप्रियाजी)! आपके दोनों चरण-कमल सघन आनन्द और गहरे अनुराग की लहरियों को प्रवाहित करने वाले हैं। मैं आपके महिमाशाली चरणों की सदा वन्दना करती हूँ।




आकर्षक है गोकुलपति का,
जिसका उच्चारण एक बार
लगते है जिसके जापक को,
पुरुषार्थ चत्तुष्टय भी असार
जिस नाम मंत्र का जप करते,
श्री कृष्ण स्वयं प्रेमावतार
मैरे उर मैं स्फुरित हो सदा,
वह वर्णयुग्म सारातिसार
ll94ll

## भावार्थ

जिस नाम का एक बार का जाप, गोकुलपति (श्रीलालजी) को उसी समय अपनी ओर आकर्षित कर लेता है, जिस नाम से प्रेम करने वाले, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष- इन सभी पुरुषार्थों में तुच्छता का अनुभव करने लगते हैं एवं जिस नाम से अंकित मन्त्र को स्वयं माधव श्रीकृष्ण (श्रीलालजी) भी तत्परता के साथ जपते रहते हैं; वे अद्भुत 'रा और धा' - ये दो अक्षर मेरे हृदय में स्फुरित हों।



कालिंदी कूल कुञ्ज मंदिर,
प्रांगण में हरि शोभायमान
प्रेमाश्रुपूर्ण हो जप करते,
योगीश भांति पद ज्योति ध्यान
कोई अद्भुत उल्लसित दिव्य,
रति रसामोद मोहक सुजान
युग अक्षरवती पराविद्या,
हों सदा हृदय में विद्यमान
॥95॥

## भावार्थ

श्रीयमुनाजी के तट पर स्थित निकुञ्ज मन्दिर में जाकर, योगियों की तरह जिसकी चरण-ज्योति का ध्यान एवं किसी अद्भुत उल्लास से भरे हुए प्रेम-रस के आनन्द से सम्मोहित एवं प्रेम के अश्श्रुओं से पूरित नैंनों वाले श्रीहरि (श्रीलालजी) जिसके नाम का जाप किया करते हैं; वह 'रा और धा'- इन दो अक्षरों वाली परा विद्या मेरे हृदय में स्फुरित हो।



है भक्त मुक्त देवता तथा,
हरी सुहृद वर्ग दुष्प्राप्य श्रवण
अति सुखकर प्रेमानंद रसप्रद,
प्रीतियुक्त हो उच्चारण
सुनते है अति सप्रेम जपते,
सखियों में करते संकीर्तन
करतें है कभी प्रलाप आप,
हरि राधा ही मेरा जीवन
॥96॥

## भावार्थ

जो देवताओं, भक्तों, मुक्तजनों एवं सुहृदजनों (माता, पिता, बन्धु, सखा तथा प्रेयसियों) से अत्यन्त दूर है, जो प्रेम के आनन्द से जनित रस रूप है, जो प्रेम से उच्चारण करने पर अतिशय सुख को देने वाला है, श्रीहरि (श्रीलालजी) स्वयं जिसे प्रेम पूर्वक सुनते हैं, जाप करते हैं, सखियों के मध्य में आनन्द से गान करते हैं तथा मुख पर आँसुओं को ढलकाते हुए गुनगुनाते रहते हैं; वह अमृतमय राधा नाम मेरा जीवन है।



प्रौढ़ानुराग रस उत्सव से,
जो करती ब्रजमणि आराधन
जिनके आश्रय से होता है,
गोविन्द सखीत्व सुलभ साधन
जिनकी उपासना कर देती,
रससिद्ध परम पद का भाजन
वे श्रुति शेखर जीवनी लता,
श्रीराधा मुझे करें निज जन
॥97॥

## भावार्थ

जो गम्भीर और पूर्ण अनुराग रूपी उत्सव के द्वारा अपने प्रियतम व्रजमणि (श्रीलालजी) का आराधन करती हैं, जो गोविन्द (श्रीलालजी) के साथ सख्य सम्बन्ध बनाने के लिये उत्सुक रहती हैं, जिनका एकमात्र आश्रय ग्रहण करने से निश्चय ही सभी कार्य सम्यक् रूप से सिद्ध होते हैं एवं जिनके आराधन से परम पद रूपा एकान्त रस से पूर्ण सिद्धि प्राप्त होती है; वही श्रुति मौलि शेखर (श्रीलालजी) की लता रूपिणी, श्रीराधा नाम वाली, मेरी प्रिय हों।



अंगों में कोटि दामिनी छवि,
आनंद कंद मुख छवि अपार
नव विद्रुम छवि बिम्बाधर में,
कोमल कर पल्लव छवि प्रसार
कुच युग में स्वर्ण कमल कलिका,
छवि नीलाम्बुज द्रिग चमत्कार
नव कुञ्ज केलिमय मधुर ज्योति,
छवि निधि राधा को नमस्कार
॥98॥

## भावार्थ

जिसके श्रीअंग में कोटि-कोटि विद्युतों जैसी चमक है, जिसके श्रीमुख में विस्तृत आनन्द की शोभा है, जिसके बिम्ब फल जैसे अधरों में नवीन मूँग की प्रभा है, जिसके हाथ नवीन पल्लवों जैसी कोमलता एवं अरुणता को लिये हुए हैं, जिसके कुच युगल में स्वर्ण-कमल की कलियों के समान कमनीयता है, जो कमल जैसे नेत्रों वाली है तथा जो नवीन कुञ्ज विहार से मधुर है; मैं उस राधा नामक ज्योति की वन्दना करता/करती हूँ।



दसनावली मोती की लड़ियाँ,
बिम्बाफल जैसे अरुण अधर
कटि छीण नितम्ब पीन सुन्दर,
नाभि गंभीर ज्यों सुरस भंवर
नव यौवन नित्य विकासशील,
अद्भुत लावण्य सार सागर
नागरता की निधि श्रीराधा,
दें शीघ्र मुझे अवलंबन कर
॥99॥

## भावार्थ

जिनकी दन्तावली मोतियों की माला के समान कान्तिमान है, जिनके सुन्दर ओष्ठ बिम्ब फल के समान लालिमा लिये हुए हैं, जिनका कटि-प्रदेश अत्यन्त क्षीण है, जिनकी नाभि नई-नई रस की भँवरों से पूर्ण अतिशय गम्भीर और वर्तुलाकार है, जो स्थूल नितम्बों वाली हैं तथा जो नव यौवन के विकास से सौन्दर्य का सागर जैसी बनी हुई हैं; वे चतुरताओं की कोई सार सर्वस्व स्वरूपा अनिर्वचनीय नागरी श्रीराधा हम सबकी रक्षा करें।



घुंघराले काले स्निग्ध केश,
बिम्बाधर विलसित चन्द्रवदन
नासाग्र अलंकृत मुक्ताफल,
द्रिग चंचल खंजन मदगंजन
कृश उदर स्थूल नितम्ब स्तन,
शोभानिधि कर मुखरित कंकण
क्या करुणा कर स्वामिनी कभी,
आश्रित जन को दोगी दर्शन
ll100ll

## भावार्थ

चिकने, घुँघराले एवं काले केशों वाली, पके हुए बिम्ब-फल के समान अधरों वाली, चन्द्र जैसे मुख वाली, चंचल खंजनों के अभिमान को मर्दन करने वाली, नासिका के अग्रभाग में सुन्दर बेसर को धारण करने वाली, स्थूल नितम्बों वाली, क्षीण उदर वाली, उरोजों की वर्तुलाकार छटा से अति अनुपम शोभा वाली और शोभाशाली भुजाओं में सुन्दर कंकणों को धारण करने वाली, हे श्रीराधे ! अपने स्वरूप को प्रकट करो।



मधुरस्मित पुष्पांजली सहित,
लज्जा का नूतन अवगुंठन
नवरंग भूमि श्रीराधा के,
अंगो में विकसित नवयौवन
अब हुआ विराजित मदन नृपति,
श्रोणि स्वर्णिम शुभ सिंहासन
लीला कटाक्ष अद्भुत तांडव,
चातुरी कलामय सम्मोहन
ll101ll

## भावार्थ

नवीन नाट्य के रंगमंच रूपी श्रीराधा के श्रीअंग में, लज्जा के घूँघट रूपी परदे को डालकर, मन्द-मन्द मुसिक्यान रूपी फूलों की वर्षा करते हुए, यौवन रूपी ललित प्रस्तावना में, कामदेव रूपी राजा के नितम्ब रूपी श्रेष्ठ सोने के सिंहासन के ऊपर स्थित होने पर, सभी को मोहित करने वाले लीलापूर्ण कटाक्षों के द्वारा ताण्डव नृत्य की कला के विचित्र पाण्डित्य का प्रदर्शन हो रहा है।



**वह नववय लावण्य चमत्कृति,**
**वह नव नव रूप महामोहन**
**वह नव नव केलि कला विलास,**
**आश्चर्य परम आनंद सदन**
**जहाँ नहीं अपराध स्तुति,**
**कृत्रिम आदर या अभिनन्दन**
**प्रणयोत्सव राधा माधव का,**
**सहज करें तब संरक्षण**
**ll102ll**

## भावार्थ

जहाँ वह लावण्य का चमत्कार है, वह नवीन वय है, वह मोहित करने वाला रूप है और वह आश्चर्यजनक केलि कलाओं की विलासमयी तरंगों की चतुरता है, जहाँ न तो लेश मात्र भी बनावटीपन ही है, न स्तुति है, न अपराध है और न संभ्रम ही है- श्रीराधा-माधव का ऐसा कोई अनिर्वचनीय स्वाभाविक प्रेमोत्सव तुम सबकी रक्षा करे।



अति उदार मधुरातीमधुर,
आनंद मूर्ति नव घन श्यामल
जिनके दर्शन के हेतु सदा,
रहतें हैं उत्कंठित प्रतिपल
वे अद्भुत चमत्कार अनुपम,
रस के निधान सुकुमार कमल
क्या कभी द्रष्टि गोचर होंगे,
वृन्दावन में राधा पद तल
ll103ll

## भावार्थ

मधुर से भी मधुर आनन्द की मूर्त्ति एवं बादलों के समान श्याम वर्ण वाले मुकुन्द (श्रीलालजी); जिन्हें नवीन, असीम एवं प्रगाढ़ अनुराग के साथ एकटक दृष्टि से देखते रहते हैं, जो अत्यन्त महिमाशाली चमत्कार करने वाले हैं; उन अद्भुत रस के निधान श्रीराधा के चरणों को, क्या मैं देखूँगा/देखूँगी ?



**बलपूर्वक सुखद तल्प पर ले,**
**करके अद्भुत विधि आलिंगन**
**वे अधर सुधा का पान करेंगे,**
**प्रखर नख क्षत नवल स्तन**
**तदनन्तर तब कर कमल ग्रहण,**
**कर देंगे नीवी उन्मोचन**
**कब कुंज रंध्र से देखूँगी,**
**राधे प्रियतम का मधुर मिलन**
**ll104ll**

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! रसिकमणि (श्रीलालजी) द्वारा बलपूर्वक आपको शैया पर ले जाकर, किसी अनिर्वचनीय रूप से आपका आलिंगन कर, आपके अधरों के अमृतका पान कर, अपने तीक्ष्ण नखों से आपके उरोजों को रेखांकित कर और फिर आपके हाथ से पकड़े हुए नीवी बन्धन पर अपना हाथ रखा गया हो- ये सब देखने के लिये, कुञ्ज के छिद्रों में, मेरे नयन क्या कभी लगेंगे ?



कर पत्रावली सुघर रचनामय,
हो नियुक्त तब नवल स्तन
पद प्रिय अभिसार करो जब तुम,
पश्चात तुम्हारे करें गमन
जब निभृत निकुंज केलिरत तुम,
हो कुञ्ज रंध्र से लगे नयन
श्रीराधे क्या देखूँगी मैं,
ऐसे भी आयेंगे शुभदिन
ll105ll

## भावार्थ

क्या कभी ऐसा शुभ दिन भी देखने में आयेगा, जबकि मैं अपने हाथों से आपके कुचों पर कुछ अनिर्वचनीय पत्रावली की रचना कर रही होंगी, मेरे पैर, कुञ्जों में अपने प्रियतम (श्रीलालजी) से मिलने के लिये जाती हुई, आपका अनुगमन कर रहे होंगे एवं मेरे नेत्र, कुञ्ज के छिद्रों से लगकर, आपकी ऐकान्तिक केलि के दर्शन कर रहे होंगे ?



लम्पट प्रिय संग रहस्यमयी,
वार्ता तब मैं कर सकूँ श्रवण
करधर सादर नव रमण तल्प पर,
तुम्हें कराऊँ आरोहन
रति मर्दन विलुलित केश राशि का,
करूँ भली विधि से बंधन
क्या यह अधिकार प्रदान करोगी,
राधे कर निज दासी जन
ll106ll

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! आपकी एवं आपके प्रियतम लम्पट शिरोमणि (श्रीलालजी) के मध्य होने वाली सुन्दर गोपनीय वार्तालाप को सुनने, आपका हाथ पकड़कर आपको प्रियतम द्वारा रचित नवीन शैया तक पहुँचाने और रति-रण में खुल गये आपके केशपाशों को सँवारकर पुनः बाँधने- इन सबके उत्सवपूर्ण रसमय अधिकार का, क्या आप मेरे लिये विधान करोगी ?



वृन्दावन नव नव रसानंद घन,
पुंज सुगुंजित मत्त भ्रमर
मंजुल निकुंज कल केलि निरत,
रसनिधि राधिका रसिक शेखर
कंदूक क्षेंपण संग्रहण पुनः,
संगोंप नाद परिहास मुखर
क्रीड़ा विस्तार अपार छटायुत,
जयति युगल लीला मनहर
ll107ll

## भावार्थ

वृन्दावन में, भ्रमर समूह की गुंजन से मुखरित एवं नई-नई रस केलियों से जनित आनन्द से पूर्ण निकुञ्ज में, मधुरातिमधुर हास परिहास पूर्वक प्रस्पर गेंद फेंकने, ग्रहण करने और प्राप्त करके छिपा लेने आदि-आदि जैसी श्रृंगार पोषक हास्यात्मक क्रीड़ा समूह की रचना कर खेलते हुए, रसिक युगल की जय हो।



अलीअवलि-विमोहित मल्लिमाल,
मंडित सुकेश शशिकोटि वदन
आभुषण-भूषित कम्बुकंठ,
सुकुमार-भुजा-भूषित कंकण
नवपाटम्बर परिधान ध्वनित,
नूपुर पादाम्बुज आर्तिहरण
वह अद्भुत रूपराशि राधे,
क्या कभी करोगी सुलभ नयन
॥108॥

## भावार्थ

शरद ऋतु के करोड़ों चन्द्रमाओं के प्रकाश पुंज जैसे मुख वाली, वेणी में गुन्थित मालती की मालाओं की सुगन्ध से भ्रमरों को विकल करने वाली, कण्ठ के उज्ज्वल आभूषण से सुशोभित शंख जैसे कंठ वाली, कोमल भुजाओं में धारण किये हुए चंचल कंकणों वाली, श्रीअंग में रेशमी वस्त्र धारण करने वाली एवं बजते हुए नूपुरों से सुसज्जित चरण-कमलों वाली, हे श्रीराधे ! मैं आपके अद्भुत रूप को कब देखूँगी ?



सुयश-लाज-भय-कुल-मर्यादा,
त्यागे सकल लोक-बंधन
एक मात्र वे प्रणय मुग्ध हैं,
सखी निवास श्याम नवघन
यों अतिमोहन आकांक्षा से ,
सुन गदगद तब मधुर वचन
यह कैसे कैसे स्वामिनी,
कब पूछूँगी मैं हसित वदन
ll109ll

## भावार्थ

"अनेक प्रकार से मुझे (श्रीप्रियाजी को) सम्मोहित करने की लालसा से, सखियों के बीच में रहने वाले श्रीलालजी ने भय, लज्जा, कुल, यश रूपी श्री-इन सबका ही नहीं, सभी प्रकार की श्रृंखलाओं का भी परित्याग कर दिया है।" - आपके (श्रीप्रियाजी के) अटक-अटक कर बोले गये इन वचनों को सुनकर, मैं आपसे परिहासपूर्वक इस प्रकार कब पूछेंगी, "हे स्वामिनी ! कैसे ? किस प्रकार ?"



जब कहें श्याम मृदु चाटुवचन,
तुम करतीं मुझसे संभाषण
जब वे अंचल का छोर धरें,
तुम 'हूँ' कर विमुख रहो अनमन
जब बाँह पकड़ लेंगें प्रियतम,
तुम हो जाओगी पुलकित तन
रसलीन मूर्ति वह देखूँगी,
क्या तुमको विकसित हास्य वदन
ll110ll

## भावार्थ

जब श्रीश्यामसुन्दर (श्रीलालजी) आपकी चाटुकारी कर रहे हों, किन्तु आप मुझसे बातचीत करने में लगी रहें और जब वे आपके वस्त्र का कोई छोर पकड़ें, तब आप उन्हें हुंकारते हुए, मुझे देखती रहो तथा जब वे आपकी भुज लता को पकड़ें, तब आप उल्लास से पूर्ण होकर रोमांचित हो उठें।
आपकी ऐसी रस में निमग्न मूर्त्ति को देखने के पश्चात्, क्या मैं आपके हास्य को देख पाऊँगी ?



वृन्दावन-निकुंज में विलसित,
कोई नव किशोर नागर
नवल किशोरी कुच केलि-प्रिय,
अद्भुत महा रसिक शेखर
सखी समाज प्रणति-उत्सव-रत,
विनयशील शोभा सागर
अपनी प्राणप्रिया पद-युग की,
परिचर्या दें करुणा कर
ll111ll

## भावार्थ

अहो ! कोई रसिक शिरोमणि (श्रीलालजी) वृन्दावन में विराजमान हैं, जिन्हें निकुञ्ज में स्थित नव नागरी (श्रीप्रियाजी) के कुचों के साथ मधुर रस की क्रीड़ा करना प्रिय है, जो सखियों के सामने ही, उनके (श्रीप्रियाजी के) प्रति अपने पूर्ण समर्पण को एक उत्सव की तरह मानते हैं; वे मुझ पर कृपा करें और अपनी प्रियतमा (श्रीप्रियाजी) के रसमय श्रीचरणों में मुझे स्थान दें।



अद्भुत उज्जवल नव दुकूल,
कंचुक मनहर भूषित-भूषण
तिलक-गंध-मालादि-अलंकृत,
सुरुचि-सुसज्जित सहचरीगण
गायन-वादन-पारंगत कर,
देकर मुझे अनुचरी तन
मधुर रास-उत्सव में स्वामिनी,
कभी करायेंगी नर्तन ?
॥112॥

## भावार्थ

जिन्हें सखियों के द्वारा विचित्र और श्रेष्ठ आभूषणों, उज्ज्वल वस्त्रों, सुन्दर कंचुकी, तिलक, इत्र आदि सुगन्धित द्रव्यों एवं मालाओं से अत्यन्त अद्भुत रूप से विभूषित किया गया है, जो स्वयं समस्त कलाओं में निपुण हैं तथा जिन्होंने हम सब सखियों को भी सम्पूर्ण कलाओं में चतुर बनाया है; वे स्वामिनी (श्रीप्रियाजी) सुन्दर रास के मधुर उत्सव में, हमें कब प्रवेश प्राप्त करायेंगी ?



मणि-किंकणी वलय नूपुर से,
झंकृत महामधुर-मंडल
अद्भुत रास-विलासोत्सव में,
नृत्य-निरत प्रति अंग चपल
प्रियतम-भुजा-गृहीत- कंठ ,
मैं रसानंद-मज्जित प्रतिपल
सदा द्रष्टि-पथ में तथापि,
चित्रित अवनी राधा-पदतल
ll113ll

## भावार्थ

महामधुर रास-मण्डल के अद्भुत विलासमय रास के उत्सव में सम्मिलत होने के लिये, सुन्दर माणिक्य, किंकिणी, चूड़ा-चूड़ी एवं नूपुरों से सुशोभित होकर वहाँ पहुँचने पर, यदि आपके प्रियतम (श्रीलालजी) की बड़ी-बड़ी भुजायें, हमारा आलिंगन करते हुए, हमारे कंठ को भी ग्रहण कर लें; तब भी हम सब केवल अपनी रसेश्वरी (श्रीप्रियाजी) के चरण-चिन्हों का दर्शन कब करेंगी ?



मैंने जो चित्त डुबाया है,
गोविन्द कथामृत-रस-सरवर
गुण-कीर्तन-अर्चन परिचर्या में,
समय बिताये अष्ट-प्रहर
उनके प्रियजनों परिकरों से,
यदि प्रीती निभायी हो निर्झर
तो ब्रजाधीशसुत-प्राण प्रिया,
श्रीराधा हों प्रसन्न मुझ पर
ll114ll

## भावार्थ

श्रीगोविन्द (श्रीलालजी) की कथा के अमृतमय रस के सरोवर में, मैंने अपने चित्त को जितना कुछ भी डुबाया है, अथवा उनके गुणों के कीर्तन, पूजन तथा शृंगार-सेवा आदि करने में जो भी दिन लगाये हैं, अथवा उनके प्रियजनों में अत्यधिकरूप से प्रीति-सम्बन्ध स्थापित करने के लिए जो-जो किया है; उन सबके फलस्वरूप गोपराजकुमार (श्रीलालजी) की जीवन-दायिनी श्रीराधिका मुझ पर प्रसन्न हों।



क्या धर्माचरण
देव-अर्चन,
क्या विधि-हर-पूजन
श्याम मिलन
परिपूर्ण प्रणयरस
मूर्ति मिले,
यदि भानुनन्दिनी
पद सेवन
॥115॥

## भावार्थ

यदि व्रजराज वृषभानु की पुत्री (श्रीराधिकाजी) की अनिर्वचनीय पूर्ण प्रेम-रस की मूर्त्ति (श्रीप्रियाजी) का एकान्त दास्य प्राप्त हो जाय, तब हमें धर्म से, देवताओं से, ब्रह्माजी, शिवजी तथा श्रीश्यामसुन्दर से मिलने के प्रयत्नों से भी क्या प्रयोजन है ?



चंद्रवदन मृगनयन मृदुस्मित,
सुघर नासिका बिम्ब-अधर
सुन्दर भुजा कंबुग्रीवा कुच,
गिरिवर अतिशय क्षीण उदर
बृहद नितम्ब जघन कदली-सम,
पद-अंबुज नख-विधु -द्युतिहर
कब मम भाग्योदय होगा,
है श्रीराधे तब आराधन कर
ll116ll

## भावार्थ

हे चन्द्रमुखी ! हे मृगनयनी ! हे देवि ! हे सुन्दर नासिका वाली ! हे लाल-लाल अधरों वाली ! हे मन्द-मन्द मुसिक्यान वाली ! हे दिव्य शोभायुक्त भुजाओं वाली ! हे शंख जैसी सुन्दर कंठ वाली ! हे गिरिराज जैसे स्तनों वाली ! हे क्षीण कटि वाली ! हे भारी नितम्बों वाली ! हे केले जैसे जंघों वाली ! हे खिलते हुए कमल जैसे चरणों वाली ! हे चन्द्रमाओं की मण्डली जैसे नखों वाली ! हे श्रीराधे! आप मेरे द्वारा कब आराधित होगी ?



अचल अकैतव देख कभी,
श्रीराधा-पद-सरोज सेवन
निज भक्तों से अधिक सर्वविध,
होंगे सदय नंदनंदन
आलिंगन चुम्बन कर मुख,
ताम्बूल पुनः कर के अर्पण
मेरे गले कभी अपनी,
वनमाल डाल देंगे मोहन
॥117॥

## भावार्थ

श्रीराधा के चरण-कमलों में मेरी अटूट एवं कपट रहित भक्ति को देखकर, मोहन (श्रीलालजी) अपने भक्तों से भी अधिक प्रीति एवं सब प्रकार से महान् प्रेम के वशीभूत होकर मेरा आलिंगन करते हैं तथा चुम्बन करते हैं; वे (श्रीलालजी) अपने मुख से चबाये गये पान को मेरे मुख में कब अर्पित करेंगे तथा अपनी वनमाला को भी मेरे कंठ में कब डालेंगे ?



परमाद्भुत लावण्य सुरति की,
कला चातुरी अति अद्भुत
अद्भुत तन की कांति नित्यनव,
लीलागति अतिशय अद्भुत
अद्भुत रसमय द्रगभृंगी-मृदु,
मधुर हास्य अद्भुत अद्भुत
अद्भुत मूर्तिमयी राधा,
कब रस सेवा देंगी अद्भुत
ll118ll

## भावार्थ

जिनका लावण्य परम अद्भुत है, जिनकी रतिकला की चतुरता अत्यन्त अद्भुत है, जिनके कमनीय श्रीअंग की अनिर्वचनीय कान्ति महा अद्भुत है, जिनकी लीलापूर्ण चलने की गति अद्भुत है, जिनके नेत्रों की भंगिमायें अद्भुत से भी अद्भुततम हैं और जिनका मन्द मन्द्र रूप से हँसना अद्भुत है; वे अद्भुत मूर्त्ति श्रीराधा अपने अद्भुत रस से पूर्ण दास्य को मुझे कब प्रदान करेंगी ?

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र




भौंहें चपल चलित बिम्बाधर,
प्रणय कुपित हुंकार मधुरतर!
सभय सकौतुक जिसे देखते,
रसिक शिरोमणि तुम्हें भुजाभर
वह रति केलि कला सुखमय मुख,
श्रीराधे तब स्मरण हृदय हर
ll119ll

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! मैं आपके रतिकला के सुख से पूर्ण उस शोभाशाली मुख का स्मरण करता/करती हूँ, जिसमें भृकुटियों का सुन्दर नृत्य हो रहा है, जिसमें बिम्ब फल जैसे सुन्दर अधर कम्पायमान हो रहे हैं, जो प्रियतम (श्रीलालजी) के द्वारा आपकी भुजाओं के पकड़े जाने पर हुंकार से पूर्ण है, जो प्रेम-केलि के कोप से आकुल हो रहा है और जिसे महा रसिक शिरोमणि (श्रीलालजी) के द्वारा भय और कौतुक के साथ देखा जा रहा है।



जिसकी झिलमिल मुकुट छटा से,
उदभासित हे दिगमंडल
केयूरांगद हारवलय छवि,
देख रत्न हों उठे विकल
ललित नितम्ब किंकणी कलरव,
नूपुर ध्वनिमृदु चरण कमल
राधा नामक मधुर ज्योति का,
भजन करो हे मन चंचल
ll120ll

## भावार्थ

हे मेरे मन ! तू श्रीराधा नामक उस ज्योति का स्मरण कर, जिसके प्रकाशमान मुकुट की चमक से समस्त दिशाऐं विशेष रूप से शोभायमान हो रही हैं, जो अपने चमकते हुए केयूर, अंगद, हार और कंकणों के समूह की छवि से रत्नों की छवि को भी मलिन कर रही है, जिसका नितम्ब प्रदेश किंकिणी के कलरव से युक्त है, जो मधुर ध्वनि वाले नूपुरों से समलंकृत है एवं जिसके शोभाशाली चरण कमल के समान कोमल हैं।



नव तरुणी मंडल मंडनमणि,
श्याम प्रणय रस पुलकित तन
केसर गौर कांति अति विलसित,
केलि चपल मदमत्त मदन
चंद्रवदन मंदस्मित शोभित,
काम कल्पतरु कुंज सदन
श्रीगोविन्द पट्टमहिषी हों,
रक्षक मुझ शरणागत जन
ll121ll

## भावार्थ

अहो ! जो समस्त तरुणियों (ललितादिक सखियों) की शिरोभूषण मणि स्वरूपा हैं, जो श्यामसुन्दर (श्रीलालजी) के प्रति अपने अनुराग के कारण प्रकट हुए रोमांच से विशिष्ट भावमयी आकृति वाली हैं, जो केशर के समान गौर कान्ति वाली हैं, जो अत्यन्त ही उन्मत्ततापूर्ण कामकेलि से चंचल बनी हुई हैं एवं जो मन्द-मन्द रूप से हँस रही हैं; वे कल्पतरु के निकुञ्ज मन्दिर में स्थित, गोविन्द (श्रीलालजी) के हृदय रूपी सिंहासन पर विराजमान रहने वाली 'हृदय की रानी' श्रीराधा मेरी रक्षा करें।



सब महत् पुरुष
जन मन अचिन्त्य,
भावोत्सव रसमय
मधूरोज्जवल
ब्रजबाला वृंद समाराधित,
स्वामिनी सेवा दो
चरण कमल
ll122ll

## भावार्थ

व्रज की श्रेष्ठ किशोरियाँ (ललितादिक सखियाँ) जिनके चरण-कमलों की उपासना नित्य किया करती हैं, महत् जनों के लिये जो मानसी-भावना रूपी उत्सव के द्वारा भी अचिन्तनीय हैं; हे स्वामिनी ! अगाध रस के धाम, अपने उन चरण-कमलों की सेवाविधि में, मेरे लिये मधुर और उज्ज्वल रस से पूर्ण कर्त्तव्य का विधान कीजिये।



नवनागर मणि अंक सुविलसित,
नमित अमित छवि चंद्रवदन
नयन कटाक्ष छटा गति मंथर,
शिथिल अंग पट अवगुंठन
कर नख अलक निवारण कर,
लीला विलास सीमा सुखक्षण
देखूंगी कब श्री राधे वह,
सुरस चकित तब अवलोकन
॥123॥

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! अपने निकट स्थित नागरवर (श्रीलालजी) के श्रीअंग में धारण किये आभूषणों में, अपने श्रीअंग का प्रतिबिम्ब देखकर, जब आपका मुख-चन्द्र लज्जावश कुछ झुक गया हो, आपके नेत्रों की चंचलता कुछ धीमी पड़ गयी हो (अर्थात् आप श्रीलालजी को अपलक दृष्टि से देख रहीं हों) एवं आपके सिर पर थोड़ा सा ही घूँघट रह गया हो; तब अपनी अँगुलियों से, लीलामय विलासों से पूर्ण आपकी अलकावली को ऊपर उठाकर, आपकी चकित भाव से पूर्ण चितवन को मैं कब देखूँगी ?



मुख छवि समक्ष
अति तुच्छ चंद्र,
नव सुधासार
निधि मधुराधर
हों मधुपति व्यथित
काम बाधा,
राधा प्राणदा
सदय मुझ पर
ll124ll

## भावार्थ

जिनका मुख रूपी चन्द्रमा अनुपम रसानन्द का मूल है, उसकी चाँदनी भीवैसी ही है, उस चाँदनी की किसी अनिर्वचनीय कला के लेश मात्र के एक अणु से भी शरद् पूर्णिमा का चन्द्रमा तुच्छ प्रतीत होता है, जिनके लाल-लाल अधरों की शोभा नवीन सुधा-माधुरी के सार-समुद्र को धारण किये हुए है; वे काम के ताप से व्याकुल मधुपति (श्रीलालजी) को जीवन दान देने वाली, श्रीराधा हम पर प्रसन्न हों।



हों कोटि पूर्णिमा चंद्र उदित,
लेकर प्रेमामृतमय प्रकाश
भर दें अनंत ब्रह्माण्डों को,
वे सुधा रश्मि से अनायास
पर वृन्दाविपिन निकुंज देश में,
जिस मुखश्री का है विलास
तुलना में तो होंगे सुसिद्ध,
वे चंद्रवृंद भी तदाभास
ll125ll

## भावार्थ

हो सकता है कि अनेक विचित्रताओं से साथ उदित हुआ शरद् पूर्णिमा का चन्द्रमा, अपनी प्रेमामृतमयी प्रकाश की किरणों से, अनन्त ब्रह्माण्ड की श्रेणियों को परिपूर्ण कर दे, किन्तु मानसी भावना के द्वारा ही, जब आपके शोभाशाली मुख रूपी चन्द्रमा की तुलना, उस विचित्र चन्द्रमा की से की जाय, तब वृन्दावन की निकुञ्जर्जी के भीतर, उसका केवल आभास मात्र ही दिखाई पड़ता है।



कालिंदी कूल कल्पतरु तल,
जो है विलसित अति केलिकंद
वृन्दावन सदा प्रकट दर्शित,
वल्लभीभाव भव्या अनिन्द्य
भक्तों के हृदय सरोज मधुर,
रस सुधा स्यंदि पादारबिन्द
वे सान्द्रानन्द प्रेमलक्ष्मी,
हों स्फुरित हमारे उर अमंद
ll126ll

## भावार्थ

जो श्रीयमुनाजी के तट पर कल्पवृक्ष के नीचे स्थित निकुञ्ज भवन में अत्यधिक रूप से उल्लासपूर्ण प्रेम-केलियों को करने वाली हैं, वृन्दावन में जिनका नित्य नवीन रूप से प्राकट्य होता रहता है, जो एकान्त गोपी भाव (श्रीराधा किंकरी भाव) से अति सुन्दर रूप से दर्शनीय बनी रहती हैं, जिनके चरण-कमल रसिक भक्तों के हृदय-कमल में मधुर रस सुधा का निर्झरण करते रहते हैं; वे घनीभूत आनन्द की मूर्त्ति एवं प्रतिक्षण नवीन प्रेम की नित्य एक रस प्रकाशित लक्ष्मी (श्रीप्रियाजी) हमारे हृदय में स्फुरित हों।



परिशुद्ध प्रेम लीला की निधि,
हैं नित्य प्रेष्ठ के अंक स्थित
यह अति आश्चर्य तथापि देखिये,
प्रिय वियोग भय आतंकित
वे अतुल कृपा माधुरी स्नेहवपु,
श्याम प्राण प्रिय परिपूजित
श्रीराधा अमृताम्बुधि अगाध,
पद दास्य से करें अभिसिंचित
॥127॥

## भावार्थ

जो कामना शून्य प्रेम की लीलाओं की एकमात्र निधि हैं, जो अपने प्रियतम (श्रीलालजी) की गोद में स्थित होते हुए भी, विच्छेद की कल्पना से, अत्यधिकभयभीत हैं, जो अत्यधिक रूप से प्रकट होती हुई अनुपम कृपा, स्नेह और माधुर्य की मूर्त्ति हैं, जिनके अति सुन्दर चरणों की माधुरी पर, माधव (श्रीलालजी) अपने प्राणों को अनन्तानन्त बार न्यौछावर किया करते हैं, वे श्रीराधा, अगाध अमृत से भरे अपने दास्य रस से, मुझे कब अभिषिक्त करेंगी ?



स्वानंग रंग उत्सव रत जो,
श्री वृन्दारण्य निकुंज देश
श्रीमाधव अधर सूरा प्रमत्त,
गोविंद सखा दुर्गम अशेष
सब सखी समूह अनालक्षित,
अधिदैवी वृंदावन विशेष
अनुकम्पा कर मुझको देंगी,
क्या कभी दास्य रस में प्रवेश
ll128ll

## भावार्थ

जो नित्य ही, श्रीवृंदावन के निकुंजों के भीतर, अपने अनंग के रंगोत्सव द्वारा, प्रीतम (श्रीलालजी) के अधरामृत के अद्भुत आसव का सम्यक् रूप से आस्वादन करके उन्मत्त हो रहीं हैं, जो गोविंद (श्रीलालजी) के प्रिय वर्ग (माता-पिता आदि स्नेही जन, सखागण, कान्तागण) से दुर्गम हैं तथा जो सखी से अलक्षित हैं; वे श्रीवृंदावनाधीश्वरी (श्रीप्रियाजी) कृपया मुझे अपना दास्य कब प्रदान करें?



मल्लिका माल सज्जित कबरी,
सिन्दूर शीश शोभायमान
नवरत्न तिलक कुण्डल कपोल,
कल कंठ हार दोलायमान
नूतन परिधान अरुण आभा,
शोभा अनंत विद्युत् समान
मदनोत्सवमय श्रीधाम सदा,
दर्शित राधा ज्योतिर्निधान
॥129॥

## भावार्थ

जिसकी सुन्दर वेणी चमेली की मालाओं से गुँथी हुई है, जिसकी माँग सिन्दूर की रेखा से सुशोभित है, जिसके मस्तक पर नवीन रत्नों से चित्रित तिलक लगा हुआ है, जिसके कपोलों पर कुण्डल चमक रहे हैं, जिसके कण्ठ में स्वर्णजटित पदिक एवं जिसके वक्षस्थल पर लम्बा हार पड़ा हुआ है, जिसने लाल रंग के नवीन वस्त्र धारण किये हुए हैं एवं जिसकी कान्ति करोड़ों बिजलियों के समान है; उस कामोत्सव परायण श्रीराधा नामक तेज का मैं दर्शन करती हूँ।



उल्लसित प्रणय रस की सीमा,
उज्जवल रस चमत्कार सीमा
नववय लावण्य रूप सीमा,
अभिनव सौंदर्य सार सीमा
लीला माधुर्य चरम सीमा,
जन वत्सल अति उदार सीमा
रति केलि माधुरी की सीमा,
सर्वोपरि सुख अपार सीमा
ll130ll

## भावार्थ

जो प्रेम के उल्लास की एकमात्र सीमा हैं, जो अद्भुत चमत्कार पूर्ण परात्पर रस की सीमा हैं, जो सौन्दर्य की एकमात्र सीमा हैं, जो किसी अनिर्वचनीय नित्य नवीन रहने वाली वय, रूप और लावण्य की सीमा हैं, जो माधुर्यमयी लीलाओं की सीमाहैं, जो अपने आश्रितजनों के लिये परम उदारतापूर्ण वात्सल्य भाव की सीमा हैं, जो सुख की सीमा हैं और जो रति की कलापूर्ण केलियों के माधुर्य की सीमा हैं; वे श्रीराधा सर्वोत्कृष्ट रूप से विराजमान हैं, उनकी जय हो।



जिनके पद नख
मणि छटालेश,
जीवी बृज नव
तरुणी मंडल
वे शुद्ध प्रणय
रस केलिमयी,
श्रीराधा मुझ
निर्बल की बल
ll131ll

## भावार्थ

जिनके उन कोमल और सुन्दर चरणों के प्रकाशमान नख रूपी चन्द्रमाओं की छटा के लावण्य के अत्यन्त छोटे से कण से ही, समस्त श्यामामणिमण्डल (सखी परिकर) जीवन प्राप्त करता है, जो प्रेम के विलासों की मूर्त्ति हैं, जो अधिकाधिक रूप से प्रस्फुटित होती हुई महा माधुर्य की धारा के सार की आधारभूता हैं;
वे केलि के वैभव से युक्त श्रीराधिका मेरी गति हैं।



कालिंदी कूल
कुंज मंदिर,
मदमत्त भ्रमर
गुंजन मुखरित
रतिश्रम हर सलिल
बिंदु सज्जित,
हैं युग्म एक
अति आनंदित
ll132ll

## भावार्थ

भ्रमर समूह से घिरे हुए, वृन्दावनस्थ श्रेष्ठ निकुञ्ज मन्दिर में, कोई अनिर्वचनीय सुन्दर युगल अद्भुत प्रेम-रस-क्रीड़ाओं के द्वारा आनन्दित हो रहे हैं। अत्यधिक मात्रा में रस-पान करने के कारण, वे अति रस-पुष्ट दिखाई पड़ रहे हैं। रति-क्रीड़ाओं में हुए श्रम के कारण, उनके मुख पर पसीने की कुछ बूँदें झलक रही हैं, जिनके निवारण के लिये उन्होंने अपने मुख पर श्रीयमुनाजी के जल के छींटें लगाये हुए हैं।



विकसित इंदीवर
स्वर्ण कमल,
छवि सुरस केलि
आंदोलित तन
पद सुधा श्रवित
आनंद कंद,
युग ज्योति जयति
श्रीवृंदावन
ll133ll

## भावार्थ

जो खिले हुए नील कमल और पूर्ण विकसित स्वर्ण कमल की शोभा से सम्पन्न हैं, जिनके हृदयों में प्रवाहित होने वाला प्रेम-रस चेतनावस्था में आकर काम की केलियों के रूप में दिखाई पड़ रहा है, जिनके चरण-कमल नव रस सुधा का निर्झरण करते रहते हैं एवं जो कोई अनिर्वचनीय परमानन्द की मूल है; ऐसी युगल ज्योति वृन्दावन में चमत्कार को प्राप्त हो रही है।



मुख अर्पण कर ताम्बूल कभी,
सुकुमार चरण युग संवाहन
नव कुसुम माल से मंडित कर,
सानंद करुँगी कभी व्यंजन
कर्पूर सुवासित कभी पिलाऊँगी,
जल में लेकर रूचि मन
इस भांति कभी राधामाधव की,
सेवा मिले निकुंज भवन
ll134ll

## भावार्थ

अहा हा ! कभी मैं पान की बीरी अर्पित करूँगी, कभी श्रीचरणों को पलोटूँगी, कभी माला आदि भूषणों से श्रृंगार करूँगी, कभी पंखे से हवा करूँगी और कभी कर्पूर आदि से सुवासित एवं अमृत की तरह स्वादिष्ट जल का पान कराऊँगी; इस प्रकार से मैं केलि भवन में ही श्रीराधा-माधव (श्रीप्रियाजी-श्रीलालजी) की सेवा कब करूँगी ?



प्रति अंग उच्छलित उज्जवल रस,
पीयूष प्रणय शोभा सागर
लावण्य सुधानिधि अनुकम्पा,
वात्सल्य सार महिमा सागर
तारुण्य प्रवेश समय विलसित,
माधुर्य भूमि साम्राज्य शिखर
श्रीराधा नामक गुप्त महानिधि,
जयति सुजन जीवन रसभर
ll135ll

## भावार्थ

जिसके प्रत्येक अंग से उज्ज्वल एवं अमृतमय प्रेम-रस का एक अद्वितीय सागर उच्छलित होता रहता है, जो सौन्दर्य का एकमात्र सुधा-सागर है, जो मुकुलित वय नव किशोरावस्था अर्थात् उदीयमान किशोरावस्था के विलासों के माधुर्य के साम्राज्य की भूमि है तथा जो रस की एकमात्र सीमा है; ऐसी कोई अनिर्वचनीय श्रीराधा नामक गुप्त महानिधि सर्वोत्कृष्ट रूप से विराजमान है।



सान्द्रप्रेम अमृत
रसनिधि पद,
नखमणि ज्योति
छटा विलास
यदि कृपा कटाक्ष
करें राधा,
हों मुक्ति भुक्ति
सब तुच्छ घास
॥136॥

## भावार्थ

जिनके चरणों के नखों रूपी चमकती हुई मणियों की ज्योति की एक छटा का विलास, सघन प्रेमामृत के करोड़ों महासागर के समान है; वे श्रीराधा यदि कभी मुझ पर अपनी कृपापूर्ण दृष्टि डाल दें, तो मुक्ति एवं अनेक प्रकार की लौकिक तथा अलौकिक सम्पत्तियाँ मेरे लिये नगण्य हो जायेंगी।



कब मधुर मधुर आनंद रसप्रद,
जाकर मैं श्री वृन्दावन
नव नव कुंजों में ढूँढूँगी,
स्वामिनी प्रिया का कुंज भवन
राधा पद पंकज मदिर सुधा,
लहिरी का कर अपूर्व सेवन
होगा क्या पान प्रमत्त कभी,
अतिशय चंचल मेरा अलि मन
ll137ll

## भावार्थ

मधुर से भी मधुर आनन्द से पूर्ण रस को देने वाले श्रीवृन्दावन में, अपनी प्रिय स्वामिनी (श्रीप्रियाजी) के केलि-मन्दिर की नित्य नव कुञ्जों की खोज, मैं कब करूँगी ? तथा श्रीराधिकाजी के चरण-कमलों की उन्मादक मकरन्द लहरी के प्रवाह से, मैं अपने चंचल चित्त रूपी भ्रमर को कब उन्मत्त बना दूँगी ?



राधा राधा उच्चारण युत,
राधाकेलि निकुंज भ्रमण
राधा के अनुरूप धर्म के,
आश्रित हो मेरा जीवन
नानाविधि उपचार सहित,
श्रीराधा पद पंकज अर्चन
श्रुतिशेखर आश्चर्मयी,
रसचर्या सहित बसूँ श्रीवन
।।138।।

## भावार्थ

श्रीराधिकाजी की केलि-निकुञ्जों की गलियों में घूमते हुए, श्रीराधा नाम का उच्चारण करते हुए, श्रीराधा के अनुरूप ही अपने परम धर्म (श्रीहित धर्म) का प्रेम पूर्वक आचरण करते हुए, श्रीराधा के चरण-कमलों की विविध उपचारों के माध्यम से आनन्दपूर्वक सेवा करते हुए तथा आश्चर्य चकित कर देने वाले आचरणों को करते हुए, मैं वैदातीत पथ का आचरण करने वाला कब बनूँगा ?



नव संगम उल्लसित परस्पर,
श्रीमुख विधु कर अवलोकन
अंग अंग जागृत उमंग,
अंबुधि अद्भुत रस संजीवन
अंतःकुंज कुटीर तल्पगत,
क्रीड़ारत आंदोलित तन
कब राधामाधव काँची नूपुर,
ध्वनि होगी सुलभ श्रवण
॥139॥

## भावार्थ

मेरे द्वारा दोनों के पास सैकड़ों बार आने और जाने से जिनका मिलन सम्भव हुआ है, एक दूसरे के उल्लास से पूर्ण मुख रूपी चन्द्रमाओं के देखने से जिनके हृदयों में अत्यन्त तीव्र काम के समुद्र उफन रहे हैं; ऐसे श्रीराधा-माधव (श्रीप्रियाजी-श्रीलालजी) एकान्त कुञ्ज के भीतरी भाग में, सुन्दर शैया पर विराजित होकर, दिव्य और अद्भुत क्रीड़ा कर रहे हैं। मैं उनके नूपुर एवं किंकिणी की ध्वनि को कब सुनूँगी ?



मधु उत्सव उत्सुक
नीलपीत छवि,
कोई युगल
भुवन मोहन
अनुराग उल्लसित
अति विदग्ध,
कब मुग्ध करेंगे
मेरा मन
ll140ll

## भावार्थ

अहो ! सुन्दर मालती लता के मण्डप में, वसन्तोत्सव अथवा विवाहोत्सव के लिये अत्यन्त उत्सुक,
एक दूसरे के प्रति अत्यन्त प्रगाढ़ अनुराग के उल्लास के मद से उन्मत्त, तीनों लोकों को मोहित करने वाले,
नीली एवं पीली कान्ति से युक्त, कोई अनिर्वचनीय कुशल युगल (श्रीप्रियाजी- श्रीलालजी)
मेरे मन को अधिकाधिक रूप से कब प्रमत्त करेंगे ?



राधा नाम सुधा रस विहवल,
रसना करे तृषातुर पान
राधापद अंकित वृन्दावन,
वीथी में पद हों गतिमान
राधा के कैंकर्य निरत कर,
हृदय रहे राधा पद ध्यान
भावोल्लास सहित राधा के,
प्रियतम में मन हो रतिवान
ll141ll

## भावार्थ

मेरी जिह्वा श्रीराधा नाम के अमृत से पूर्ण रस के आस्वादन के लिये व्याकुल बनी रहे, मेरे चरण उनके चरणों से अंकित वृन्दावन की गलियों में चलते रहें, मेरे हाथ उनकी सेवा में लगे रहें, मेरा हृदय उनके श्रीचरणों का ध्यान करता रहे तथा उनके प्राणनाथ (श्रीलालजी) में मेरी प्रीति, केवल इस भाव रूपी उत्सव के साथ ही हो कि जिस प्रकार मेरी प्राणनाथ श्रीश्यामा (श्रीप्रियाजी) हैं, ठीक उसी प्रकार श्रीप्रियाजी के प्राणनाथ श्रीलालजी हैं।



प्रेमानंद अमंद इंदु शेखर,
वन्दित उर उन्मादित
मंदीकृत मुकुंद सुन्दर,
पादारबिन्द की प्रभा अमित
राधा केलि कथा रसनिधि,
अद्भुत लहरी से आंदोलित
वृन्दावन निकुंज मंदिर में,
मेरा मन हो आनंदित
ll142ll

## भावार्थ

श्रीशिवजी आदि को अत्यधिक रूप से उन्मादित करने वाले, मुकुंद (श्रीलालजी) के दोनों चरण-कमलों के निर्मल एवं तीव्र प्रेमानंद को भी गौण अनुभव करते हुए, श्रीराधा-केली-कथा रूपी रस के सागर की चंचल तरंगों से आनंदित मेरा मन, वृंदावन के निकुंज मंदिर के श्रेष्ठ आँगन में आनंद का अनुभव प्राप्त करता रहता है।



त्यज कोटि कोटि साधनाधीश,
भजनीय सदा राधिका नाम
राधा पद कमल सुधारस पर,
न्यौछावर  सब पुरुषार्थ ग्राम
शतकोटि कल्पतरु तुच्छ करें,
श्रीराधा पद लीला ललाम
राधा किंकणी चरण लुंठित है,
सकल सिद्धियां अष्टयाम
ll143ll

## भावार्थ

श्रीराधा के नाम को ही निरन्तर सुनने, जपने, गाने, स्मरण करने, चिन्तन-मनन करने जैसे कार्यों को करते रहने से, निश्चित रूप से करोड़ों श्रेष्ठतम साधन भी छोड़ देने योग्य हो जाते हैं तथा श्रीराधा के चरण-कमलों के अमृत पर, करोड़ों श्रेष्ठ पुरुषार्थ भी न्यौछावर करने योग्य हैं; क्योंकि श्रीराधा चरण-कमलों की लीलाभूमि वृन्दावन में, करोड़ों दिव्य कल्पवृक्ष सदा सर्वोत्कृष्ट रूप से विराजमान रहते हैं तथा श्रीराधा की किंकिरीगणों के चरणों में, करोड़ों अद्भुत सिद्धियाँ लोटती रहती हैं।



भ्रूभ्रंग क्षुभित
बाह्याभ्यंतर,
मद घूर्णित नयन
कटाक्ष चपल
नव नव निकुंज
कल केलि कुशल,
वृन्दावन जयति
किशोर युगल
ll144ll

## भावार्थ

अहो ! एक दूसरे से किये जा रहे कोटि-कोटि हाव-भावों से, एक दूसरे के प्रति हृदय में प्रवाहित होने वाले अनुराग रूपी अमृत से तथा तरंगायित भौहों के परिचालन से जिन दोनों के बहिरंग और अंतरंग अतिशय चंचल हो रहे हैं एवं जिनके नेत्र मद से घूम रहे हैं; ऐसे नवीन किशोरावस्था से सम्पन्न युगल (श्रीप्रियाजी-श्रीलालजी) निकुञ्ज में रति की कलाओं के अद्भुत विलासों की रचना कर रहे हैं, उनकी जय हो।



वृन्दावन नव
निकुंज मंदिर,
श्री नंदलाल
आलिंगित तन
है नवल किशोरी
प्रेममूर्ति,
कोई आनंद
सुधारस घन
ll145ll

## भावार्थ

सघन आनंदमय एवं अमृतमय रस तथाघनीभूत प्रेम की मूर्ति, दिव्य एवं अद्भुत रस से पूर्ण अनंत कलाओं की सृष्टि हुई, नंदनंदन (श्रीलालजी) की गर्वीली भुजाओं के प्रगाढ़ आलिंगन से निश्चेष्ट अंगों वाली, कोई अनिर्वचनीय किशोरी (श्रीप्रियाजी), श्रीवृंदावन के नवीन लता मंदिर में शोभायमान है।



जो नहीं जानता
लोक वेद,
कुल परम्परा
आचरण सुजन
रत राधा ब्रज मणि
भाव भजन,
क्या उसकी गति है
साधारण
ll146ll

## भावार्थ

अहा हा ! जो निश्चित रूप से श्रीराधा में रस की स्थिति मानकर एवं व्रजमणि (श्रीलालजी) में श्रीराधा के प्राणनाथ होने का भाव रखते हुए, उनका भजन करता है; वह न तो इस लोक को, न वेदों को और न अपने कुल की परम्परा को ही जानता है, वह साधुजनों के लिये करने योग्य आचरणों को भी नहीं जानता है। जिसकी इस रहस्य में स्थिति होती है, वह भी सामान्य जनों जैसे आचरण न कर असाधारण गति वाला ही होता है।



कोई ब्रह्मानंदी कोई,
भगवद वंदन आनंद मगन
कोई गोविन्द सख्य स्वादि,
कोई वत्सल रस आस्वादन
पर अखिलानंद सार सीमा,
श्रीराधा पादांबुज रसघन
नख मणि की एक छटा ऊपर,
न्यौछावर प्रिया किंकरीगण
ll147ll

## भावार्थ

कोई तो केवल ब्रह्मानंदवादी हैं (अर्थात एकमात्र निर्गुण निराकार ब्रह्म की आराधना में लगे हैं), तो कोई भगवान की वंदन-भक्ति से प्राप्त आनंद में ही हैंमत्त हैं (अर्थात सगुण साकार भगवान की अर्चन-वंदन- दास्य आदि नवधा भक्ति के माध्यम से की गई पूजा से प्राप्त आनंद में ही संलग्न हैं), तो और कोई गोविंद का सख्य आदि भावों से भजन करके अनुपम परमानंद का आस्वादन करते हैं। अर्थात श्रीकृष्ण की वात्सल्य भाव , सखा भाव , गोपी भाव द्वारा की जाने वाली प्रेम लक्षणा भक्ति के माध्यम से सप्राप्त अनुपम परमानन्द में ही प्रमत्त हैं| किन्तु श्रीराधा की दासियों के लिए तो उनके चरण कमलों की प्रकाशमान नख मणियों से उल्लसित ज्योति की एक किरण मात्र ही संपूर्ण आनंद के चमत्कार के सार की एकमात्र सीमा है।है (अर्थात श्रीराधा की दासियों के लिए राधा-दास्य ही चमत्कार प्राण आनंद वाले अद्भुतानंद मूलक 'रस' का प्रदायक है)।



ब्रह्मादि देव हरि
भक्त सुहृद,
राधामाधव रहस्य
अविदित
उनकी क्रीड़ा
दासी होकर,
मैं चली देखने
विधि वंचित
॥148॥

## भावार्थ

निश्चय ही, जिन श्रीराधा और मधुपति (श्रीलालजी) के रहस्य को न ब्रह्माजी आदि देवताओं ने, न हरि (श्रीलालजी) के भक्तों ने और न उनके सुहृदों (माता-पिता आदि परिवारी जनों, सखाओं, गोपिकाओं, कान्ताओं आदि) ने ही अच्छी तरह से जाना है; उनकी दासी होकर, उनकी नित्य वर्द्धमान केलि को, असमय में भी अपने नेत्रों से देखने की, मैंने अनन्त दुर्लभ आशायें लगा रखी हैं।

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र



है श्यामे, नित्य प्रिये सूजान,
रस की निधान मम जीवनधन
तेरा क्षण प्रतिक्षण वर्द्धमान,
दृढ़ अनुरागी हो मेरा मन
है यही बात मेरे मन भी,
है सुन्दर वरप्रिय रसिक रमण
सस्मित मुख इस प्रकार कहती,
विलसे राधा मम हृदय सदन
ll149ll

## भावार्थ

"हे श्यामे ! हे नित्य प्रेम करने वाली नागरी ! हे रस की सागर स्वरूपा प्रिये ! आप में मेरा निरन्तर न्या-नया एवं अत्यन्त सुदृढ़ अनुराग हो" - प्रीतम (श्रीलालजी) के द्वारा इस प्रकार कहे जाने पर, श्रीप्रियाजी ने प्रत्युत्तर में कहा- "हे रमण ! मेरे हृदय में भी आपके प्रति आपके द्वारा कहे गये उक्त वचन ही हैं"। मन्द मन्द हास्य के साथ, इस प्रकार कहती हुई श्रीराधा मेरे मन में विलास करें।



अति सुन्दर नवल लतामंदिर में,
सदा नंदमय वृन्दावन
उन्मद कंदर्प केलि कौतुक रत,
नवकिशोर युग ज्योति सदन
दुस्सह अति घोर जगज्वाला से,
दग्ध प्रायः मेरा जीवन
निज चरण कमल मकरंद दान कर,
भव आतप का करें शमन
ll150ll

## भावार्थ

आनन्द के नित्य धाम श्रीवृन्दावन में, नवीन लताओं द्वारा बनाये गये सुन्दर मन्दिर में, काम के मद से उन्मत्त, रात की कलाओं के चमत्कार पूर्ण प्रदर्शन से रसस्वरूप दिखाई पडने वाली एवं किशोर वय वाली वह युगल ज्योति, अपने चरण-कमलों के अत्यन्त शीतल मकरन्द से, अत्यधिक भयानक रूप से प्रज्ज्वलित अग्नि के समान, मेरे आवागमनमय संसार चक्र को शान्त करे।

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र




मल्लिका माल मंडित कुंतल,
किंकिणी ध्वनित श्रोणि मंडल
कंकण केयूर विभूषित कर,
मणि नूपुर मुखरित चरण कमल
नव कुच युग की शोभा असीम,
जैसे हों स्वर्ण कमल कुड्मल
यह रूप सुधा पीकर मेरे,
कब तृषित नयन होंगे शीतल
ll151ll

## भावार्थ

केशपाश में नवीन खिलती हुई चमेली के पुष्पों की माला, भारी नितम्ब प्रदेश पर मधुर ध्वनि उत्पन्न करने वाली किंकिणी, चरणों में बजते हुए सुन्दर नूपुर एवं भुजाओं में चमकते हुए बाजूबन्द, अंगद तथा कंकणों को धारण करने वाली और सोने की कमल की कलियों के समान उरोजों वाली, हे श्रीराधे !
आपके ऐसे रूप-रस का पान, मैं अपने नेत्रों से कब करूँगी ?



उल्लसित असीम

सुरत अंबुधि,

प्रति अंग सुधा

आंदोलित तन

प्रिय अंक चपल मुख

कनक कमल,

राधे तब अलिगण

तृषित नयन

।।152।।

## भावार्थ

मर्यादाओं को तोड़कर, उमड़ते हुए सुरत-रस रूपी अमृत के सागर को अत्यन्त ऊँची तरंगों की तरह आन्दोलित, अपने अमृतमय अंगों से अनिर्वचनीय वपु वाली, प्रियतम (श्रीलालजी) की गोद में चमकती-दमकती हुई एवं खिले हुए सोने के कमल के समान मुख वाली, हे श्रीराधे ! आप हम सब सखियों के नेत्रों को कब सुख प्रदान करोगी ?

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र




प्रति अक्षर क्षरित
प्रेमरस निधि,
ज्यों सुधा वृष्टि
हो रही श्रवण
अति मधुर मृदुल
होगा मुझसे,
क्या कभी तुम्हारा
संभाषण
॥153॥

## भावार्थ

जिसके अक्षर-अक्षर से प्रेम के समुद्र का निर्झरण हो रहा हो, जो कानों में अमृत की धारा की वर्षा कर रही हो और जो रस से पूर्ण, अत्यन्त कोमल, परम सुखदायिनी एवं परम शीतल हो; हे श्रीराधे ! मेरे साथ आपकी कोई अनिर्वचनीय सुन्दर रस-चर्चा, क्या कभी होगी ?



केवल तब नामामृत रस का,
यदि कोई करता सदापान
उसके अनंत महदपराधों को,
करते क्षमा क्षमानिधान
इसको क्या उचित देय होगा,
करते विमर्श श्रीहरि सुजान
तब दास्य लालसांवित जन की,
महिमा का राधे किसे ज्ञान
ll154ll

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! आपसे अत्यधिक मात्रा में किये जाने वाले प्रेम के आवेश से भरे हुए मधुपति (श्रीलालजी), जब आपके इस अमृतमय एवं रसमय नाम का एकमात्र आश्रय ग्रहण करने वाले व्यक्ति के, अनन्त महत् अपराधों का विचार न करते हुए, उसे सर्वोत्कृष्ट वस्तु देने का विचार करते हैं; तो फिर जिनके मन में एकमात्र आपके दास्य की ही कामना है, उनकी महिमा-सीमा का स्पर्श कौन कर सकता है, अर्थात् उनकी महिमा कौन जान सकता है।



प्रियतम चर्वित
ताम्बूल खंड,
कर्पूर लवंग
सहित स्वादन
पुलकित कपोल
दासी वत्सल,
राधा कब देंगी
निज चर्वण
॥155॥

## भावार्थ

प्रियतम (श्रीलालजी) के चन्द्र जैसे मुख के, नवीन लौंग के चूर्ण एवं सुखद कर्पूर से युक्त पान के टुकड़े को, अपने मुख में लेकर, उसका आस्वाद लेते हुए, अतिशय रोमांच से भरे हुए कपोलों वाली एवं अपनी दासियों पर अनिर्वचनीय वात्सल्य रखने वाली श्रीराधा, क्या कभी उस पान को मेरे मुख में डालेंगी ?



अद्भुत सौंदर्य सुधानिधी सी,
लावण्य ललित लीला निधान
जिनकी कटाक्ष छवि कालिंदी की,
विस्तृत लहरों के समान
अति अनुपम कामकेलियों की,
जो कोमल कोटि कला सुजान
वे सुललित नवल किशोरी मणि,
अब अपना दास्य करें प्रदान
ll156ll

## भावार्थ

जो सौन्दर्य रूपी अमृत की राशि हैं, जो अत्यन्त अद्भुत एवं लावण्यमयी लीलाओं की कला रूपा हैं, जिनके कटाक्षों की शोभा श्रीयमुनाजी की चंचल तरंगों की विशाल शोभा से भी अधिक चमत्कार पूर्ण है, जो काम-केलि की कोमल कलाओं में करोड़ों विचित्रताओं का विकास करने वाली हैं, जो सघन प्रेमानन्द की मूर्ति हैं; वे कोई अनिर्वचनीया किशोरियों की शिरोमणि (श्रीप्रियाजी) मुझे अपना दास्य प्रदान करें।



अति मृदुल दुकूल कुसुम्भ रंग,
शोभित सुअंग अतिशय कोमल
मल्लिका माल मंडित निबद्ध,
घुंघराले काले केश चपल
मेखला अलंकृत कटि प्रदेश,
कल मुखर सुशोभित कांति नवल
नव चम्पक कनक सदृश आभामय,
ज्योति पुंज देखूं प्रतिपल
॥157॥

## भावार्थ

जिसने कसूँभी रंग का अत्यन्त कोमल वस्त्र धारण कर रखा है, जिसकी वेणी पीत चमेली की सुन्दर मालाओं से गुँथी हुई है, जिसके विशाल कटि प्रदेश पर देदीप्यमान एवं कलरव करने वाली किंकिणी सुशोभित है; उस स्वर्ण चंपक जैसी कान्ति से युक्त ज्योति (श्रीप्रियाजी) को, क्या कभी मैं देखूँगी ?



अद्भुत प्रेमोन्मद रस विलास,
शोभित सहचरी वृन्द मंडल
दो दो बृजबाल मध्य विलसित,
माधव नूपुर ध्वनि चरण चपल
अंतर्गत कांत सहित नर्तित,
राधा सुलास्य गति कला कुशल
कब सेवा सुलभ मुझे होगी,
बीजना सरस ताम्बूल शकल
॥158॥

## भावार्थ

सखियों के समूह द्वारा बनाये गये वृत्ताकार मण्डल में, जिसकी दिशाओं के मध्य (अर्थात् वृत्ताकार मण्डल के केन्द्र) में मधुपति (श्रीलालजी) विराजमान हैं; प्रेम के उत्कट मद एवं चमत्कारों से पूर्ण रस के विलासों से युक्त रास में, प्रसन्नता से भरे हुए अपने प्रीतम (श्रीलालजी) के साथ, स्वयं द्वारा रचित महा लास्य की कला से नृत्य करती हुई श्रीप्रियाजी की, पंखे से हवा करने एवं उन्हें पान की नवीन बीरी सर्पित करने की सेवा, मैं कब करूँगी ?



प्रसरित सुबास मधु मधुर हास्,

परिपूर्ण प्रणय सीमा विकास

प्रियतम के पुलकित अंसलसित,

भुज पाश दिव्य भूषण विलास

कब होंगी श्री राधा उपास्य

रसराशि ललित अति मध्य रास

ll159ll

## भावार्थ

जिस रास में, नृत्य के समय दोनों (श्रीप्रियाजी-श्रीलालजी) के वस्त्र फहरा रहे हों, प्रेम अपनी पूर्णतम सीमा तक विकसित हो रहा हो, मधुर से भी मधुर हास-परिहास चल रहा हो एवं दिव्य आभूषणों का विलास सुन्दर संगीतमय ध्वनि निकलने के रूप में हो रहा हो एवं प्रियतम (श्रीलालजी) के रोमांचित कन्धों पर, श्रीप्रियाजी अपनी भुजाओं को रखकर, उनकी भुजाओं के बन्धन का सम्बल प्राप्त कर रही हों; ऐसे उस अति सुन्दर रास में, मैं श्रीराधा की उपासना कब करूँगी ?



यदि कोटि चंद्रछवि छटापूर्ण,

हों स्वर्ण कमल सौंदर्य धाम

नव नव मकरंद प्रवाह सहित,

युग खंजन चपल लसित ललाम

मधु मधुर हास्य भूषित राधामुख,

दास्य ना पायेगा सकाम

ll160ll

## भावार्थ

यदि कोई ऐसा स्वर्ण-कमल हो, जो करोड़ों चन्द्रमाओं की किरणों से पूर्ण हो, जिससे नव-नव मकरन्द का झरना झर रहा हो, जो सौन्दर्य का धाम हो एवं जिसमें दो चंचल खंजन खेल रहे हों; तो भी उसे, श्रीप्रियाजी के मधुर हास्य से पूर्ण मुख-कमल का, दास्य नहीं दिया जा सकता है, अर्थात् उस स्वर्ण-कमल की तुलना, श्रीप्रियाजी के मुख-कमल से करना, सर्वथा असम्भव है।



प्रतिक्षण नव नव माधुर्य सदन,

निज कांति सुधाकर मुधाकरण

नूतन चंद्रिका जलधि समृद्ध,

हरि दृग चकोर का तृषाहरण

उज्जवल रस सागर उदित कभी,

होंगे राधा मुख विधु दर्शन

ll161ll

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! चन्द्रमा को सुधाकर भी कहा जाता है, किन्तु उसे सुधाकर कहना पूर्ण रूप से असत्य है, क्योंकि आपका मुख-चन्द्र, पल-पल में स्फुरित होते हुए अन्यतम और अमृतमय माधुर्य से पूर्ण तथा सागर के समान विस्तृत रूप से फैले हुए नव नवायमान आभा मण्डल रूपी ज्योत्सनाओं के भार से स्वयं में भारीपन का अनुभव कर रहा है एवं श्रीहरि (श्रीलालजी) अपने दोनों नेत्रों से जिसका अनवरत पान करते हुए भी प्यासे ही बने रहते हैं। रस-समुद्र से निकले हुए आपके ऐसे मुख-चन्द्र को मैं कब देखूँगी ?



प्रति अंग मधुरतर महा कीर्ति,
पीयूष सिंधु है प्रवहमान
अति मदालोल युग नयन वदन,
शतकोटि चंद्र शोभा निधान
अद्भुत सुकुमार ललित तन द्युति,
आनंद केलि सरिता समान
श्री राधा प्रणय प्रवाह मध्य,
क्या कभी करुँगी रस स्नान
ll162ll

## भावार्थ

प्रत्येक अंगों से प्रदर्शित किये जाने वाले हाव-भाव, जिनके अमृत के सिन्धु के समान मिष्ट तथा अतिशय मधुरातिमधुर क्रीड़ा-कुशल रूप का सुयश प्रकट किया करते हैं, जिनका मुख कोटि-कोटि चन्द्रमाओं को लज्जित करने वाला है, जिनके नेत्र मद से भरे हुए एवं अतिशय चंचल हैं, जिनके श्रीअंग की कमनीयता एवं सुकुमारता अति अद्भुत है; श्रीराधा की उन आनन्द का निर्झरण करने वाली केलि सरिताओं के प्रेम-रस से पूर्ण प्रवाहों का, क्या मैं अवगाहन करूँगी ?



मैं दैत्य राज तो नहीं कर रहे,
मेरे कंठ नखाग्रघात
मेरा कुचतट पीड़ित न करो,
मैं नहीं पूतना असुर जात
शुक अनुकृत प्रिय संगम समयोचित,
श्री राधा मुख उक्तबात
मैं केलि कुञ्ज मार्जन करती,
क्या कभी सुन सकूँगी प्रभात
॥163॥

## भावार्थ

"मेरे कंठ में नाखूनों का प्रहार क्यों कर रहे हो, मैं दैत्यराज तृणावर्त्त नहीं हूँ। मेरी कुचतटी पर इस प्रकार की पीड़ा मत करो, मैं पूतना नहीं हूँ।" - हे सखी! रात्रि में, प्रियतम (श्रीलालजी) के साथ संगम के समय, आपके द्वारा कहे गये इन वचनों को, तोते द्वारा ज्यों की त्यों नकल कर बार-बार बोलते हुए, प्रातः काल केलि-कुञ्ज की बुहारी लगाते समय, मैं कब सुनूँगी ?



जागृत स्वप्न सुषुप्ति निरंतर,
राधा पद छवि छटा स्फुरित
हो बैकुंठ नरक में भी,
श्रीराधा बिना ना चित्तस्थित
राधा केलि कथामृत निधि के,
महा प्रवाह समांदोलित
कालिंदीतट कुंज भवन,
प्रांगण में रहूँ सदानन्दित
ll164ll

## भावार्थ

जागते हुए, स्वप्न में तथा गहरी निद्रा में, श्रीराधा के चरण-कमलों की छटा ही मेरे हृदय में स्फुरित हो। वैकुण्ठ अथवा नरक में भी श्रीराधा-दास्य के अतिरिक्त मेरी अन्य कोई गति न हो। श्रीराधा की केलि-कथा रूपी अमृत के समुद्र की उत्ताल तरंगों से आन्दोलित मेरा मन, श्रीयमुनाजी के तट पर स्थित कुञ्ज मन्दिर के श्रेष्ठ आँगन में आनन्दित होता रहे।



श्रीकालिंदी तट नवललता,
मंदिर के अति सुरम्य प्रांगण
नव नव रति केलि विलास जनित,
श्रम सलिल सिक्त प्यारी प्रियतम
गाढ़ालिंगन आनन्दोन्मीलित,
नयन युगल कर रहे शयन
तब क्या अतुलित सुखप्रद शीतल,
मैं स्वकर करुँगी कभी व्यजन
ll165ll

## भावार्थ

अहा हा ! श्रीयमुनाजी के तट पर स्थित नवीन लताओं द्वारा निर्मित किये गये मन्दिर के आँगन में गये हुए, सुरत-संग्राम में निकले हुए पसीने से भींगे हुए शरीर वाले एवं एक दूसरे के सुखद स्पर्श से मुँदे हुए नेत्रों वाले, श्रीराधा-माधव (श्रीप्रियाजी-श्रीलालजी) को परम शीतलता का सुख देने के लिये, मैं उनकी पंखे से हवा कब करूँगी ?



वे कभी हिंडोलें पर झूले,
करते हैं कभी गान मनहर
कर अद्भुत सुरत विहार कभी,
फिर सुमनवायु सेवन श्रमहर
अति रसमय प्रणय विलास निरत,
रहते वृन्दावन निशि वासर
अनुपम विदग्ध नागरी प्रिया,
प्रियतम अनुरूप रसिक शेखर
॥166॥

## भावार्थ

अहो ! मधुर और आद्य रस की प्रेम-क्रीड़ाओं के क्रीड़ा-स्थल वृन्दावन में चतुर शिरोमणि नागरी (श्रीप्रियाजी) एवं रसिकशेखर (श्रीलालजी) - ये दोनों कभी मधुर स्वर से गाते हुए, कभी झूले पर जोर-जोर से झोटे लेते हुए, कभी फूलों की सुगन्ध से युक्त वायु का सेवन करते हुए और कभी सुरत-केलि की कलाओं का प्रदर्शन करते हुए खेल रहे हैं।



देखा संध्या के समय आज,
वे नवलकिशोर श्याम सुन्दर
हो रहे कदम्ब विपिन प्रविष्ट,
अपने कर ले श्रीराधा कर
शैय्या पर नव संगम सुख तरल,
तरंग तिरस्कृत शीत्कृत स्वर
कब कुंज रंध्र आश्रित श्रवणों में,
संचित कर लूँगी रसभर
॥167॥

## भावार्थ

अहा हा! आज सन्ध्या होने पर, किशोर शिरोमणि श्याम (श्रीलालजी) अचानक उनके (श्रीप्रियाजी के) दोनों हाथ पकड़कर और उन्हें लेकर कदम्ब के वन में प्रविष्ट हो गये। वहाँ शैया पर दोनों के मिलते ही, दोनों के रति-प्रवाह में अपरिमित वृद्धि होने पर, श्रीप्रियाजी के मुख से निकली आनन्दोद्रेक को अभिव्यक्त करने वाली शीत्कार ध्वनियों एवं उनके द्वारा श्रीहरि (श्रीलालजी) को दी गयी सुखद प्रताड़ना (डाँट) को, क्या मैं अपने कानों से सुनूँगी ?



अब तो वे रसिक किशोर हुए,
श्री राधे बृजरानी कुमार
तुम भी तो अब बालिका नहीं,
बाला ही हो मेरे विचार
सुनते ही बाल्य विलुप्त प्रगट,
नवयौवन अद्भुत चमत्कार
वह नित्य किशोरी रूप कभी,
मैं देखूँगी सौंदर्य सार
ll168ll

## भावार्थ

"हे श्रीमती राधे ! श्रीयशोदाकुमार (श्रीलालजी) किशोर अवस्था को प्राप्त हो चुके हैं, इसी प्रकार तुम भी रसाधिक्य के वशीभूत होकर मधुर रस की किशोरावस्था को प्राप्त हो गई हो। यह बड़ा सुन्दर साधुयोग है।" - इस प्रकार कहे जाने पर, जिनमें मुग्धावस्था में ही नित्य किशोर लीला की शोभा-सम्पत्ति का आविर्भाव हो गया है; ऐसी किशोरावस्था में नित्य प्रकट रहने वाली सहज किशोरी (श्रीप्रियाजी) क्या हमारे दृष्टिगोचर होंगी ?



एक कनक चम्पक आभामय,
अपर नील नीरज श्यामल
एक सरस प्रतिकूल दूसरा,
केलि तरल अतिशय चंचल
एक सगर्वमान भंगी युत,
अपर चाटुकारिता विकल
कब निकुँज गृह में देखूँगी,
ऐसे मोहन रसिक युगल
।।169।।

## भावार्थ

अहो ! एक (श्रीप्रियाजी) की श्रीअंग की शोभा स्वर्ण चम्पक के पुष्प के समान है, तो दूसरे (श्रीलालजी) का वर्ण नीले बादलों के समान श्यामांग है; एक (श्रीलालजी) काम के आवेश के कारण अत्यन्त चंचल है, तो दूसरा (श्रीप्रियाजी) हृदय से अनुकूल होते हुए भी बाहर से प्रतिकूल ही बना रहता है; एक (श्रीप्रियाजी) मान की अनेकानेक भंगिमाओं से पूर्ण है, तो दूसरा (श्रीलालजी) रसमय वचनों के द्वारा चाटुकारी करता रहता है; निकुञ्ज सीमा के अन्तर्गत क्रीड़ा परायण, ऐसे आश्चर्यमय महा मोहन युगल को, क्या मैं देखूँगी ?



निभृत निकुंज मंजु अंतर्गृह,
अतिशय मदनाक्रान्त युगल
शोभित सरस कुसुम शैया पर,
नव नव केलि विलास कुशल
विविध विहार कला कर प्रस्तुत,
रति विक्रम विचित्र उज्जवल
अम्बर नीलपीत परिवर्तित,
पीत नील द्युति जयति युगल
॥170॥

## भावार्थ

एकान्तिक सुन्दर कुञ्ज के भीतरी भाग में, काम के अतिशय आवेग से पूर्ण, पहले के बाद दूसरा तथा दूसरे के बाद फिर पहला, के क्रम से विचित्र रति के पराक्रम को प्रदर्शित करते हुए एवं अपने नीले तथा पीले रंग के वस्त्रों को आपस में बदलते हुए, कोई दो अनिर्वचनीय नील एवं पीत ज्योतियाँ, अद्भुत रूप से एक दूसरे से मिली हुई, सर्वोत्कृष्ट रूप से विराजमान हैं।



पुलकित भुजमाल कंठ विलसित,
अद्भुत अरविंद फिराते कर
उन्मत्त मदन आनंद प्रफुल्ल,
मृदु मधुर सुहास सरस सुन्दर
मदमत्त गजेंद्र ललित गति,
श्रीवृन्दावन कुँज गमन मंथर
मेरे मन तू भव भ्रमण त्याग,
बन रसिक युगल पद कमल भ्रमर
ll171ll

## भावार्थ

जिन्होंने अपनी रोमांचित भुजाओं को एक दूसरे के कन्धे पर रखा हुआ है, जो अपने हाथों में स्थित अद्भुत कमल को घुमा रहे हैं, जो काम से उन्मत्त बने हुए हैं, जो एक दूसरे से हास-परिहास करते हुए चमत्कारपूर्ण आनन्द से युक्त दिखाई पड़ रहे हैं; सुन्दर वृन्दावन में, ऐसे दोनों रसिकों (श्रीप्रियाजी एवं श्रीलालजी) की, मतवाले हाथी की सैकड़ों भंगियों से युक्त, चाल का स्मरण करो।



दृग चपल मनोहर मीन युग्म,
विद्रुममणि विलसित अरुण अधर
कंदर्प तरंगित श्रोणि द्वीप,
करि शावक कुम्भ उरोज सुघर
गंभीर नाभि आवर्त सरस,
श्रीकृष्ण प्रेम रस की सागर
मैं राधा पद परिचर्या की,
योग्यता ढूँढती निशि वासर
ll172ll

## भावार्थ

जो श्रीहरि (श्रीलालजी) के लिए प्रेम रूपी अमृत के अत्यन्त सघन एवं विशाल सागर स्वरूपा हैं, जिसमें उनके भोले नेत्र ही मर्छालयों की भाँति खेल रहे हैं, उनके अधर ही विद्रुम मणि की तरह चमक रहे हैं, उनका भारी कटि-प्रदेश ही द्वीप सदृश दिखाई पड़ रहा है, उनके उरोज ही उमंग भरे कामदेव रूपी हाथी के बच्चों के गण्डस्थलों जैसे लग रहे हैं एवं उनकी नाभि ही गंभीर भँवर के समान प्रतीत हो रही है; मैं ऐसी सिन्धु स्वरूपा श्रीराधा के चरण-कमलों की परिचर्या करने की योग्यता का ही अन्वेषण करती हूँ।



प्रज्ज्वलित प्रलय
की अग्नि सदृश्य,
है जिनको पलकांतर
वियोग
आराध्य प्रणय
रस रज्जु बद्ध,
राधा माधव का
नित्य योग
॥173॥

## भावार्थ

आश्चर्य है कि किसी भी प्रकार से होने वाले शारीरिक विलगाव के निमिष मात्र के वियोगाभास से ही जिनके तन और मन प्रलय काल की कोटि-कोटि प्रचण्ड ज्वाला के समान प्रज्ज्वलित हो उठते हैं, जो इस लोक में श्रीराधा-माधव के नाम से जाने जाते हैं; वे दोनों अद्भुत प्रेम की मूर्ति हैं, परम मधुर हैं तथा प्रगाढ़ प्रेम की डोरी से कसकर बँधे हुए हैं। उस प्रकाश-युगल को मैं जानता हूँ।



रतिरण उन्मुक्त सुकेशपाश,
कर भली प्रकार पुनर्बंधन
टूटी मुक्ता माला सहेज,
फिर गूँथ सजाऊँ अलंकरण
कस्तूरी तिलक सँवार सरस,
कर यौवनमणि भूषित भूषण
वृन्दावन नव निकुँज में कब,
मैं धन्य करुँगी निज जीवन
॥174॥

## भावार्थ

निकुञ्ज के अन्तर्गत, नवीन सुरत-संग्राम में, युवतियों की शिरोमणि श्रीप्रियाजी के, रति-विलास के समय में, खुलकर छूटे हुए बालों को, मैं कब बाँधूँगी ? उनकी टूटी हुई नवीन मुक्ताओं से निर्मित माला को कब पिरोऊँगी ? तथा कस्तूरी के द्वारा, मिट गये तिलक की रचना, कब करूँगी ?



तब औरों की क्या बात जँहा,
बैकुंठ हुआ कुंठित प्रदेश
राधा माधुर्य विघ्य मधुपति,
माधव मधुता राधा विशेष
परम उज्जवल रस माधुर्य मूल,
वृन्दावन में नव कुँज देश
दे दिया सहित आस्वाद युगल,
राधा किंकिरिगण को अशेष
ll175ll

## भावार्थ

जब श्रीवृंदावन धाम की महिमा के सामने, श्रीवैकुंठ धाम भी तेजहीन प्रदेश बन गया, तब अन्यत्र की तो बात ही क्या कही जाए। श्रीराधा (श्रीप्रियाजी) के माधुर्य को केवल मधुपति (श्रीलालजी) ही जानते हैं और श्रीलालजी के माधुर्य को केवल श्रीराधा (श्रीप्रियाजी) ही जानती हैं। परम रस-सुधा-माधुरी के अन्यतम स्रोत इस श्रीधाम वृन्दावन ने, आस्वादनीय युगल (श्रीप्रियाजी एवं श्रीलालजी) को, सम्पूर्ण रूप से, श्रीराधा किंकरीगणों को प्रदान कर दिया है।

श्रीमद्‌राधासुधानिधिस्तोत्र



विलसित अति दिव्य वदन पंकज,
गंभीर नाभि भँवरी ललाम
शोभित नितम्ब वर पुलिन मुखर,
काँची अम्बुध मालाभिराम
उज्जवल रस केलि तरंगमयी,
रसिकेश सिंधु संगम सकाम
नव सुरतरंगिणि जयति सदा,
कोई श्री वृंदाविपिन धाम
ll176ll

## भावार्थ

वृन्दावन में कोई एक अनिर्वचनीय सुरत के रंग रँगी हुई राधा रूपी देव नदी गंगा सर्वोत्कृष्ट रूप से सदैव विराजमान रहती है, जिसमें उनका शोभायमान श्रीमुख ही कमल है, उनकी नव गंभीर नाभि ही भँवर है, उनका कटि-प्रदेश ही पुलिन स्थली है, शोभा युक्त शब्दायमान किंकिणी ही तट पर स्थित हंसों की पंक्ति है। यह नदी विशुद्ध रूप से रस को प्रवाहित करने वाली है तथा श्रीलालजी रूपी रस के सागर से मिलने के लिये सदैव उन्मद बनी रहती है।



नव अनंग
रस तरंगिणी,
श्रीराधा को
उर पर सहेज
मधुकर गुँजित
माधवी लतागृह,
विलसित कोई
नील तेज
॥177॥

## भावार्थ

आश्चर्य है कि भ्रमरों की मन्द मन्द गुंजार से गुंजरित एवं माधवी लता की सुगन्ध से पूरित सुन्दर मण्डप में, काम के ताप से संतप्त एवं सुरत-केलि से संप्राप्त होने वाले आनन्द रूपी अमृत में प्रमत्त, कोई ज्योति प्रतिक्षण बढ़ती जा रही है, अर्थात् श्रीलालजी अतिशय चंचल हो रहे हैं। उन्होंने अपने सुखमय एवं अमृतमय नीलाभशरीर रूपी समुद्र में, कामदेव को भी नव जीवन प्रदान करने वाली, संगम को प्राप्तहुई रस-सरिता रूपी श्रीप्रियाजी को धारण कर रखा है, अर्थात् श्रीलालजी ने श्रीप्रियाजी को अपनी गोद में विराजमान कर रखा है।



रोमावली कालिंदी जैसी,
बंधुकबन्धु द्युतिभा समान
सर्वांग सुकोमल चम्पक छवि,
नाभि सरसी शोभायमान
कुच पुष्प गुच्छ भुजलता सुभूषण,
रव अली ज्यों गुंजायमान
माधव मन  हरतीं श्रीराधा,
श्रीवृन्दावन शोभा समान
ll178ll

## भावार्थ

श्रीराधा के रूप में, किसी दूसरे वृन्दावन ने मधुपति (श्रीलालजी) के मन को चुरा लिया है। इस राधा रूपी वृन्दावन में, उनकी रोमावली श्रीयमुनाजी हैं, उनके अधरों में दुपहरिया के फूलों की प्रभा है, उनके सर्वांग में खिले हुए चम्पा के फूलों की कान्ति है, उनकी नाभि सरोवर की शोभा दे रही है, उनके दोनों कुच फूलों के गुच्छे लग रहे हैं, उनकी भुजायें लताओं सदृश हैं एवं किंकिणी आदि आभूषणों की मधुर ध्वनि मानों मुनैया आदि पक्षियों का मधुर कलरव है।



राधा माधव केलि महोत्सव,
नित्य नवीन निकुंज सदन
जाऊँगी मैं जब प्रभात,
भीतर करने को सम्मार्जन
अंगराग मर्दित शैय्या से,
ले कर लूँगी उर लेपन
बिखरे पुष्प गूँथ कर माला,
कंठ करूँगी कब धारण
॥179॥

## भावार्थ

प्रातः काल निकुञ्ज मन्दिर के भीतरी भाग में, झाड़ू-बुहारी आदि साज-सज्जा के कार्य के लिए प्रविष्ट होकर, श्रीराधा-माधव (श्रीप्रियाजी एवं श्रीलालजी) की, रात्रि में विचित्र सुरत-केलि के समय, अस्त-व्यस्त हो गयी शैया पर, लगे हुए अंगराग के द्वारा, मैं अपने शरीर को कब अलंकृत करूँगी ? तथा वहीं पर टूटकर गिरी हुई, उनकी मालाओं को फिर से पिरोकर, उन्हें अपने कंठ में कब धारण करूँगी ?



कभी प्रेष्ठ यश वलित पद्य से,
करतीं गृह शुक अध्यापन
मोर मुकुट वर गुंज माल,
अपने कर रचतीं हैं नूतन
सुन्दर चित्र बनाकर प्रिय का,
करती फिर फिर आलिंगन
एवं विध स्वामिनी हमारी,
करती विरह दिवस यापन
ll180ll

## भावार्थ

कभी तो अपने प्रीतम (श्रीलालजी) के यश का गान करने वाले श्लोकों को, निकुञ्ज गृह के तोतों को पढ़ाती हैं, किसी समय उनके लिए सुन्दर गुंजाओं की माला और मोर मुकुट का निर्माण करती हैं और कभी उनकी प्रियमूर्ति का चित्रण करके, उसे अपने आकुल कुचों का स्पर्श कराती हैं; इस प्रकार के व्यापारों द्वारा, मेरी प्रिय स्वामिनी श्रीराधा अपना दिन (वियोग पूर्ण समय) व्यतीत करती हैं।



प्रियतम संग सुधा सदानुभविनि,
नित्य प्रणय भाविनी
लीला पंचम रागिनी रतिकला,
भंगी शतोदभाविनी
कारुण्यद्रव भाविनी सुकटि में,
काँची मधुर राविणी
राधा मम गति नित्य पद्युगल,
से प्रेमामृत स्त्राविनि
ll18ll

## भावार्थ

जो सदा सर्वदा प्रियतम (श्रीलालजी) के संगम रूपी अमृत के आस्वादन का अनुभव किया करती हैं, जो पुनः पुनः नये-नये भावों से भव्य होती रहती हैं, जो लीला विशेष के साथ पंचम राग का गान करने वाली हैं, जो रति कला की सैकड़ों भंगियों को प्रकट करने वाली हैं, जो अपने जनों के प्रति सदा करुणा से द्रवित बनी रहती हैं, जो अपने कटि प्रदेश में धारण की हुई किंकिणी से सांगीतिक ध्वनियों को उत्पन्न करने वाली हैं तथा जो अपने युगल चरणों से प्रेमामृत का निर्झरण करती रहती हैं; वे श्रीराधा ही मेरी एकमात्र गति हों।



कोटिन्दुचछवि हासिनी नव सुधा,
धारा मधुर भाषिणि
वक्षोजों से हेमकुम्भ युग का,
श्री गर्व निर्वासिनी
चित्र ग्राम निवासिनी नव नव,
प्रेमोत्सवोल्लासिनी
वृन्दारण्य विलासिनी कभी,
क्या होंगी उरोल्लासिनी
ll182ll

## भावार्थ

जिनका हास्य कोटि-कोटि चन्द्रमाओं की शोभा से युक्त है, जिनकी वाणी से नवीन अमृत की वर्षा होती है, जो अपने कुचों की शोभा से स्वर्ण-कलशों की श्री का गर्व दूर करने वाली हैं, जो अनन्तानन्त नई-नई मधुर भावनाओं से सुचित्रित प्रीतम (श्रीलालजी) के हृदय में निवास करने वाली हैं एवं जो प्रतिक्षण नव-नव प्रेमोत्सव के उल्लास से भरी रहती हैं; वे वृन्दावन की निभृत निकुञ्जों में विलास करने वाली श्रीराधा, क्या कभी मेरे हृदय में उल्लसित होंगी ?



श्रीगोविन्द प्रसाद ललित,
ताम्बूल कर रही आस्वादन
पुलकित तन प्रिय सखी केसरी,
रंग दुकूल किये धारण
नूतन वस्त्र विभूषण सज्जित,
वृंदा विपिन निकुंज सदन
श्रीललिता मुझको देंगी कब,
निज संगीत कला शिक्षण
॥183॥

## भावार्थ

श्रीगोविन्द (श्रीलालजी) द्वारा प्रेम से समर्पित किये गये पान की बीरी के टुकड़े का बार-बार स्वाद लेते हुए, जिनका शरीर पुलकित हो रहा है एवं खिले हुए नवीन कमल की केशर की कान्ति वाले वस्त्र से सुसज्जित अंगों वाली, मेरी प्रिय सखी (श्रीप्रियाजी), मुझे अपनी संगीत-कला की शिक्षा कब देंगी ?



मुक्ता छवि विलसित दशनावली,
नव पल्लव आभा अरुण अधर
मकराकृत कुण्डल चपल नयन,
युग चकित कटाक्ष चारु मनहर
राधे तब निर्मल मुख मण्डल,
मैं स्मरण किया करती प्रतिपल
॥184॥

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! आपकी दन्तावली अत्यन्त चमकदार श्रेष्ठ मोतियों की भाँति शोभित हो रही है, मनोहर एवं नवीन पल्लवों जैसे आपके अधर विद्रुम मणि की छटा से भी सुन्दर लग रहे हैं, आपने कानों में चंचल मकराकृत कुण्डल धारण कर रखे हैं एवं आपके नेत्र कटाक्ष युक्त तथा मृगछौनी जैसी चकित दृष्टि से पूर्ण बने हुए हैं; मैं आपके निर्मल मुख मण्डल का स्मरण करती हूँ।



घुंघराली अलकावलि चंचल,
नव तिलक सुशोभित भाल स्थल
तिल पुष्प समान नासिका पुट,
शोभायमान वर मुक्ताफल
अनुपम पीयूष निधान सरस,
सर्वथा कलंक रहित उज्जवल
मम भव्य भावना में विलसित,
राधिके तुम्हारा मुख मंडल
॥185॥

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! आपकी घुँघराली अलकें चंचल हो रही हैं, आपके भालस्थल पर तिलक सुशोभित है एवं तिल के फूल जैसी आपकी नासिका में बेसर का मोती जगमगा रहा है; कलंक से रहित चन्द्रमा से भी अत्यन्त उज्ज्वल एवं अमृत से पूर्ण तथा प्रेम-रस के सौन्दर्य से युक्त, आपके मुख मण्डल की, मैं भावना करती हूँ।



उल्लासपूर्ण प्रेमामृत रस,
सौभाग्य सार अद्भुत विकास
नव नव कुंजों में नित्य केलि,
कौतुक रत जो करते निवास
उत्फुल्ल नीलवर स्वर्ण कमल,
की कांति चोर माधुर्य राशि
आनंद कंद कोई किशोर युग,
ज्योति करे उर पुरप्रकाश
॥186॥

## भावार्थ

जो प्रेम के पूर्णतम रूप के अमृतमय, रसमय एवं उल्लासमय स्वरूप-सौन्दर्य का सार है, जो नई-नई रति-कलाओं के चमत्कार से युक्त होकर कुञ्ज-कुञ्जों में केलि परायण है, जो विकसित नील कमल और कनक कमल की कान्ति को हरण करने वाला है; ऐसा परमानन्द का मूल कोई अनिर्वचनीय किशोरावस्था वाला ज्योति युगल सुशोभित हो रहा है।



जिनके कटाक्ष
लव के बंदी,
वृन्दावन नव
गजमत्त श्याम
मेरी भव बाधा
हरण करें,
वे श्रीराधा
माधुर्य धाम
।।187।।

## भावार्थ

जिन्होंने विविध क्रीड़ा विलासों का विकास करने वाले अपने कटाक्षों को एक कला से वृन्दावन के मदोन्मत्त गजराज (श्रीलालजी) को ऐसा बन्दी बना लिया है कि जिनकी आज्ञा का संकेत मात्र पाकर, स्वयं कुशल होने पर भी, आज्ञा का पालन करने के लिये, वे क्रीड़ा-मृग की भाँति जड़ जैसे बन जाते हैं;
वे श्रीराधा हमारी साधारण गति को शिथिल करें।



नेत्रांचल प्रसवित सहज,
माधुर्य सुधा रस सिंधुसार
है श्रीगोपेन्द्र कुमार मोहिनी,
कृपाद्रष्टि विस्तृत अपार
है करुणमयि स्वामिनी उदार,
अब सुनो आर्तजन की पुकार
निज मधुरस्मित मंडित मुख पंकज,
दिखलाओ तुम एक बार
॥188॥

## भावार्थ

जो गोपेन्द्रकुमार (श्रीलालजी) को मोहित करने वाली महाविद्या रूपा हैं, जिनके नेत्र प्रान्त से, देदीप्यमान माधुरी सार को विस्तार करने वाला, रस का समुद्र सहज रूप से प्रवाहित होता रहता है, जिनके कटाक्ष करुणा से भींगे हुए एवं अनेक मधुर भंगियों से पूर्ण बने रहते हैं, जिनका मुख-कमल मन्द-मन्द हास्य से युक्त बना रहता है; ऐसी हा-हा स्वामिनी श्रीराधिके ! आप मुझ पर अपनी थोड़ी सी कृपा दृष्टि प्रदान कीजिये।



ओष्ठ प्रान्त उच्छलित दयति,
उद्गीर्ण सरस ताम्बूल राग
कर के तिरछी ग्रीवा सुन्दर,
गा रही उच्च स्वर मधुर राग
भ्रूकुटि बंक पुलक मंडित तन,
शोभित प्रियतम वाम भाग
श्रीराधा के दर्शन करके,
सौभाग्य हमारे उठे जाग
॥189॥

## भावार्थ

जो प्रियतम (श्रीलालजी) को अपना चर्बित पान देने के लिये, उसे अपने अधरों तक लाई हैं, जिससे उनके ओष्ठ प्रान्त में, उस पान की लालिमा उच्छलित हो रही है, जो विचित्र भंगियों के साथ, चित्रभंगी नामक वीणा पर, उच्च स्वर से, स्वरचित गीत काव्य का गान कर रही हैं, उस समय उनकी ग्रीवा कुछ तिरछी सी हो रही है और दोनों भौंहें कुछ टेढ़ी सी होकर ऊपर चढ़ सी गयी हैं, रागानन्द की विपुल पुलकावलि से मण्डित श्रीराधा, प्रियतम (श्रीलालजी) के वाम भाग में सुशोभित हो रही हैं।



क्यों रे धूर्त प्रवर करता है,
प्यारी सखी समीप गमन
कहीं छू लिया नवल स्तन तो,
हो जायेगा मूर्छित तन
प्रेम विवश पग पग पर,
प्रियतम अनुगामी होते प्रतिक्षण
व्यंग्य वचन से यों राधे कब,
मोहूँगी दोनों का मन
ll190ll

## भावार्थ

"रे धूर्त्त शिरोमणि ! तुम हमारी प्राण सखी के निकट क्यों चले जा रहे हो ? उन बाला की कुच तटी को, अपने हाथों से स्पर्श करने मात्र से, निश्चय ही तुम विमुग्ध हो जाओगे।" - हे श्रीराधे ! पग-पग पर रस-विवश एवं आपका अनुगमन करने वाले नागर शिरोमणि (श्रीलालजी) को, इस प्रकार भंगी विशेष से या वचन चातुरी से डाँटते हुए, मैं आप दोनों के चित्त को कब विमोहित करूँगी ?



कब श्री राधा चरण कमल मैं,
कर अपने उर में धारण
विधि निषेध को त्याग बनुँगी,
युगल किशोर कृपा भाजन
सर्व सुखद गोविंद जानकर,
मुझे अनन्य समाश्रित जन
स्वयं कृपा करके देंगे कब,
नव नव केलि कला शिक्षण
ll191ll

## भावार्थ

श्रीराधिकाजी के कृपापूर्ण चरण-कमलों को अपने हृदय में धारण करके, संसार में आने और जाने के इस नियत किये गये विधि-विधान को, मैं सम्पूर्ण रूप से कब त्याग दूँगी ? तथा समस्त सुखों को देने वाले गोविन्द (श्रीलालजी), राधा की अनन्य होने के कारण स्वयं को धन्य मानने वाली मुझको, श्रीप्रियाजी की प्रेमपात्री जानकर, स्वयं ही काम-कला की शिक्षा कब प्रदान करेंगे ?



उद्दाम काम
संग्राम जनित,
जब स्वेदसिक्त
होंगे युग तन
राधा माधव
बयार सेवा,
कर धन्य करूँगी
कब जीवन
॥192॥

## भावार्थ

प्रबल काम से युद्ध करने के लिये, उत्तेजनापूर्ण उतावलेपन के कारण, उत्पन्न हुई पसीने की बूँदों से, जिन दोनों के शरीर गीले, शिथिल एवं विचित्र हो रहे हैं, सुखद वायु प्राप्त करने के लिये, जो कुञ्ज के द्वार पर आकर खड़े हो गये हैं; उन श्रीराधा और रसिकशेखर (श्रीलालजी) की, परम प्रीति पूर्वक पंखे से हवा करते हुए, मैं कब भाग्यशाली होऊँगी ?



जब निभृत निकुंज भवन भीतर,
नव कुसुम सुकोमल शैय्या पर
अति प्रेमाविष्ट परस्पर पुलकित,
गाढ़ालिंगन नव रसभर
हो अर्धोन्मीलित नयन युगल,
कर रहे शयन प्राणाधीश्वर
कर पद संवाहनादि सेवा,
कब सुख पहुँचाऊँगी सत्वर
॥193॥

## भावार्थ

निकुञ्ज के अभ्यन्तर नये-नये पुष्पों से सुसज्जित शैया पर लेटे हुए, एक दूसरे के प्रति प्रेम के आवेश से भरे हुए होने के कारण, जिन्होंने अपनी अतिशय रोमांचित भुजाओं से एक दूसरे को आवद्ध वक्ष किया हुआ है एवं प्रगाढ़ आलिंगन रूपी उत्सव से संप्राप्त रसानन्द की अधिकता के कारण, जिनके नेत्र कभी खुले तथा कभी बन्द हो रहे हैं; अपने उन प्राणेश युगल (श्रीप्रियाजी एवं श्रीलालजी) को, चरण-सम्वाहन आदि सेवाओं के द्वारा, मैं कब सुख पहुँचाऊँगी ?



मद अरुण विलोचन अंग कांति,
करतीं है कनक दर्प मोचन
है प्रणय माधुरी रस विलास के,
हेतु सदा उत्कंठित मन
नव यौवन श्री उल्लास वलित,
अत्यंत ललित लीलायित तन
उस हेम गौर छवि ज्योति पुंज को,
करतीं हूँ उर में धारण
ll194ll

## भावार्थ

मद में मत्त होने से लालिमा युक्त नेत्र वाले, स्वर्ण के गर्व को खण्डित करने वाले, अतिशय प्रेम के माधुर्य से युक्त रसमय विलासों को करने के लिए सदैव उत्कंठित बने रहने वाले, मुकुलित वय नव किशोरावस्था की श्री से सम्पन्न एवं लीलामय ललित भाव भंगियों से पूर्ण, उस किसी अनिर्वचनीय स्वर्ण के समान गौर तेज (श्रीप्रियाजी) को, मैं ह्रदय मैं धारण करता/करती हूँ।



मदघूर्णित नयन युग्म नूतन,
रति रसावेश वश विलसित तन
प्राणाधिक प्रीती रीति पालक,
वलयित सुगात्र गाढ़ालिंगन
मरकत मणि द्रवित स्वर्ण शोभा,
हरिताभ लसित नव कुंज भवन
वह रसिक युगल की अनुपम छवि,
आलोकित हो मम हृदय सदन
॥195॥

## भावार्थ

जिनके नेत्र मद से घूम रहे हैं, नवीन प्रेम-रस के आवेश से जिन दोनों के शरीर विवश तथा उल्लसित हो रहे हैं, जिन्हें प्रेम की परिपाटी अपने प्राणों से भी अधिक प्रिय है तथा जो इसमें सर्वश्रेष्ठ हैं, जिन्होंने एक दूसरे का गाढ़ आलिंगन इस प्रकार से किया हुआ है कि वे कंकण की तरह गोल जैसे दिखाई पड़ रहे हैं; ऐसे इन्द्रनीलमणि (श्रीलालजी) एवं द्रवीभूत स्वर्ण की छवि के समान (श्रीप्रियाजी) - ये दोनों मेरे हृदय में स्फुरित हों।



प्रणय सुधारस
मग्न परस्पर,
रूप केलि अति
सम्मोहन
नीलपीत द्युति
युग्म प्रकाशित,
वृन्दावन नव
कुंज सदन
॥196॥

## भावार्थ

जो एक दूसरे के प्रेम-रस में डूब रहे हैं तथा जिनकी लीलायें एवं लीलाओं से निष्पन्न रूप-ये दोनों सम्पूर्ण विश्व को सम्मोहित करने वाले हैं; वह नील-पीत वर्ण वाला युगल (श्रीप्रियाजी एवं श्रीलालजी) तेज वृन्दावन के अन्तर्गत नवीन कुञ्ज भवन में देदीप्यमान हो रहा है।



चिर संचित पद
दास्य लालसा,
लेकर कालिंदी
तट पावन
कभी अतिथि
होऊँगी राधे,
कुंज धाम तब
श्रीवृंदावन
॥97॥

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! श्रीयामुनाजी के किनारे पर भलीभाँति से स्थित होकर एवं श्रीवृषभानुनन्दिनी (श्रीप्रियाजी) के दास्य भाव को मन में धारण करके, वृन्दावन की कुंज गलियों में, क्या मैं अतिथि होऊँगा?



पुंजीभूत रसामृत
अनुपम,
कालिंदी तट
कुंज भवन
अद्भुत केलि निधान
असीमित,
राधा विलसित
वृन्दावन
॥198॥

## भावार्थ

जो रस रूपी अमृत का घनीभूत रूप है एवं जो आश्चर्यजनक लीला-विलासों का भंडार है; ऐसा कोई अनिर्वचनीय राधा नामक तत्व श्रीयमुनाजी के तट पर स्थित कुञ्ज में उल्लसित हो रहा है।



रस समुद्र की
सार संपदा,
मूर्तीमति ज्यों
प्रीति विमल
विदग्धता की
हृदय जयति,
वृन्दावन अधिदेवी
अविचल
॥199॥

## भावार्थ

जो मूर्त्तिमान प्रीति ही है, जो रस के समुद्र की निर्मल सारभूत सम्पत्ति ही है एवं जो समस्त चतुरताओं की सार स्वरूपा है; ऐसी कोई अनिर्वचनीय वृन्दावन की स्वामिनी (श्रीप्रियाजी) सर्वोत्कृष्ट रूप से विराजमान हैं।



अद्भुत केलि
महोत्सव विलसित,
मोहन मूर्ति
अमृत रसघन
राधा चरण विलुंठित
मोर मुकुटधर,
हरि को नित्य नमन
॥200॥

## भावार्थ

जो घनीभूत रस की, मन को मोहित करने वाली मूर्त्ति जैसे हैं, जो अनूठे लीला-विलासों को, महोत्सव के रूप में मनाते हुए, नित्य उल्लसित बने रहते हैं एवं जो अपने सुन्दर मोर मुकुट को, श्रीराधा के श्रीचरणों में डुलाते रहते हैं; मैं उन श्रीहरि (श्रीलालजी) की वन्दना करता हूँ।



गा गा कर मधुर
मृदुल स्वर से,
हरि की लीला
अद्भुत सुललित !
कब कुंज सदन
मार्जन सेवा कर,
होऊँगी रस
सर निपतित !!
||201||

## भावार्थ

मधुसूदन (श्रीलालजी) के अत्यधिक रस से भरे अनूठे चरित्रों को मधुर से भी मधुर रीति से बार-बार गायन करते हुए, उनके उस केलि भवन की बुहारी आदि साज-सज्जा करती हुई एवं उसे चन्दनादि सुगन्धित जल से सींचती हुई, मैं रस-सरोवर में कब निमग्न हो जाऊँगी ?



पुलकित कम्पित
अत्यंत मधुर,
श्रीराधा के युग
नवल स्तन !
मृगमद से पत्रावली रचती,
क्या कभी करुँगी मैं दर्शन ? !!
||202||

## भावार्थ

अहा हा ! अतिशय पुलकित रोमावली से सुशोभित, कम्पायमान एवं अत्यन्त मधुर लीलामय वपु को धारण करने वाली श्रीराधिकाजी को, उनके कुच युगल पर कस्तूरी से कुछ अभूतपूर्व अनूठी पत्रावली की रचना करते हुए, मैं भाग्यशालिनी उनका दर्शन कब प्राप्त करूँगी ?



क्षण में सीत्कार कभी करतीं
क्षण में कम्पित फिर पुलकित तन !
करतीं हैं कभी प्रलाप आप ही,
"श्याम श्याम" कर उच्चारण !!
वह महा प्रेममय प्रमद मदन,
रस की दात्री अद्भुत रस घन !
सर्वदानंदमयी मूर्ति जयति,
वृषभानु गोप कुल की भूषण !!
||203||

## भावार्थ

किसी क्षण शीत्कार करती हुई, किसी क्षण अत्यन्त कम्पित होती हुई तथा किसी क्षण रोमांचित होकर "हे श्याम ! हे श्याम !"- ऐसा उच्चारण करती हुई, महा प्रेम-स्वरूपा, गर्व से उन्मद मद वाले कामदेव के उद्दाम रस को देने वाली, सदैव मूर्त्तिमान आनन्द स्वरूपिणी, किसी अनिर्वचनीया वृषभानु के कुल की मणि स्वरूपा (श्रीप्रियाजी) की जय हो।

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्रं



जिनकी पद नख मणि प्रभास्नात,
अतिभूरि भाग्यजन प्रणत हृदय !
होती है उनके भक्ति परम रस,
चमत्कारिणी का समुदय !!
नवप्रणय घनाकृति श्रीबृजराज,
किशोर चित्त की चोर सदय !
देंगी कब अपना दास्य किशोरी,
निगम शिरोमणि स्निग्ध प्रणय !!
||204||

## भावार्थ

जो घनीभूत प्रेम की मूर्त्ति हैं, जिनके चरणों के नखों की चाँदनी के प्रवाह में स्नान किये हुए व्यक्ति के हृदय में कोई अनिर्वचनीय चमत्कारिणी सरस भक्ति-रसभक्ति-का सम्यक प्रकार से उदय हो जाता है, जो गोकुल भूप नन्दन (श्रीलालजी) के मन को चुराने वाली हैं एवं जो समस्त उपनिषदों के लिये परम रहस्यमय हैं; वे श्रीराधा मुझे अपना दास्य कब प्रदान करेंगी ?



श्रीहरि कर कमलतूलिका से,
जो है यथेच्छ चित्रित रंजित !
नाना विधि केलिकलाप कुशल,
बृजबालाओं से अभिवन्दित !!
उपनिषदों के अन्तःस्तल में है,
गूढ़ रूप से आलोकित !
वे लीलालास्य निरत राधा,
पद युगल बसे मम् उर नर्तित !!
||205||

## भावार्थ

जिन चरणों को श्रीहरि (श्रीलालजी) ने अपने हाथों द्वारा चित्र-लेखनी के माध्यम से अपनी इच्छानुसार महावर से चित्रित किया है, जो अनेक प्रकार की क्रीड़ाओं में चतुरा गोपिकाओं (सखियों) के समूह से वन्दित हैं एवं जो अत्यन्त गुप्त भाव से उपनिषदों के हृदय में ही विद्यमान हैं; लास्य नृत्य से पूर्ण अद्वितीय लीला करती हुई, उन श्रीराधा के दोनों चरण मेरी गति हैं।



नव विलसित महामाधुरी की,
साम्राज्य शिखर क्रीड़ा सरिते !
है सांद्र प्रेम प्रवाह वर्षिणी,
है अतिशय करुणा भरिते !!
तुम श्रीवृन्दावन चंद्र चित्त मृग,
हेतु समुज्ज्वल रज्जु रूप !
है नव निकुंज नागरी राधे,
मैं क्रीता रस दास्यानुरूप !!
||206||

## भावार्थ

घनीभूत प्रेम-रस के प्रवाह की वर्षा करने वाली, प्रतिक्षण उमगते हुए महामाधुर्य के अद्वितीय साम्राज्य की सर्वश्रेष्ठ केलि-सम्पत्ति से सम्पन्न रहने वाली, करुणा से भरी हुई सरिता के स्वरूप वाली, वृन्दावनचन्द्र (श्रीलालजी) के चित्त रूपी हिरण को वश में करने के लिए देदीप्यमान रज्जु स्वरूपिणी, नव निकुञ्ज की नागरी, हे श्रीराधे ! मैं आपके दास्य रूपी उत्सव के लिए खरीद ली गई हूँ।



स्वेदाम्बु सिक्त है अंग दूर तक,
किया आपने पुष्प चयन !
हो गया तिलक का सम्मार्जन !!
वक्षोज हुए हैं क्षत विक्षत,
लग गए बहुत से कंटक वन !
हिम आद्र पवन के कारण हैं,
हो गये अधर पर नूतन व्रण !
यों वचन चातुरी से राधे
मैं गुप्त रखूँगी श्याम मिलन !!
||207||

## भावार्थ

अहह हे श्रीराधिके ! आपके स्वयं के द्वारा रची गई, प्रियतम (श्रीलालजी) के साथ होने वाली प्रेम-क्रीड़ाओं को, स्फुट परिहास करने वाली सखियों से, मैं इस प्रकार कहकर छिपा लूँगी कि - "मेरी प्राणसखी के श्रीअंग से जो पसीना बह रहा है, वह दूर प्रदेश से फूल चुनकर लाने के कारण ही है (विहार से नहीं)। इनके युगल कुचों पर जो निशान दिखाई पड़ रहे हैं, वे काँटे लगने के कारण ही हैं (नखक्षत के नहीं)। पसीने से ही इनका तिलक मिट गया है (प्रियतम के संग से नहीं)। हमारी सखी के अधर अत्यन्त शीतल पवन स्पर्श के कारण ही क्षत-विक्षत हो रहे हैं (दन्त क्षत से नहीं)।"

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र



फिर फिर पदाम्बुजों में गिरकर,
अनुनयरत हो नव श्याम भ्रमर !
मंदस्मित मंडित मुखमधु पी,
कर रहा घात कुच मंडल पर !!
निश्चय ही चाह रहा प्रवेश,
मुकुलिंद हैमारविन्द भीतर !
कब इस झाँकी के दर्शन कर
मैं होऊँगी मज्जित रस सर !!
||208||

## भावार्थ

मन्द-मन्द हास्य से युक्त तथा चन्द्र जैसे मुख वाली, उन श्रीप्रियाजी के चरण-कमलों में बार-बार गिरकर, श्रीकृष्ण (श्रीलालजी) रूपी भ्रमर द्वारा उनके मुख-कमल का रस पान करने के पश्चात्, अत्यधिक आवेश में होकर, निश्चय ही उनके कुच-कमलों के भीतर प्रवेश पाने के लिए, कनक-कमल की बन्द कली जैसे उनके दोनों कुचों को, श्रीलालजी के नखों से विदीर्ण होते हुए, क्या मैं देखूँगी ?



ये कुंजे वही वही अनुपम हैं,
रासस्थल सुषमा मंडित !
रति रंग समर आह्लाद दायिनी,
गिरि कंदरा सभी शोभित !!
है और सभी कुछ ज्यों की त्यों,
पर कहीं ना श्रीराधा दर्शित !
यह सोच हृदय मम प्राणेश्वरी,
हा! कब होगा शतधा खंडित !!
||209||

## भावार्थ

आश्चर्य है कि ये कुजें वे ही हैं, यह अनुपम रासस्थल भी वही है तथा रति के रंग में अत्यन्त प्रिय लगने वाली पर्वत की कन्दरायें भी वही हैं; किन्तु अतिशय खेद की बात है कि कहीं भी श्रीराधाजी के दर्शन नहीं हो रहे हैं। हे प्राणेश्वरी ! इस कष्ट से मेरा हृदय सौ-सौ टुकड़े होकर कब विदीर्ण हो जायेगा ?



था इसी कुंज में कभी हुआ,
राधामोहन का प्रथम मिलन !
प्रियतम के साथ यहीं पर उन,
रसनिधि ने किया मुग्ध नर्तन !!
कर इस प्रकार मैं पुनः पुनः,
तब लीला चरितामृत स्मरण !
अति चकित थकित सी कभी रहूँगी,
श्रीराधे तब वृन्दावन !!
||210||

## भावार्थ

अहा हा ! मोहनांगी श्रीप्रियाजी की नवीन-नवीन रति की कलायें, इसी कुञ्ज में प्रकट हुई थीं तथा रस की सागर स्वरूपा उन श्रीप्रियाजी ने अपने प्रियतम (श्रीलालजी) के साथ इसी स्थल पर नृत्य किया था। हे श्रीराधे ! इस प्रकार अमृत की तरंगों के समान आपके चरित्रों को स्मरण कर-करके, मैं इस श्रीवृन्दावन भूमि में आश्चर्यचकित होकर कब रहूँगा ?



तब सुन्दर बिम्बाधर स्फुरित,
नव सुधा माधुरी सिंधु कोटि
द्रक़कोरों से निःसृत होते,
मन्मथ के तीखे तीर कोटि
वक्षोज युगल अत्यंत प्रमद,
रसकला सार सर्वस्व कोटि
राधे तब पद युग से झरते,
निस्सीम प्रेम पीयूष कोटि
||211||

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! आपके बिम्ब फल के समान लाल-लाल शोभा से युक्त अधरों में नई-नई अमृत माधुरी के करोड़ों समुद्र उमड़ते रहते हैं, आपकी तिरछी चितवन कामदेव के करोड़ों तीव्र और अमोघ वाणों को अद्भुत रूप से विखेरती रहती है, आपके शोभाशाली वक्षोजों में अत्यन्त उन्मादपूर्ण रस की कलाओं के सार सर्वस्व स्फुरित होते रहते हैं एवं आपके चरण-कमलों से असीम प्रेमामृत अखण्ड रूप से निर्झरित होता रहता है।



निस्सीम प्रेम पीयूष मूर्ति,
आनन्दोन्मद नव नव रसघन
श्रीराधा संग रसिक माधव,
हों कुँज तल्प कर रहे शयन
अति मृदुल मृदुल कर से करती,
युग पद पद्मों का संवाहन
उनके पद प्रान्त लुढ़क कर मैं,
कब हो जाऊँगी तन्द्रित तन
||212||

## भावार्थ

निकुञ्ज की शैया पर शयन करते समय, निविड़ आनन्द के उन्माद में घनीभूत रस एवं प्रेमामृत की मूर्त्ति श्रीराधा और, मधुपति (श्रीलालजी) के चरण-कमलों को अत्यन्त कोमलता पूर्वक दबाते-दबाते, क्या कभी मैं शैया के अन्तः भाग में ही लुढ़ककर, निद्रा के वशीभूत हो जाऊँगी ?

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र



राधा पादारबिंद निःसृत,
नव रसद प्रेम पीयूष पुंज
उर में धर मधुर उदार भाव,
कालिंदी कूल निवास कुँज
वृन्दावन वीथी ललित कला,
रति नागरी अनुरागी गंभीर
मानस परिचर्या मग्न कभी,
मैं होऊँगी विस्मृत शरीर
||213||

## भावार्थ

श्रीयमुनाजी के तट पर स्थित कुञ्ज में स्थित होकर, अपने हृदय में परम सुन्दर, अत्यन्त उदार एवं महा मधुर भाव (श्रीराधाकिंकरीभाव) धारण करके तथा श्रीराधा-चरण-कमल से उच्छलित नवीन रसमय प्रेमामृत पुंज से सम्पन्न होकर, उन नागरी श्रीराधा, जो गरिमायुक्त अद्वितीय अनुराग से भरी रहती हैं एवं वृन्दावन की गलियों में रति की ललित कलाओं का प्रदर्शन किया करती हैं, की मानसिक सेवा करता हुआ, मैं अन्य सब कुछ कब भूल जाऊँगा ?



खेलते हुये अत्यंत ललित,
कंदर्प कला क्षण क्षण नवीन
श्री अंक निमेष मात्र को मैं,
नागरमणि के दर्शन विहीन
कब दुःख सागर में पतित देखकर,
हो जाऊँगी मूर्क्षित तन
उनको आश्वासन दे ना सकी,
हो पुनः पुनः यह अनुशोचन
||214||

## भावार्थ

उन नागरमणि (श्रीलालजी) को निमिष मात्र के लिए, श्रीराधा के अंक में न देखकर अथवा उन (श्रीप्रियाजी) के साथ काम की अत्यन्त ललित कलाओं से खेलते हुए न देखकर, उन श्रीप्रियाजी को धीरज बँधाये बिना ही, उसी समय दुःख के सागर में डूबकर मेरे मूर्छित हो जाने की आत्म विस्मृत दशा के सम्बन्ध में, मैं चिरकाल तक पश्चाताप कब करूँगी ? (अर्थात् उस दुःख के समय में, स्वयं सावधान रहकर, मैंने श्रीप्रियाजी की सेवा-सँभाल क्यों नहीं की इस असावधानी की दशा पर कब विचार करूँगी ?)



हे कमलनयनी क्यों वचन मात्र से,
करती हो इनका वारण
अनुगमन तुम्हारा नहीं छोड़ते,
धूर्तराज तो सुनो कथन
क्षण भर किंचित निज कुच तट का,
तुम इनको करवा दो दर्शन
इनके ही दृक पथ से गिरकर,
होगा विचूर्ण इनका मृदु मन
||215||

## भावार्थ

हे कमलनयने (श्रीप्रियाजी) ! इन (श्रीलालजी) को आप बार-बार व्यर्थ ही क्यों रोक रही हो, ये धूर्त्त (श्रीलालजी) कहने मात्र से तो आपका पीछा करना छोड़ते ही नहीं हैं; अतः हे श्रीराधे ! आप इन (श्रीलालजी) को अपने कुच तटी प्रान्त की थोड़ी सी झाँकी दिखा दीजिये, जिससे कि इनका कोमल चित्त, इनके नेत्र मार्ग से, उसमें गिरकर, पूर्णतः चूर-चूर हो जाय।



उन शास्त्रों उन पंथों से क्या,
अपनावे भले सभी सज्जन
जिनमें हैं प्रेममूर्ति श्यामा का,
महिमामृत ना भाव वर्णन
अद्भुत बैकुंठ धाम लक्ष्मी,
पर वहाँ ना श्रीराधा दर्शन
अतएव कोटि जन्मों में भी,
मेरा वांछित श्रीवृन्दावन
||216||

## भावार्थ

हमें उन सुन्दर शास्त्रों से क्या प्रयोजन है तथा उनसे प्रतिपादित एवं साधुजनों द्वारा अपनाये गये मार्गों से भी क्या लेना है, जिनमें प्रेममूर्त्ति (श्रीप्रियाजी) की अमृतमयी महिमा का अभाव है और उनके प्रति भाव भी सर्वथा नहीं है। अहा हा! हमें उस सर्वोत्कृष्ट वैकुण्ठ धाम की शोभा-सम्पत्ति से भी क्या लाभ है, जहाँ पर हमारी श्रीराधा नहीं हैं; किन्तु कोटि-कोटि जन्मों में भी, श्रीवृन्दावन की भूमि में ही, हमारी ऐसी मधुर आशा बनी रहे।



श्याम श्याम अनुपम नामों का,

करती मृदु मृदु उच्चारण

मधुर मधुर उच्च स्वर से,

रह रह कर उठती है गायन

अश्रु बिंदु झरते नैनों से,

सुन्दर जैसे मुक्ताकण

तन पुलक चमत्कृत

श्रीराधा रक्षक हो,

मुझ शरणागत जन

||217||

## भावार्थ

"हे श्याम ! हे श्याम !" - इस प्रकार अनुपम रस से पूर्ण वर्णों का जाप करती हुई, रुक-रुककर अति मधुर एवं उच्च स्वर से उसी नाम का उच्चारण करती हुई, बड़े-बड़े नेत्रों से मोतियों जैसे अश्रु-बिन्दुओं को ढलकाते हुए, रोमांच से भूषित एवं पल-पल में चमत्कार उत्पन्न करने वाली, श्रीराधा हमारी रक्षा करें।



नित्य प्रति श्री ब्रिजपति कुमार
राधे,समस्त बृज जन मोहन
दातों तृणधर कर चरणों में,
गिर कहते हैं बहु विनय वचन
है प्रेममयी वे इस प्रकार,
उद्यम करते तब हेतु मिलन
मैं अपने मन की व्यथा आपसे,
करूँ किस तरह आवेदन
||218||

## भावार्थ

हे प्रणयिनि ! हे श्रीराधे ! मोहन मूर्त्ति व्रजेशनन्दन (श्रीलालजी) मेरे चरणों में गिरकर एवं दाँतों में तिनका दबाकर मुझसे चाटुकारितापूर्ण दीन वचन बोलते रहते हैं और नित्य ही मेरे पीछे-पीछे चलते रहते हैं। ये सब यत्न, वे आपसे उनका सम्मिलन करवाने के लिए किया करते हैं। उस समय के, इस प्रकार के, अपने मानसिक उद्वेग को, मैं आपके सम्मुख कहाँ तक निवेदन करूँ ? (अर्थात् उस समय मैं बड़े असमञ्जस में पड़ जाती हूँ कि इस समय मैं क्या करूँ, क्यों कि मेरे सामने एक ओर तो प्रीतम की असहनीय दौन दशा होती है, तो दूसरी ओर आपके सुख की चिन्ता भी बनी रहती है।)



हंस हंसिनी की विचित्र,
लीला गति का अनुकरण करे
कहीं मोरनी के आगे
नर्तित मयूर अनुसरण करें
कहीं लता से आलिंगित,
नव तरु की वे भंगिमा धरे
श्री वृन्दावन रमणशील,
ये रसिक युगल मनहरण करें
||219||

## भावार्थ

कभी तो लीलापूर्ण गति से चलते हुए हंस-हंसिनी की चाल का अनुसरण करते हैं, कभी किसी मयूरी के आगे नाचते हुए मोर का अनुकरण करने लगते हैं और कभी किसी लता से लिपटे हुए वृक्ष की ज्यों की त्यों नकल करते हैं। अहो ! वे विदग्ध युगल (श्रीप्रियाजी एवं श्रीलालजी) इस वृन्दावन की भूमि में विहार कर रहे हैं।



विकसित नील स्वर्ण अम्बुज छवि,
अंग कांति कर रही हरण
कालिंदी तट शीतल मंद,
सुगंध पवन करती सेवन
नव नव केलि कला विकसित,
कर मधुर मधुर आनंद सघन
प्रेमकंद वह ज्योति द्वन्द,
सर्वदा प्रकाशित वृन्दावन
||220||

## भावार्थ

जो अपनी कान्ति से खिले हुए नील कमल एवं स्वर्ण कमल की शोभा को हरण करने वाला है, जो श्रीयमुनाजी की शीतल एवं सुगन्धित वायु का सेवन कर रहा है, जो सघन आनन्द की मूर्त्ति है, जो नई-नई रसमयी केलि की कलाओं को उल्लसित करने वाला है एवं मधुरातिमधुर प्रेम का मूल कारण है; ऐसा ज्योतिर्युगल प्रकाशित हो रहा है।



कभी मृदुल स्वर सारी को,
रसमय पद्यों का अध्यापन
करताली दे कभी मयूरों से,
करवाता रस नर्तन
कनकलता आलिंगित तरु,
तमाल लीला घन रसिक मिथुन
परम विदग्ध नित्य विलसित,
सर्वदा सुखद श्रीवृन्दावन
||221||

## भावार्थ

कभी तो मधुर स्वर वाली मैनाओं को निज रस के पद्यों को पढ़ाते हुए, कभी अपने हाथ से ताली बजा-बजाकर मोरों को नचाते हुए और कभी कनक लता से लिपटे हुए तमाल वृक्ष के अनुकरण की लीला को, धन की तरह सर्वस्व मानते हुए, वह चतुर युगल वृन्दावन में अद्भुत रूप से प्रकाशित हो रहा है।



पत्रावली ललित कपोल पटल,
नयनाम्बुज काजल रंग अधर
पादांगुलियों में यावक रस,
केसर का लेपन कुच युग पर
नव संगम चपलें श्रीराधे,
नख शिख सर्वांग सुसज्जित कर
कब मैं कृतार्थ हो पाऊँगी,
कर प्रस्तुत तुम्हें अनंग समर
||222||

## भावार्थ

नव संगम के लिए आतुर चित्त वाली हे श्रीराधे ! आपके कपोलों पर सुन्दर पत्रावली की रचना करते हुए, कमल जैसे नेत्रों में काजल लगाते हुए, बिम्ब फल के समान अरुण अधरों में रंग भरते हुए, दोनों कुचों पर केशर का लेप करते हुए एवं चरणों की अँगुलियों में प्रीति पूर्वक महावर लगाते हुए, मैं कब पूर्ण मनोरथा होऊँगी ?



कर बहुत प्रयत्न किया तुमने,
गोवर्धन एक मात्र धारण
डर जाओगे राधा उर पर,
युग स्वर्ण शैल के कर दर्शन
अतएव व्यर्थ मत करो गर्व,
तुम मेरी बात सुनो मोहन
श्रीराधे प्रियतम से कब यों,
कह पाऊँगी परिहास वचन
||223||

## भावार्थ

"हे गोपेन्द्रकुमार (श्रीलालजी) ! आपने तो बहुत प्रयत्न से केवल एक गोवर्द्धन पर्वत को ही अपने हाथ पर उठाया था, श्रीराधा के शरीर में तो स्वर्ण के दो पर्वत हैं, जिन्हें देखते ही आपको भय लगने लगेगा; अतः आप व्यर्थ में गर्व मत करो।" - हे वृषभानुनन्दिनी (श्रीप्रियाजी)! मैं आपके प्रीतम (श्रीलालजी) से इस प्रकार परिहास करते हुए कब सम्भाषण करूँगी ?



हो रहा जहाँ कल किंकिणी ध्वनि का,
विजय घोष मंगल मनहर
कुच ताड़नादि वर नख प्रहार,
संयुत माधक मधुपान अधर
अति नवल नागरी नवकिशोर का,
मधुर महोत्सव अति रसभर
मंजुल नव कुंज भवन प्रांगण,
शोभामय जयति अनंग समर
||224||

## भावार्थ

अहा हा! निकुञ्ज भवन के सुन्दर आँगन में चतुर नागरी (श्रीप्रियाजी) एवं नव किशोर (श्रीलालजी) के मध्य सुरत-संग्राम का उत्सव विस्तार को प्राप्त हो रहा है, जहाँ पर किंकणी की ध्वनि, काम पर विजय प्राप्त करने का मंगल-गान कर रहे नगाड़े की भाँति लग रही है, स्तन आदि के स्पर्श पर दोनों के बीच हो रही कहन-सुनन रूपी श्रेष्ठ डाँट-फटकार, एक दूसरे को ताल ठोकने के शब्द के रूप में सुनायी पड़ रही है तथा नखों एवं दातों के निशान, घात-प्रतिघात के रूप में दिखाई पड़ रहे हैं।



युवती युवकों के हाव भाव का,
कहीं क्षणिक कर अवलोकन
दीक्षित से हुए नयन सचकित,
आवृत कर लिए सुरत्न स्तन
सारूप्य महा संचित करती सी,
विश्व विमोहन मन मोहन
ब्रज नवल किशोरी मणि राधा,
हैं खेल रहीं वृषभानु भवन
||225||

## भावार्थ

युवक एवं युवतियों के मध्य में होने वाले, भय एवं लज्जा से भरे हुए, नट-कला जैसे रति भाव प्रदर्शन को देखकर, जिन्होंने अपने नेत्रों को इस नट-कला से दीक्षित किया है तथा महा रत्नों के कोष रूपी स्तन मण्डल वाले वक्षस्थल को, अपने आँचल से, चकित भाव से, ढँक लिया है; संसार को विमोहित करने वाले रूप और लावण्य का संचय करती हुई, मुग्धा बालाओं की शिरोमणि, कोई अनिर्वचनीया श्रीराधा, वृषभानु के भवन में, सखियों के साथ खेल रही है।



युग ज्योति पुंज मंडलाकार,
इनके वक्षः स्थल पर शोभित
ये तो केवल दर्शन से ही,
कर रहे हृदय को उन्मादित
जब बिना कटाक्ष बाण के ही,
भ्रू चाप कर रहा हरण प्राण
इसके आगे फिर क्या होना,
हे उस भावी का किसे ज्ञान
||226||

## भावार्थ

आश्चर्य है कि इन अज्ञात यौवना श्रीराधा के वक्षस्थल पर सुशोभित, मण्डलाकार ये दो ज्योति-पुंज, अभी ही हृदय को उन्मत्त बना रहे हैं, तो फिर आगे क्या फल देंगे (अर्थात् यौवन श्री से सम्पन्न होने पर क्या करेंगे); इसी प्रकार कुटिल कटाक्षों के अमोघ वाणों का संयोग प्राप्त किये बिना ही, ये भौंह रूपी धनुष, प्राणों का हनन कर रहे हैं, तो भृकुटि विलास युक्त होने पर, इससे अधिक क्या होगा, ये मैं नहीं जानता।



हे सुबल सुदामा श्रीदामा,
अर्जुन इत्यादि सुहृद परिजन
तुमने देखा क्या कुंजों में,
जा सके न मेरे चकित नयन
अपने लावण्य प्रवाहों से
आप्लावित सी करती त्रिभुवन
कोई देवी कर गयी
दूर से ही मेरा सर्वस्व हरण
||227||

## भावार्थ

हे श्रीदामा, सुबल, वृषभ, स्तोक कृष्ण, अर्जुन आदि सखाओ ! मेरी चकित दृष्टि तो कुंज के भीतर जा ही नहीं पाई, अपने लावण्य के प्रवाह में, सम्पूर्ण भुवनों को डुबा देने वाली, किसी अनिर्वचनीय देवी ने, दूर से ही, तुम्हारे प्रिय सखा मुझ कृष्ण की सम्पूर्ण वस्तुओं का हरण कर लिया है। क्या तुम सबने भी ये देखा है?



गौएँ अति दूर गयी दिन भी,
रह गया मात्र बस एक प्रहर
हम तुन्हें छोड़ कैसे जावें,
जननी हैं राह देखती घर
तब अकस्मात् इस मौन सजल,
दृग दीन वदन भू लुंठन पर
हम प्राण नहीं रख पाएँगे,
हे श्याम सुजान उठो सत्वर
||228||

## भावार्थ

गायें दूर निकल गई हैं, दिन भी चतुर्थांश शेष रह गया है, हम लोग भी आपको छोड़कर नहीं जा सकते और तुम्हारी माताश्री की आँखें भी तुम्हारे आने की प्रतीक्षा में बाट देख रही होंगी; किन्तु इस प्रकार तुम्हारे अचानक ही चुप हो जाने, नैनों के अश्रुपूरित होने तथा म्लान मुख होकर भूमि में लोटने के कारण, हम सब भी अपने प्राणों को धारण करके नहीं रह सकते हैं।



नासाग्र नवल मुक्ता सुरुचिर,
कनकोज्जवल अतिशोभायमान
नव नव अनंग भंगिमा ललित,
लीला तरंग की तुम निधान
बहु रत्नावली चित्र अंकित,
कंचुकी अलंकृत अपरिमान
राधे उरोज युग की छवि से,
तुम मुग्ध करो बृजमणि सुजान
||229||

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! नासिका के अग्र भाग में स्वर्ण से भी उज्ज्वल, सुन्दरतम एवं नवीन बेसर को धारण किये हुए तथा भावों को अभिव्यक्त करने की अनेकानेक चेष्टाओं से युक्त, काम के रंग में रंगे हुए विलासों की लीलामयी तरंगों से सुशोभित तथा रत्नों की छटाओं के समूह से युक्त, चित्र-विचित्र बनी हुई एवं ऊपर की ओर उठी हुई, कंचुकी से ढके हुए उरोजों की शोभा से, आप व्रजमणि (श्रीलालजी) को सब प्रकार से प्रलोभित करो।



हाँ देख रही दृग कोरों से,
कर नहीं देखने का निश्चय
फिर वहीं चले जाओ कहती,
लेकर के सुदृण मौन आश्रय
छूने का नहीं विचार किन्तु,
कर कमल पकड़ करती बाहर
वह मान दशा श्रीराधा की,
कब देखूँगी मैं हंस हंस कर
||230||

## भावार्थ

आश्चर्य है कि प्रियतम (श्रीलालजी) की ओर न देखने का निश्चय करके भी, आप अपने नेत्रों के कोणों से उन्हें चिरकाल तक देख ही लेती हैं, मौन व्रत रहनेका दृढ़तापूर्वक आश्रय लेने पर भी, 'उसी के पास जाओ' - इस प्रकार कह उठती हैं एवं स्पर्श न करने का सुदृढ़ विचार करके भी, उनके दोनों हाथ पकड़कर, उन्हें कुञ्ज से बाहर निकाल देती हैं। श्रीराधा की ऐसी मानदायिनी स्थिति को मैं हँसते हुए कब देखूँगी ?



सिर शोभित
मोरमुकुट चंचल,
प्रमदा विरचित
श्रुतिकुण्डलवर
उर दीप्त गुंज मालाधारी,
अपनाये मुझे रसिक शेखर
||231||

## भावार्थ

जो अथाह रस से भरे हुए, श्रीराधा के हृदय रूपी सरोवर के हंश हैं, हाथ में सुशोभित वंशी के स्रोतों से निकलने वाले श्रीप्रियाजी के अमृतमय गुणों से जिनका रोम-रोम तथा प्रत्येक इन्द्रिय प्रतिक्षण आसक्त बनी रहती है, जिनके सिर पर चंचल मोर मुकुट, कानों में श्रीप्रियाजी अथवा किसी सखी द्वारा सुरचित कानों के आभूषण एवं गले में प्रकाशमान गुंजाओं की माला सुशोभित है; वे रसिक शेखर (श्रीलालजी) ही मुझे मिलें।



वे अकस्मात ही किसी एक का
करते हैं वस्त्राकर्षण
दूसरी किसी के केश पाश को,
मुरली से छूते क्षण क्षण
फिर अन्य किसी का कर ग्रहण,
पर राधा पद पंकज लुंठन
ब्रजपुर गलियों में इस प्रकार,
लम्पट मणि करते सदा भ्रमण
||232||

## भावार्थ

अचानक किसी एक गोपी के नवीन वस्त्र को खींचते हैं, तो किसी दूसरी गोपी के केशपाश को मुरली से स्पर्श करते हैं तथा किसी अन्य गोपी के हाथ को ही पकड़ लेते हैं; किन्तु श्रीराधा के चरण कमलों के मूल में नित्य गिरते ही रहते हैं। इस प्रकार व्रजपुर की गलियों में, वे महा लम्पट शिरोमणि घूमते रहते हैं।



रतिचोर किसी का अन्य किसी के,
चकित वदन कर कुच धारण
फिर अन्य किसी की कबरी स्थित,
मल्लिका वेणु से कर कर्षण
पुलकित भुज लता किसी की धर,
देता औरों को मिलन वचन
जानती भली विधि अतिलम्पट,
करता राधा पद तल लुंठन
||233||

## भावार्थ

किसी एक गोपी के साथ लुक-छिपकर ही प्रेम करते हैं, किसी अन्य के स्तन पर चकित भाव से हाथ रखते हैं, किसी अन्य सुन्दर युवती की वेणी में लगी चमेली की माला को वेणु के द्वारा खींचते हैं, किसी अन्य की रोमांचित भुजलता को अपने ऊपर रख लेते हैं तथा किसी अन्य को अपने साथ किसी एकान्त कुञ्ज में मिलने का संकेत करते हैं; किन्तु श्रीराधा के चरणों में केवल लोटते ही रहते हैं। मैं ऐसे उस महा लम्पट को अच्छी तरह से जानती हूँ।



धर प्रिया स्कंध
रोमांचित कर,
हरि गजगति करते
कभी भ्रमण
फिर मधुकर गुंजित
केलिकुंज में,
नव नव सुरत
कला शिक्षण
||234||

## भावार्थ

आश्चर्य है कि श्रीहरि (श्रीलालजी) कभी तो श्रीप्रियाजी के कन्धों पर अपनी रोमांचित भुजाओं को रखकर, मदोन्मत्त गजराज की भाँति, अद्भुत गति से, श्रीवृन्दावन में भ्रमण करते रहते हैं और कभी भौंरों की गुंजन से गुंजारित, एकान्त कुञ्ज में, अपनी अति विचित्र सुरत-शिक्षा को प्रकट करते हुए, खेलते रहते हैं।



सृजनादि वार्ता रही दूर,
अपने भक्तों का भी न ध्यान
सुहृदों से मिलन न पितृवर्ग के ,
स्नेह मान का रहा भान
केवल अगाध माधुर्य सुधा,
रस सिंधु मात्र का उन्हें ज्ञान
अतएव प्रेम सीमा राधा की,
कुंज सदा शोभित सुजान
||235||

## भावार्थ

सृष्टि की रचना-पालन-संहार की बात तो दूर रही, श्रीनारदजी आदि अपने भक्तों का भी किंचित मात्र ध्यान नहीं करते, श्रीदामा आदि सुहृदों से भी नहीं मिलते तथा अपने पितृ वर्ग माता-पिता आदि से भी स्नेह की वृद्धि नहीं करते; किन्तु प्रेम की एकमात्र सीमा एवं अत्यन्त गंभीर मधुर रसामृत सागर की सार स्वरूपा, श्रीराधा को ही जानते हुए, मधुपति (श्रीलालजी) निरन्तर कुञ्ज वीथियों की ही उपासना किया करते हैं।



सुस्वादु सुरस
परिपुष्ट नवल,
इंदीवर वृन्द
सदृश् सुन्दर
राधा उर भूषण
ज्योति पुंज,
आनंदित श्री वृन्दावन घर
||236||

## भावार्थ

अत्यन्त स्वादिष्ट तथा मधुर रस से अत्यधिक भरी हुई, नील कमलों के समूह के समान सुन्दर एवं श्रीराधा के उरोजों की भूषण स्वरूपा, कोई अनिर्वचनीय ज्योति (श्रीलालजी), वृन्दावन में आनन्दित हो रही है।



नव शोभामयी चन्द्रिका सी,
अद्भुत ललनामणि गण भूषण
मुक्ताफल चारु हार सुन्दर,
अंगच्छवि अधिकाधिक क्षण क्षण
लज्जा विनम्र मुख मधुरस्मित,
कल केलि कलाओं की निधान
कोई परमोज्जवल श्री प्रसन्न करतीं,
हरि को कर आत्मदान
||237||

## भावार्थ

जो प्रतिक्षण नवल रूप में प्रकट होने वाली शोभा रूपी चाँदनी का प्रकाश करने वाली हैं, जो लक्ष्मी आदि सभी से अति अद्भुत वर्ण वाली स्वर्ण कान्ति से युक्त हैं, जिनके अंगों की छवि क्षण-क्षण में बढ़ती रहती है, जो लज्जा से झुकी हुई, मन्द-मन्द रूप से हँसती हुई और विविध लीला-विलासों की छटा से युक्त हैं, जोउज्ज्वल मोतियों से रचित रमणीय हार की सुन्दर कान्ति से सुशोभित हैं; वे कोई अनिर्वचनीय परम उज्ज्वल कान्ति से सम्पन्न श्रीराधा, अपने आत्म समर्पण के द्वारा, अपने अनन्य व्रत से कभी च्युत न होने वाले प्रीतम (श्रीलालजी) को प्रसन्न कर रही हैं।



श्री कृष्ण चित्त अपहरण कुशल,

नारद अज शिव शुक अति अगम्य

अद्भुत रहस्य हैं यहाँ एक,

वृन्दावन वंजुल कुंज रम्य

||238||

## भावार्थ

जो नारदजी, ब्रह्माजी, शंकरजी और शुकदेवजी आदि से अगम्य हैं, वह श्रीकृष्ण (श्रीलालजी) के चित्त को चुराने में एकमात्र चतुर, कोई अनिर्वचनीय रहस्य (श्रीप्रियाजी), श्रीवृंदावन की मनोहर अशोक कुंज में विराजमान है।



श्री लक्ष्मी के न नयन गोचर,
हरि सखा वृन्द अज्ञात स्वाद
विधि नारद शिव स्वायम्भुव को,
जो प्राप्त नहीं दुर्लभ प्रसाद
वृन्दावन नवल नागरी गोपी,
भावाश्रित जन मात्र सुलभ
राधा माधव का सरस दास्य,
हो प्राप्त मुझे अतीव दुर्लभ
||239||

## भावार्थ

जो लक्ष्मीजी के मन, वाणी और इन्द्रियों से दूर की बात है, जो प्रभु (श्रीलालजी) के सखागणों को भी प्राप्त नहीं है, जो ब्रह्माजी, नारदजी, शंकरजी और सनकादिकों के लिए भी सम्भावनीय नहीं है जो वृन्दावन की नागरी गोपियों के भाव (श्रीराधार्किंकरीभाव) से ही प्राप्त होता हैं; श्रीराधा-माधव (श्रीप्रियाजी एवं श्रीलालजी) के, उस ऐकान्तिक दास्य रूपी उत्सव का अधिकार, मुझे कैसे प्राप्त हो ?



उच्छिष्टामृत तब भोजन लीला,
चरितामृत नित्य श्रवण
तब पादाम्बुज रज रस स्मरण,
नित्य प्रति कुञ्जालय विचरण
रसमय तब मधुराकृति दर्शन,
नव नित्य गुणावली का गायन
मन वचन कर्म रस दे राधे,
मैं मात्र तुम्हारा आश्रित जन
||240||

## भावार्थ

हे रस को देने वाली श्रीराधे ! तुम्हारे अमृततुल्य उच्छिष्ट (जूँठन) का भोजन करती हुई, तुम्हारे ही चरित्रों को सुनती हुई, तुम्हारे ही चरण-कमलों की रज का स्मरण करती हुई, तुम्हारे ही कुञ्ज-भवनों में विचरण करती हुई, तुम्हारे ही दिव्य गुणों का गायन करती हुई एवं तुम्हारी ही मूर्त्ति का दर्शन करती हुई, मैं शुद्ध तन, मन और वाणी से, केवल तुम्हारी ही आश्रिता हूँ।



दृग चपल मनोहर मीन युग्म,
विद्रुम मणि सुन्दर अरुण अधर
कंदर्प तरंगित श्रोणि द्वीप,
करि शावक कुम्भ उरोज सुघर
गंभीर नाभि आवर्त सरस,
श्री कृष्ण प्रणय रस की सागर
मैं राधा पद परिचर्या की,
योग्यता ढूँढतीं निशि वासर
||241||

## भावार्थ

जो श्रीहरि (श्रीलालजी) के लिए प्रेम रूपी अमृत के अत्यन्त सघन एवं विशाल सागर स्वरूपा हैं, जिसमें उनके दोनों नेत्र ही मछलियों की भाँति खेल रहे हैं, उनके अधर ही विद्रुम मणि की तरह चमक रहे हैं, उनका भारी कटि-प्रदेश ही द्वीप सदृश दिखाई पड़ रहा है, उनके उरोज ही उमंग भरे कामदेव रूपी हाथी के बच्चों के गण्डस्थलों जैसे लग रहे हैं एवं उनकी नाभि ही गंभीर भँवर के समान प्रतीत हो रही हैं; मैं ऐसी सिन्धु स्वरूपा श्रीराधा के चरण-कमलों की परिचर्या करने की योग्यता का अन्वेषण करती हूँ।



माला गूँथन चन्दन घर्षण,
मोदक विधि मार्जन
कुञ्ज देश
प्रेमारति विवश
स्वामिनी कभी,
देंगी प्रिय परिचर्या निदेश
||242||

## भावार्थ

श्रीवृन्दावन की एकान्त स्थलियों में, प्रेम की पीर के अतिशय मात्रा में उदित होने से विवश स्वामिनी श्रीराधा, माला गूँथने की शिक्षा देकर, धीरे-धीरे चन्दन घिसने का आदेश प्रदान करके, मोदक आदि बनाने की अद्भुत विधियों से परिचित कराकर, कुञ्ज के भीतर झाड़ू-बुहारी एवं उसकी साज-सज्जा करने की आज्ञा देकर तथा ऐसी ही विविध सेवाओं को मुझ दासी द्वारा कराकर, अपने प्रियतम को भलीभाँति कब प्रसन्न करेंगी ?



प्रेमाम्बुधि रस उल्लसित तरुणिमा,
समारंभ गंभीर नयन
भंगिमा सहित मृदु मधुरस्मित,
पियूष रश्मि श्री लसित वदन
कंदर्प कलानिधि श्रीराधा,
सुखधाम सुशोभित वृन्दावन
प्रियतम के अंक स्थित नव नव
कौतुक रत विलसित कुञ्ज भवन
||243||

## भावार्थ

प्रेम-समुद्र के रस से उल्लसित यौवन के आरम्भ के कारण, जिनकी दृष्टि गम्भीर बन रही है, अनेक प्रकार की भंगियों के साथ, मन्द-मन्द मुसकान की अमृतमयी नवीन चाँदनी से, जिनका श्रीमुख व्याप्त हो रहा है; काम की कलाओं की निधि स्वरूपा वे श्रीराधा, शोभा सम्पन्न सुखधाम वृन्दावन की सीमा के अन्तर्गत प्रियतम (श्रीलालजी) की गोद में रति के आश्चर्यजनक खेलों को खेल रहीं हैं।



उज्जवल प्रेम विलास विभव निधि,
नव किशोरवय शोभा की निधि
वैदग्धि मधुरांग भंगिनिधि,
रूप लावण्यता श्री सम्पद निधि
रसनिधि नव नव केलि कला निधि,
एकमात्र सौंदर्य सुधा निधि
श्री राधा वृषभानु भवन निधि,
जयति श्याम सर्वस्व प्राणनिधि
||244||

## भावार्थ

शुद्ध प्रेम के विलासों रूपी वैभव की निधि, किशोरावस्था की शोभा निधि, चतुरता से भरी हुई मधुर-मधुर अंग-भंगिमाओं का निधि, लावण्य रूपी सम्पत्ति की निधि, महा रस की निधि, काम की लीलाओं की निधि, अमृतमय सौन्दर्य की एकमात्रनिधि एवं मधुपति (श्रीलालजी) की प्राणदायिनी निधि श्रीराधा की जय हो।



नव नीलेंदी वर वृन्द कांति,
लहरी के चोर किशोर युगल
ये कौन यहाँ अतिशय मोहक है,
छिपे तुम्हारे वक्ष स्थल
तुम मुझको अपनी सखी करो,
ये करें हमारा आलिंगन
छाया विमुग्ध प्रिय देख प्रियास्मित,
करें हमारा संरक्षण
||245||

## भावार्थ

"हे प्रिये ! आपके इन युगल कुचों में, नील कमलों के समूह की आभा की तरंगों को चुराने वाले तथा अपने रूप से सम्मोहित करने वाले, ये दोनों किशोर कैसे चमक रहे हैं, इसलिए अब आप मुझे अपनी सखी बना लीजिये, जिससे ये दोनों किशोर, हम दोनों युवतियों का गाढ़ आलिंगन करेंगे।" - इस प्रकार अपनी परछाँई को देखकर, हरि (श्रीलालजी) के मोहित होने पर, श्रीराधा का मन्द-मन्द रूप से हँसना, हम सभी की रक्षा करे।



कौस्तुभ मणिगत प्रतिबिंब देख,
सुरतोत्सव में प्रियतम के उर
यह कौन सुंदरी यहाँ बसी है?
मुझसे भी आकार मधुर
“अन्यायी” कह प्रिय कर विमुक्त,
अतिरौष शोक के वश बाहर
सखियों से साश्रु निवेदन कब,
राधिके सुनुँगी विस्मय भर
||246||

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! अत्यन्त उत्साह के साथ प्रियतम (श्रीलालजी) से मिलकर भी, प्रीतम के हृदय में सुशोभित कौस्तुभमणि में अपनी जैसी मधुर आकृति वाली परछाँई को देखकर, क्रोध के आवेश से शोक को प्राप्त होकर, प्रियतम के हाथ को दूर हटाकर एवं उन्हें 'अन्यायी' - ऐसा कहते हुए बाहर चले जाने पर, आपके द्वारा सख्य भाव से सखी से कही गई, शास्त्रों में कही गई न्याय सम्बन्धी बातों को, क्या मैं सुनूँगी ?

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र



मणिमाला कुसुम
समूह रचित,
रस राज महीपति
सिद्धासन
श्यामल मनमोहन
राधे तब,
कब होंगे
केशपाश दर्शन
||247||

## भावार्थ

हे श्रीराधिके ! महा मणियों की श्रेष्ठ मालाओं एवं फूलों से घिरे हुए, महा मरकत मणि के समान कान्ति वाले श्रीलालजी द्वारा गूँथे हुए एवं अपनी शोभा-सम्पत्ति से उन्हें मोहित करने वाले और महा रसराज श्रृंगार रूपी राजा के बैठने के विचित्र एवं सिद्ध आसन जैसे आपके केशपाश को, मैं कब देखूँगी ?



रत्नों की माला से निबद्ध जो,
बीच बीच नव कुसुम रचित
अत्यंत सुवासित लम्बमान,
मल्ली मालाओं से मंडित
वर मणि माणिक्य गुच्छ ग्रंथित है,
पृष्ठभाग में परिशोभित
प्रियतम कर सज्जित वेणी नवल,
राधे कब देखूँगी विलसित
||248||

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! बीच-बीच में फूलों से खचित, रत्नों की माला से अच्छी प्रकार से बँधी हुई, अत्यन्त सुगन्धित और लटकती हुई चमेली की मालाओं से भूषित, निचले सिरे में श्रेष्ठ मणियों से रचित सुखप्रद माणिक्य के गुच्छों से सुशोभित एवं श्रीहरि (श्रीलालजी) के हाथों से रचित, आपकी वेणी को, मैं कब देखूँगी ?



मणि मुक्ताओं से
जटित ललित,
तब कनक पट्ट
सीमंत स्थित
करता उर को
अति आह्लादित,
राधे विज्ञापक
सूरत चरित
||249||

## भावार्थ

अहो ! आपकी (श्रीप्रियाजी की) माँग में, अनेक प्रकार की विचित्र विचित्र भंगियों के विस्तार से चित्त को चमत्कारपूर्ण आनन्द प्रदान करता हुआ, ललित मणि-मुक्ताओं से मनोहर बना हुआ एवं रस के आवेश से कामदेव के सम्पूर्ण मधुर चरित्रों से युक्त, अद्भुत नव कनकपट्ट सुशोभित हो रहा है।



सीमंत स्थित
सिन्दूर रचित,
रेखा करती है
विज्ञापित
अति रुचिर कुटिल
श्यामल छवि को,
राधे हैं द्विधाकरण समुचित
||250||

## भावार्थ

अहो श्रीराधे ! चतुरों के द्वारा अति स्निग्ध एवं अमृत स्वरूप अनुराग रस के प्रवाह से कुटिल और चमकते हुए श्याम केशों को दो भागों में विभक्त करना अथवा श्याम वर्ण श्रीलालजी को द्विविधा (चक्कर) में डालना उचित ही है; मानों इसी बात को हमें समझाने के लिए, माँग में नवीन सिन्दूर से रचित, यह सुन्दर रेखा, सर्वोपरि सुशोभित हो रही है।



मुख शरद सुधाकर के चकोर तब,
पादाम्बुज रस के मधुकर
तुम रस सरसी के चपल मीन,
तब जघन पुलिन के खंजनवर
तुम हो वन की रमणीय भूमि,
हरि नयन हरिण शोभायमान
हो सभी भांति तुम श्री राधे,
प्रियतम की सुखनिधि के समान
||251||

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! उन मधुपति (श्रीलालजी) के नेत्र, आपके अमृतमय किरणों को प्रवाहित करने वाले मुख रूपी चन्द्र मण्डल के चकोर, आपके शोभायमान चरण रूपी कमल के भ्रमर एवं आपकी श्रेष्ठ जघनस्थली रूपी पुलिनस्थली के खंजनहैं। यदि आप रस के सरोवर के समान हो, तो उनके नेत्र उस सरोवर के मीन की तरह हैं तथा यदि आप सुखदेने वाली वनस्थली जैसी हो, तो उनके नेत्र उस वनस्थली में हिरण की भाँति विचरण कर रहे हैं।



कर पुनः पुनः मृदु कर स्पर्श,
प्रति अंग सुशीतल तन पुलकित
हो रहे सघन आनंदामृत रस,
सरवर में माधव मज्जित
वे अद्भुत प्रेममूर्ति पंकज नयनी,
राधा सुअंक विलसित
अति गाढ़ालिंगन उर्ध्व चिबुक
रक्षक हो प्रियतम परिचुंबित
||252||

## भावार्थ

श्रीप्रियाजी के सुखद एवं शीतल अंग-प्रत्यंगों की अपने हाथों से बार-बार स्पर्श करके, घनीभूत आनन्द रूपी अमृतमय रस के सरोवर में निमग्न होते हुए, माधव (श्रीलालजी) की गोद में देदीप्यमान, गाढ़ आलिंगन के कारण जिनका चिबुक कुछ ऊपर उठा हुआ है एवं प्रीतम ने जिनका चुम्बन किया है; वे श्रीराधा हमारी रक्षा करें।



मधुमय राधाप्रिय
सुयश सदा,
रसप्रद राधापति कथा गान
नव निभृत
राधिका रतिवन में,
हों श्रीराधा पद सुधा ध्यान
||253||

## भावार्थ

श्रीराधा की नित्य नवीन एवं एकान्त केलियों के स्थल वृन्दावन में निरन्तर निवास करते हुए, श्रीराधा-प्रिय (श्रीराधावल्लभलालजी) के मधुरातिमधुर यशों का गान करते हुए, श्रीराधापति (श्रीराधावल्ल्भलालजी) की सघन आनन्द एवं नवीनतम रस को देने वाली कथाओं का सदैव श्रवण करते हुए एवं श्रीराधा-पद-सुधा का विवश हृदय से हमेशा ध्यान करते हुए, अपना प्रकट जीवन व्यतीत करना चाहिये।



"श्याम श्याम" इस सुधामधुर,
रसमय सुनाम का जप करती
क्षण क्षण पुलकित प्रेमोत्कंठित,
हो कर ऊँचे स्वर भरती
हे अतिशय उद्विग्न हृदय,
पल भर न कहीं पर टिकता मन
होती हे क्रुद्ध दिवाकर पर,
राधा रक्षक शरणागत जन
||254||

## भावार्थ

"हे श्याम ! हे श्याम !" - अमृतमय रस को प्रवाहित करने वाले इन अक्षरों को जपती हुई, दूसरे ही क्षण प्रेम की उत्कंठा से रोमांचित होकर, उसी नाम का उच्च स्वर से उच्चारण करती हुई, अत्यन्त दुःख के कारण, सभी जगहों से उचटे हुए मन वाली, दिन की समाप्ति की आकाँक्षा करते हुए, सूर्य के प्रति अत्यन्त क्रोध से भरी हुई, श्रीराधा हमारी रक्षा करें।



प्रियतम की रति कला पूर्ण,
वैभव का करती कभी गान
कभी प्रेष्ठ के संग विगत,
भावी विलास का कभी ध्यान
छोड़ो छोड़ो बस रहने दो,
यों मधुर मुग्ध करतीं प्रलाप
इस भांति दिवस यापन करतीं,
राधे शरण्य हों सदा आप
||255||

## भावार्थ

कभी प्रियतम (श्रीलालजी) की प्रीति की कलाओं की वैभवपूर्ण रीति का गान करती हुई, कभी उनके संग भविष्य में होने वाले विलास का ध्यान करते हुए "बस छोड़ो, छोड़ो" - इस प्रकार का मधुर और मनोहारी प्रलाप करते हुए, दिन को व्यतीत करती हुई, श्रीराधा हमें इस जीवन में, कब आनन्दित करेंगी ?



ब्रज ललनामाणि सर्व शिरोमणि,
जो सर्वस्व सहचरी गण
जिनके पद पंकज की शोभा,
तुम्हें प्राणप्रिय वांछित धन
श्रीगोविन्द प्रार्थना मेरी तुमसे,
पुनः पुनः प्रतिक्षण
अनुपम राधा रस सेवा में,
करो नियुक्त किंकरी गण
||256||

## भावार्थ

हे गोविन्द (श्रीलालजी) ! मैं आपसे बार-बार यही प्रार्थना करता हूँ कि व्रज की श्रेष्ठ वधूटियों की सिरमौर (श्रीप्रियाजी), जिनके चरण-कमल की शोभा आपको अपने कोटि-कोटि प्राणों से भी अधिक परम प्रिय है; वे श्रीराधा मुझे अपने नित्य नवीन रस से पूर्ण एवं अद्भुत कैंकर्य के द्वारा अपनी स्वीकार करें।



द्रवित सुवर्ण सदृश्य पीताम्बर,
सिर पर मोर मुकुट शोभन
नील कमल सम अंग कांति करतीं,
किशोर मैं उर धारण
अतः प्रसन्न सुखमयी राधा,
अपनायें कर दासी जन
अविवेकी को सदा अगोचर,
सुलभ सदा सहृदय सज्जन
||257||

## भावार्थ

"अहा हा! सामान्य जनों की दृष्टि से जिनका स्वरूप अत्यन्त दूर है, वे सुखमयी श्रीराधा, मेरे द्वारा श्रीलालजी का ध्यान किये जाने वाले कृत्य से प्रसन्न होकर, मुझे अपनी कैंकर्य पदवी प्रदान करें।"- इस बात को हृदय में रखकर, द्रवीभूत स्वर्ण के समान पीत वस्त्रों को धारण करने वाले, सिर पर मोरमुकुट धारण करने व्राले एवं नील कमल के समान कामि वाले, किशोर (श्रीलालजी) कन मैं ध्यान करती हूँ।



ध्यान मयूर मुकुट धारी का,
नित्य नाम का संकीर्तन
पद पंकज परिचर्या प्रतिदिन,
मंत्रराज जप युक्त भजन
परम अभीष्ट प्रिया पद सेवा
करूँ सर्वदा उर धारण
कब उनकी अनुकंपा से होऊँगी,
अनुरागिणी चरण
||258||

## भावार्थ

अहर्निशि उन मोरमुकुट को धारण करने वाले श्रीलालजी का ध्यान करताहुआ, निरन्तर उनके नामों का संकीर्त्तन करता हुआ, नित्य उनके चरण-कमलों की सेवा करता हुआ, उनके मन्त्रराज ' श्रीराधा' नाम का जप करता हुआ तथा परम अभीष्ट श्रीराधा-पद-दास्य को ही अपने हृदय में धारण करता हुआ, उनकी कृपा से प्रकट हुए, परम अद्भुत एवं उत्सव जैसे उत्साह से पूर्ण अनुराग से सम्पन्न, मैं कब बनूँगा?



श्री राधा रसिकेन्द्र रूप गुण,
संयुत गीतावली का गान
गुंजाहार मयूर मुकुट का,
नित्य निवेदन कर निर्माण
श्याम सुभग प्रेषित माला,
गंधादि नित्य आदान प्रदान
तब पदाब्ज नख छठा सुधासर,
कब होगा मन मीन समान
||259||

## भावार्थ

श्रीराधा और रसिकेन्द्र (श्रीलालजी) के रूप एवं गुणों का वर्णन करने वाले गीतों का गान करता हुआ, उनके सम्मुख गुञ्जाओं के सुन्दर हार तथा मोरमुकुट आदि समर्पण करता हुआ एवं श्रीश्याम (श्रीलालजी) द्वारा भेजी हुई सुपारी, माला और इत्रादि से आपको सम्यक् प्रकार से प्रसन्न करता हुआ, आपके चरण-कमल की नख-छटा रूपी रस-सरोवर में, मैं कब निमग्न हो जाऊँगा ?



वे निगम अगम्य
कहाँ राधा,
कुच कमल कृष्ण
एकांतवास
अति तुच्छ अधम
मैं जीव कहाँ,
प्रस्फुरण नाम
श्रीवन विलास
||260||

## भावार्थ

कहाँ तो वैदिक पद्धति से अप्राप्य वह श्रीराधा, कहाँ उनके कुच-कमलों के मध्य में एकान्त निवास करने वाले कृष्ण (श्रीलालजी) और कहाँ मैं अत्यन्त अधम, निन्दनीय कर्म करने वाला तुच्छ प्राणी; आश्चर्य है कि इतने पर भी उन श्रीराधा का नाम, जो मेरे हृदय में स्फुरित हो रहा है, यह श्रीवृन्दावन की ही महिमा है।



मैं रसिक शिरोमणि विलासिनी,
राधा का करती हुयी ध्यान
वृन्दावन में तन त्याग करूँगी,
नित्य निकुंजालय प्रयाण
नूतन रसललित कला कोमल,
उन प्रेममूर्ति की आश्रित बन
श्रीराधा पद माधुरी सीम,
पाऊँगी कभी किंकरी तन
||261||

## भावार्थ

श्रीवृन्दावन में रसिक तिलक (श्रीलालजी) के साथ क्रीड़ा विलासों को करने वाली, रस की नवीनतम एवं कोमल कलाओं से पूर्ण तथा प्रेम की मूर्त्ति श्रीराधा का ध्यान करता हुआ, अपने इस शरीर को त्यागकर, मैं किस प्रकार सुगन्धि और माधुर्य की सीमा स्वरूप, श्रीराधा के चरण-कमलों की दासी होऊँगा ?



हा कालिंदी हे तुम्हे स्मरण,
तुममें ही करवाते प्रतिदिन
प्रियतम प्राणप्रिया को मज्जन,
हे अद्भुत दिव्य लता तरुगण
तुम उनके कर स्पर्श भाजन,
हे राधा रतिग्रह शुक सारी
हे मृगों मयूरों बार बार
हे नमस्कार कर कृपा बताओ,
कहाँ प्राण जीवनाधार
||262||

## भावार्थ

हे श्री यमुने ! मेरी निधि स्वरूपा (श्रीप्रियाजी) को प्रीतम (श्रीलालजी) ने आपके जल में नित्य स्नान कराया है। हे दिव्य और अद्भुत वृक्षो व लताओ ! आप सब उन श्रीप्रियाजी के हाथों का स्पर्श प्राप्त करने वाले हो। हे श्रीराधा के शैया भवन के शुको ! हे मृगो ! हे मयूरो ! मैं आप सबको बार-बार प्रणाम करते हुए, आपकी कृपा प्राप्ति के लिए, आपसे प्रार्थना करता हूँ।

श्रीमद्राधासुधानिधिस्तोत्र



राधा कुच कलश
ललित केसर,
नीलाम्बुज छवि
प्रवाह विलसित
श्रीकालिंदी
सर्वदा करें,
मम मंद हृदय को
आलोकित
||263||

## भावार्थ

अहा हा ! जो जल-क्रीड़ा के आवेश से धुलकर छूटी हुई एवं अनुपम प्रेम-रस को देने वाली, श्रीराधा के कुच-कलशों में लगी केशर को बहाती रहती है तथा जिसकी कान्ति खिले हुए नील कमल के समान है; वह यह श्रीयमुनाजी, मेरे इस मन्दीभूत हृदय को, सदा प्रकाशित करें।



जो क्रूर महापापी अयोग्य,
सज्जन के दर्शन संभाषण
सबका वास्तविक स्वरुप देख,
आराध्य बुद्धि हो मेरे मन
अद्भुत महिमामय मधुर धाम,
पाकर संगति श्रीवृन्दावन
होते वे भी योगीश दृश्य,
संमूर्ति सरस आनंद सदन
||264||

## भावार्थ

जो व्यक्ति क्रूर हैं, पापी हैं और सज्जनों के साथ बातचीत तथा दर्शन के योग्य भी नहीं हैं, वे सभी अद्भुत महिमा वाले मधुर सत् स्वरूप वृन्दावन में निरन्तर निवास करने के लाभ को प्राप्त करके, श्रेष्ठ योगीन्द्रों के लिए भी दर्शनीय, सघन रस के दाता और आनन्द की एकमात्र श्रेष्ठ मूर्त्ति हो जाते हैं; उन सबको तत्व रूप में देखकर, उनमें मेरी परम आराध्य बुद्धि रहती है।



श्री राधा किंकरी भाव भावित,
को जो सम्यक गोचर
उनकी अनुकम्पा स्पर्श बिना,
साधन समस्त हैं आडम्बर
जो महापापियों को भी मज्जित,
कर देती प्रेमामृतसर
अद्भुत वृन्दावन की महिमा,
आलोकित हो मम उर अंतर
||265||

## भावार्थ

जो श्रीराधा के चरणों के प्रति अपने हृदय में किंकरी का भाव रखने वालों को ही सम्यक् प्रकार से दृष्टिगोचर हो सकता है, जो उन श्रीराधा की कृपा के प्राप्त हुए बिना, कभी भी हृदय में ध्यान का विषय नहीं हो सकता है एवं जो एकमात्र पाप के ही पात्र हैं, ऐसे घोर पापियों को भी अमृतमय प्रेम-सिन्धु के सार रूप 'रस' का दान करने वाला है; उस श्रीवृन्दावन की गूढ़ातिगूढ़ महिमा मेरे हृदय में स्फुरित हो।



श्री राधा केलि कला साक्षी,
अद्भुत उज्ज्वल रसमय पावन
मैं वास करूँगी वृन्दावन,
होकर प्रेमामृत मत्त मगन
तेजोमय नवल निकुंजों में,
कर निज नयनों को संयोजन
कब तदनुरूप अपना देखूँगी,
कोमल प्रिया किंकरी तन
||266||

## भावार्थ

श्रीराधा की कलापूर्ण केलियों के साक्षी, प्रकट, उज्ज्वल, अद्भुत, रसमय एवं पवित्र वृन्दावन में, एकमात्र प्रेम में उन्मत्त होकर, मैं कब निवास करूँगा? तथा शरीर में स्थित नेत्रादि इन्द्रियों को, तेज युक्त निकुञ्जों में लगाता हुआ, तेजमय राधाकिंकरी भाव के अनुरूप, अपने दिव्य और कोमल राधाकिंकरी वपु को, मैं कब देखूँगा ?



जहाँ जहाँ हो
जन्म हमारा,
नरकों में कि
परम पद में
श्रीराधा रति कुंज मंडली,
सदा सुशोभित हो मन में
||267||

## भावार्थ

नरक में, स्वर्ग में अथवा कर्मों के अनुसार जहाँ-जहाँ मेरा जन्म हो; वहाँ-वहाँ श्रीराधिका के प्रीतिमय विलासों की निकुञ्जों का समूह, मेरे हृदय में विराजमान हो।



परमानन्द सार रस नाम कहाँ,
मैं मूढ़ अल्पमति जन
राधा पद अनुभाव कथा,
निःसृत तथापि ये सुरस वचन
कोमल कुंज पुंज विलसित,
आश्रित वृन्दावन भुवि मंडल
लीलायित श्रीवृषभानुसुता,
पद नख मणि ज्योति छटा निर्मल
||268||

## भावार्थ

कहाँ तो मन बुद्धि मैं और कहाँ परमानन्द का एकमात्र सार 'रस' रूप वाला श्रीराधा का नाम! तथापि श्रीराधा के चरणों के प्रति अनंत मधुर भावों के कथन द्वारा, प्रसार को प्राप्त हुई मेरी वाणी, नित्य नवीन कोमल कुंजों के समूह से सुशोभित, श्रीवृंदावन में संलग्न है और जिसमें नित्य क्रीड़ा परायण प्रेममूर्ति श्रीवृषभानुनंदिनी (श्रीप्रियाजी) के चरणों के नखों की ज्योति की छटा प्रायः विद्यमान है।



बुधजन वेद वचन भगवद,
अन्वेषणीय तब रस वैभव
अपनी अनुकम्पा से सहज,
रचाया तुमने पद्य स्तव
अपराधी सन्मार्ग विरोधी,
किन्तु तुम्हारा आश्रित जन
प्रीती प्रसाद प्रदान करो राधे,
करुणा सुस्निग्ध नयन
||269||

## भावार्थ

हे श्रीराधे ! आपका श्रेष्ठ वैभव श्रुतियों, बुधजनों एवं भगवान के लिए भी खोज का विषय है; किन्तु आपने अपनी कृपा के द्वारा ही, अपने स्तोत्र ग्रन्थ को, पद्यों के द्वारा छन्दवद्ध बनाने के लिए, मुझे सहज ही योग्य बना दिया है। हे स्नेह जल से भींगे हुए नेत्रों वाली ! महत् जनों के द्वारा प्रतिपादित मार्गों के विरुद्ध जाने वाले, अपराधों में सदा लिप्त रहने वाले एवं एकमात्र आपकी आशा रखने वाले, मुझ पर अपनी अनिर्वचनीय प्रीतिपूर्ण दृष्टि डालने की कृपा करें।



हो अपूर्व आनंद
लोभ यदि,
है बुधजन
सहृदय सूजान
वृन्दावनी कर्ण
कलशों से करो,
सुधा निधि सुरस पान!
||270||

## भावार्थ

**ग्रन्थि-फलश्रुति एवं आदेश –**

हे बुधजनों ! यदि आपके चित्त में चमत्कार प्राण अद्भुतानन्दमूलक 'रस' का लोभ हो, तो 'रस (राधा)-सुधा-निधि' नामक इस स्तोत्र को, अपने कानों रूपी कलशों में भरकर, रस का पान करो।

!! “जै जै श्रीवृन्दावनेश्वरी
चरण कमल कृपावलंब जृंभित
श्रीहित हरिवंशचंद्र
गोस्वामिना विरचितं
श्री राधा सुधा निधि स्रोत्रं की
जै जै श्री हित हरिवंश” !!

श्रीहित हरिवंश गोस्वामी रचित श्रीवृंदावनेश्वरी चरण-कमल कृपा से प्रादुर्भूत श्रीराधासुधानिधि स्तोत्र का विश्राम हुआ।

!! श्री ललिता जू की जय !!

!! श्री विशाखा जू की जय !!

!! श्री चम्पकलता जू की जय !!

!! श्री चित्रा जू की जय !!

!! श्री तुङ्गविद्या जू की जय !!

!! श्री इंदुलेखा जू की जय !!

!! श्री रंगदेवी जू की जय !!

!! श्री सुदेवी जू की जय !!

!! समस्त सहचरी वृन्द की जय !!

!! श्री सद्गुरुदेव भगवान की जय !!

Not For Sale / Private Circulation
C&P UNDERTHECOPYRIGHTACT
Designing composing photography, Lakshy Mayank Wadhwani



**Braj Rasik JSR Madhukar Ji**

**Available**

@JSRMADHUKARBrajRasik

- ❖श्री हित चौरासी जु
- ❖श्री केलिमाल जी
- ❖श्री राधासुधा निधि (हिंदी पद्यानुवाद )
- ❖श्री व्यास वाणी जी
- ❖श्री महावाणी जी
- ❖रसिक त्रिवेणी (हरित्रयी)
- ❖ बयालीस लीला
- ❖वृन्दावन शत लीला
- ❖राधा कृपा कटाक्ष
- ❖नित्य पाठ रसोपासना
- ❖गीत गोविन्द
- ❖अभिलाषामृत (राधा बाबा )
- ❖अष्टछाप कवि पदावली
- ❖पद रत्नाकर (भाईजी श्री हनुमान प्रसाद पौद्दार )
- ❖षोडश गीत (भाईजी श्री हनुमान प्रसाद पौद्दार )
- ❖ अन्य रसिक वाणियाँ

*For more details contact:* 9820201461: singerjsrmadhukar@gmail.com